

वायनाड छोड़ूं या रायबरेली, धर्मसंकट है... 12

मोदी के 400 पार वाले दावे की जनता ने निकाली... 05

जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 240
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12
गुरुवार | 13 जून, 2024

कुवैत की इमारत में लगी भीषण आग में कई भारतीयों की मौत

- 5 केरल के, 30 भारतीय जख्मी; इमारत में 160 मजदूर रहते थे
- पीएम मोदी ने जताया दुख, वहां रह रहा कोई अपना तो हेल्पलाइन नंबर से जानें खैरियत
- कुवैत टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक बिल्डिंग में 160 से ज्यादा लोग रह रहे थे
- आग लगने की वजह का अब तक पता नहीं चला है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कुवैत

कुवैत के मंगाफ शहर की एक इमारत में आग लग गई। इसमें 40 भारतीयों के मरने की खबर है। इनमें 5 केरल के रहने वाले थे। हादसे में 30 भारतीयों समेत 50 से ज़्यादा लोग जख्मी भी हुए हैं। हालांकि अब तक 40 भारतीयों की मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हादसे में 30 भारतीयों के जख्मी होने की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि भारतीय राजदूत ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों से मुलाकात की है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक कुवैत के समयानुसार ये हादसा आज सुबह करीब 6 बजे हुआ। सुबह ग्राउंड फ्लोर के किचन में लगी आग तेजी से पूरी इमारत में फैल गई। कई लोग इमारत के अंदर ही फंसे रह गए। आग लगने की वजह का अब तक पता नहीं चला है।

कुवैत सरकार ने बिल्डिंग के मालिक की गिरफ्तारी का आदेश दिया

कुवैत के गृह मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबह ने बिल्डिंग के मालिक को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से रियल एस्टेट मालिक के लालच की वजह से ऐसी घटनाएं होती हैं। ज्यादा किराए के लालच में बिल्डिंग ओनर्स एक ही कमरे में कई लोगों को ठहराते हैं और इमारत की सुरक्षा व्यवस्था नजरअंदाज कर देते हैं।

41 लोगों के मारे जाने की आशंका

बता दें कि कुवैत में श्रमिकों के आवास वाली एक इमारत में बुधवार को लगी भीषण आग में 41 लोगों के मारे जाने की आशंका है। खाड़ी देश से मिल रही खबरों के अनुसार, मरने वालों में कुछ भारतीय भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि आग बुधवार तड़के कुवैत के दक्षिणी अहमदी गवर्नरेट के मंगाफ क्षेत्र में स्थित छह मंजिला इमारत के रसोईघर में लगी। बताया जा रहा है कि इमारत में करीब 160 लोग रहते थे, जो एक ही कंपनी के कर्मचारी हैं। बताया जा रहा है कि वहां रहने वाले कई कर्मचारी भारतीय थे। कुवैत की कुल जनसंख्या में भारतीय 21 प्रतिशत (10 लाख) तथा कार्यबल में 30 प्रतिशत (लगभग 9 लाख) हैं। 'कुवैत टाइम्स' की खबर के अनुसार, कुवैत के गृह मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबाह ने पुलिस को मंगाफ इमारत के मालिक, इमारत के चौकीदार और श्रमिकों के लिए जिम्मेदार कंपनी के मालिक को घटनास्थल पर आपराधिक साक्ष्य कर्मियों की जांच पूरी होने तक गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। घटनास्थल का दौरा करने के बाद मंत्री ने एक बयान में कहा, आज जो कुछ हुआ वह कंपनी और भवन मालिकों के लालच का परिणाम है।

कुवैत टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक बिल्डिंग में 160 से ज़्यादा लोग रह रहे थे। गृह मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ ने बताया कि इमारत में कई लोग अवैध रूप से रह रहे थे। अभी मरने वालों के बारे में पुख्ता जानकारी नहीं है।

बिल्डिंग के मालिक हैं मलयाली केजी अब्राहम

मलयाली मीडिया ऑनमनोरमा की रिपोर्ट के मुताबिक, बिल्डिंग में रहने वाले भारतीय केरल और तमिलनाडु के थे। यह बिल्डिंग हक्क्षष्ट ग्रुप की थी, जो कंस्ट्रक्शन सेक्टर की कंपनी है। इमारत के मालिक मलयाली व्यापारी केजी अब्राहम हैं। केजी अब्राहम केरल के तिरुवल्ला के व्यवसायी हैं। केजी अब्राहम, जिन्हें केजीए के नाम से भी जाना जाता है, केजीए समूह के संस्थापक और अध्यक्ष हैं। यह कंपनी 1977 से कुवैत के ऑयल एंड इंडस्ट्रीज का हिस्सा है।

पीएम मोदी ने आग लगने की घटना को बताया दुखदायी

पीएम नरेंद्र मोदी ने भी इस घटना को लेकर संवेदना जाहिर की है। उन्होंने कहा कि कुवैत में आग लगने की घटना दुखदायी है। मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। पीएम ने कहा कि कुवैत में भारतीय दूतावास स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और प्रभावितों की सहायता के लिए वहां के अधिकारियों के साथ काम कर रहा है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जताया दुख

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा 'कुवैत में आग की घटना से आहत हूं। इस घटना में 40 लोगों की मौत और 50 लोगों के अस्पताल में भर्ती होने की खबर है। हमारे राजदूत शिविर में गये हैं। हम आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं।' विदेश मंत्री ने इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने आशा जताई है कि जो लोग घायल हुए हैं वे जल्द ही पूर्ण स्वस्थ होंगे।

इमारत के मालिक को गिरफ्तार करने के आदेश

कुवैत के आंतरिक मामलों के मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबा ने पुलिस को मंगफ स्थित इमारत के मालिक को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा है कि इस हादसे के जिम्मेदार कंपनी और बिल्डिंग के मालिक हैं। उन्होंने कुवैत प्रशासन और नगर पालिका को इस मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि कुवैत में करीब 10 लाख भारतीय रहते हैं, जिनमें से करीब 9 लाख भारतीय वहां काम करते हैं।

इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर किया जारी

कुवैत में भारतीय दूतावास ने भी इस त्रासदी के संबंध में एक आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। दूतावास ने एक आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर जारी किया है +965-65505246 । दूतावास ने पुष्टि की गई है कि मरने वालों में भारतीय मजदूर भी शामिल थे। इसने कहा, सभी संबंधित लोगों से अनुरोध है कि वे अपडेट के लिए हेल्पलाइन से जुड़ें। दूतावास हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारतीय राजदूत ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों से मुलाकात की

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपनी पोस्ट में कहा, कुवैत में हुए हादसे से स्तब्ध हूं। वहां करीब 40 लोगों की मौत हुई है। हम डीटेल्स सामने आने का इंतजार कर रहे हैं। जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं।卐 भारतीय राजदूत आदर्श स्वाइका ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों से मुलाकात की है।

रानीपुर टाइगर रिजर्व को 'ईको टूरिज्म' का हब बनाने पर योगी सरकार का फोकस

- सीएम योगी की मंशा अनुरूप रानीपुर टाइगर रिजर्व में पर्यटक सुविधाओं को बढ़ाने की विस्तृत कार्ययोजना को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू
- रानीपुर टाइगर रिजर्व में 38 लाख रुपए के धनराशि व्यय से लग्जरी टेंट एरिया, लॉन एरिया तथा पार्किंग के लिए लैंडस्केप जैसी सुविधाओं का होगा विकास
- केन बेंच इनस्टॉलेशन के जरिए पर्यटकों को प्राकृतिक छटा निहारने का मिलेगा मौका, इंटरप्रिटेशन सेंटर के जरिए निगरानी प्रणाली को किया जाएगा सुदृढ़

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के समेकित विकास की पटकथा लिख रही योगी सरकार प्रदेश की अनुपम प्राकृतिक छटा को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए भी लगातार प्रयासरत है। प्रदेश के वन्य क्षेत्रों, अभ्यारण्यों व रिजर्व सैंक्चुरीज के विकास के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार अब चित्रकूट के रानीपुर टाइगर रिजर्व को ईको टूरिज्म अट्रैक्शन के तौर पर विकसित करने जा रही है। रानीपुर टाइगर रिजर्व को ईको टूरिज्म का हब बनाने के लिए सीएम योगी की मंशा अनुरूप विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी जिसको क्रियान्वित करते हुए वन विभाग ने परियोजना पर कार्य शुरू कर दिया है। रानीपुर टाइगर रिजर्व में पर्यटक सुविधाओं के विकास और बफर जोन रीजन में अन्य अवसंरचनात्मक कार्यों की पूर्ति के लिए 38 लाख रुपए के अनुमानित व्यय से विकास की परियोजनाओं को पूर्ण किए जाने का खाका खींचा गया है। इन प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के लिए कार्यालय उप निदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व/ चित्रकूट द्वारा आदेश जारी किया गया है।

कई मायनों में विशिष्ट है रानीपुर टाइगर रिजर्व

230 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र प्रसार वाला रानीपुर टाइगर रिजर्व प्रदेश का चौथा तथा देश का 53वां टाइगर रिजर्व है। यह टाइगर रिजर्व मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व से मात्र 150 किमी की दूरी पर स्थित है तथा यहां बाघ के अतिरिक्त तेंदुआ, भालू, सांभर, हिरण, चिंकारा समेत तमाम प्रकार के वन्य जीवों व प्रजातियों का बसेरा है। यही कारण है कि योगी सरकार ने इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाओं को पहचानते हुए क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दी है। पर्यावरण संरक्षण के सिद्धांतों का पालन करते हुए इस क्षेत्र का विभिन्न मानकों के अनुरूप विकास किया जा रहा है।

लग्जरी टेंट एरिया समेत तमाम सुविधाओं का होगा विकास

रानीपुर टाइगर रिजर्व में फिलहाल जिन टूरिस्ट सेंट्रिक एमिनिटीज का विकास किया जा रहा है उनमें लग्जरी टेंट एरिया मुख्य है। यहां पर लग्जरी टेंट स्टे एरिया का विकास किया जाएगा जिससे यहां आकर रुकने वाले पर्यटकों को प्रकृति की अनुपम छटा निहारने का मौका मिलेगा। उन्हें जंगल में उत्तम नागरिक सुविधाएं तो मिलेंगी ही, साथ ही लॉन एरिया तथा पार्किंग के लिए लैंडस्केप जैसी सुविधाओं का भी विकास किया जाएगा। इतना ही नहीं, केन बेंच इनस्टॉलेशन तथा इंटरप्रिटेशन सेंटर के जरिए निगरानी प्रणाली को भी सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। उक्त कार्यों को पूरा करने के लिए आवेदन मांगे गए हैं जिसके जरिए विकासकर्ता एजेंसियों के निर्धारण का मार्ग सुनिश्चित हो सकेगा।

अब एक लाख तक आय होने पर ले सकेंगे शादी अनुदान योजना का लाभ

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछड़ा वर्ग कल्याण की शादी अनुदान योजना के तहत आवेदकों की आय सीमा में बड़ा बदलाव किया है। अब शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आवेदकों की वार्षिक आय सीमा एक लाख रुपये तक बढ़ा दी गई है। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि इस बदलाव से पिछड़े वर्ग के अधिक परिवारों को अपनी पुत्रियों की शादी के लिए सरकारी सहायता प्राप्त करने में मदद मिलेगी। पहले शहरी क्षेत्रों में आवेदकों की आय सीमा 56,460 रुपये और ग्रामीण क्षेत्रों में 46,080 रुपये सालाना थी। अब इसे एक समान एक लाख रुपये कर दिया गया है। योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने में लापरवाही बरतने वालों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की वित्त वर्ष 2024-25 के लिए छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत प्राप्त आवेदनों और भुगतान की जिलेवार स्थिति की समीक्षा की।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने करहल विधानसभा सीट से दिया इस्तीफा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अब केंद्र की राजनीति करेंगे। उन्होंने करहल विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। वह कन्नौज लोकसभा सीट से सांसद चुने गए हैं। इसके बाद उन्हें एक सीट से इस्तीफा देना था तो उन्होंने करहल सीट छोड़ दी। विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे के अनुसार यह इस्तीफा प्राप्त हो गया है। शीघ्र ही स्वीकार करने की प्रक्रिया पूरी कर दी जाएगी। इससे पहले सपा के विधायक लालजी वर्मा भी इस्तीफा दे चुके हैं। लालजी वर्मा भी लोकसभा सदस्य चुने गए हैं। इसके अलावा, फैजाबाद लोकसभा सीट से सांसद चुने गए अवधेश प्रसाद ने भी विधानसभा से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि विधायक पद से आज इस्तीफ़ा दे दिया हैं। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता को मेरा प्रणाम, आपने मुझे लम्बे समय तक सेवा करने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आप सभी का आभारी हूं। अब

सांसद होने के नाते आप सभी जनता की आवाज को देश की सबसे बड़ी पंचायत में उठाऊंगा। अखिलेश यादव यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी हैं। ऐसे में आने वाले समय में यह पद उनके चाचा विधायक शिवपाल सिंह यादव या फिर पीडीए के तीन विधायकों रामअचल राजभर, इंद्रजीत सरोज और कमाल अख्तर में से किसी एक को मिल सकता है। अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। लोकसभा चुनाव 2024 में यूपी में सपा ने अकेले दम पर 37 और इंडिया गठबंधन की सहयोगी दल कांग्रेस के साथ मिलकर कुल 43 सीटों पर जीत दर्ज की है।

झोपड़ी पर पलटा बालू भरा ट्रक, आठ की मौत, चालक और हेल्पर हिरासत में

जन एक्सप्रेस। हरदोई

हरदोई जिले में मल्लावां कोतवाली क्षेत्र में उन्नाव मार्ग पर बालू भरा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झोपड़ी पर पलट गया। घटना में झोपड़ी में सो रहे चार मासूम बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दंपती, उनके चार बच्चे और एक दामाद शामिल हैं। एक बच्ची घायल भी है। मल्लावां कस्बे में उन्नाव मार्ग पर चुंगी नंबर दो के पास सड़क किनारे नट बिरादरी के लोग झोपड़ी बनाकर रहते हैं। मंगलवार आधी रात के बाद कानपुर से हरदोई जा रहा बालू भरा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे अवधेश उर्फ बल्ला की झोपड़ी पर पलट गया। इसकी जानकारी पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों और जेसीबी की मदद से ट्रक सीधा करने के बाद बालू हटवाई, लेकिन तब तक अवधेश उर्फ बल्ला (45), उसकी पत्नी सुधा उर्फ मुंडी (42), पुत्री सुनैना (11), लल्ला(5) , बुद्धू (4), हीरो (22) उसका पति बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के कासुपेट निवासी करन (25) उसकी पुत्री कोमल उर्फ बिहारी (5) की मौत हो चुकी थी। अवधेश की एक पुत्री बिट्टू घटना में घायल हुई है। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्लावां में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने ट्रक चालक बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के छिबरामऊ निवासी अवधेश और हेल्पर शहर कोतवाली क्षेत्र के अनंग बेहटा निवासी रोहित को हिरासत में ले लिया है।

तीन घंटे तक लगा लंबा जाम

हादसे में हुई मौत की खबर जैसे ही लोगों को हुई, तो हर कोई घटनास्थल की ओर दौड़े जा रहा था। जैसे-जैसे बालू में दबे लोग बाहर निकल रहे थे। मौके पर मौजूद एम्बुलेंस उन लोगों को सीएचसी पहुंचा रही थी। घटनास्थल पर भारी भीड़ होने और मशीनों से रेस्क्यू किए जाने के दौरान करीब तीन घंटे तक हाइवे पर जाम लगा रहा। उन्नाव की ओर से आने वाले वाहनों को बड़े चौराहे पर बैरिकेड कर संडीला मेंहदीघाट की ओर डायवर्ट किया गया था। हरदोई की ओर से आने वाले वाहनों को घटनास्थल से एक किलोमीटर पहले रोक दिया गया था। ट्रक हटने के करीब तीन घंटे बाद यातायात सामान्य हो सका।

कानपुर एक्सप्रेस

कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

रिपोर्ट कई पर गैंगस्टर व अन्य गंभीर अपराध के मामले दर्ज, कुछ पर आरोप भी तय हो चुके

यूपी के कई नए सांसदों पर लटक रही 'कानून की तलवार'

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

- कई सांसद तो ऐसे हैं जिन पर आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं
- अगर अगले पांच साल के दौरान कोर्ट का फैसला उनके खिलाफ आता है तो बढ़ेगी मुश्किल
- दो साल तक की सजा हुई तो उनके सियासी करियर पर ब्रेक लगना तय

लखनऊ। 18वीं लोकसभा में उत्तर प्रदेश से जीत कर आए ऐसे कई सांसद हैं जिन पर हर समय कानून की तलवार लटकी हुई है। कई पर गैंगस्टर व अन्य गंभीर अपराध के मामले दर्ज हैं। कुछ पर आरोप भी तय हो चुके हैं। सजा मिलते ही उनकी सांसदी भी जा सकती है। कई सांसद तो ऐसे हैं जिन पर आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। ऐसे में अगर अगले पांच साल के दौरान कोर्ट का फैसला उनके खिलाफ आता है और दो साल तक कि सजा हुई तो उनके सियासी करियर पर ब्रेक लगना भी तय है। इनमें पक्ष और विपक्ष सभी दलों के सांसद शामिल हैं जिनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं और कई मामलों में चार्जशीट भी दाखिल हो गई है।

सपा के वीरेंद्र सिंह का भी नाम शामिल

सूची में सपा के वीरेंद्र सिंह का भी नाम है, जिन्होंने चदौली से बीजेपी के महेंद्रनाथ पांडेय को हराया। उन पर भी गंभीर धाराओं में तीन मामले दर्ज हैं। एक मामले में तो पिछले साल कोर्ट में आरोप भी तय हो गया है।

सपा के अफजाल अंसारी और धर्मेंद्र यादव का नाम भी

इस लिस्ट में अफजाल अंसारी का नाम भी है जो इस बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर गाजीपुर से जीते हैं। उन्हें गैंगस्टर के एक मामले में चार साल की सजा मिली थी और सदस्य भी चली गई थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद सदस्यता वापस मिल गई। यह मामला अब हाईकोर्ट में लंबित है और 30 जून से पहले फैसला भी आना है। अगर सजा बरकरार रही तो सदस्यता चली जाएगी। आजमगढ़ से जीते धर्मेंद्र यादव के खिलाफ भी एक मामले में आरोप तय हो चुके हैं।

चंद्रशेखर आजाद पर 36 आपराधिक मामले दर्ज

इस सूची में आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर आजाद का नाम शामिल है, जो पहली बार नगीना सुरक्षित सीट से जीतकर लोकसभा पहुंचे हैं। उनपर 36 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमे से ज्यादातर गंभीर अपराध के हैं। इनमें चार अलग-अलग मामलों में कोर्ट ने आरोप भी तय कर दिए हैं, अगर सजा हुई तो इनकी सांसदी नहीं बचेगी।

बाबू सिंह कुशवाहा पर आठ मामलों में आरोप तय हो चुके

जौनपुर सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट पर जीते बाबू सिंह कुशवाहा का भी नाम इस सूची में है। इनके खिलाफ भी 25 मामले दर्ज हैं, जिनमे से आठ में आरोप तय हो चुके हैं। बाबू सिंह कुशवाहा एनआरएचएम घोटाले और आय से अधिक संपत्ति मामले में भी आरोपी हैं।

सपा सांसद रामभुआल निषाद पर भी आठ मामले हैं

सुल्तानपुर सीट से मेनका गांधी को हराने वाले समाजवादी पार्टी के नवनिर्वाचित सांसद रामभुआल निषाद पर भी आठ मामले दर्ज हैं। इनमे गैंगस्टर हत्या के प्रयास के मामले में आरोप तय हो चुके हैं। सजा मिलने पर उनकी भी सांसदी खतरे में पड़ सकती है।

सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद पर भी आठ मामले

सहारनपुर से कांग्रेस के टिकट पर जीतकर संसद पहुंचे इमरान मसूद पर आठ मामले दर्ज हैं। ईडी ने मनी लॉन्डरिंग का भी मामला दर्ज किया है। उनके खिलाफ दर्ज दो मामलों में आरोप तय हो चुके हैं।

इन सांसदों के खिलाफ भी आरोप तय

फतेहपुर सीकरी से बीजेपी सांसद राजकुमार चाहर, मोहनलालगंज से सपा संसद आरके चौधरी, बस्ती से सपा के टिकट पर जीते राम प्रसाद चौधरी, रालोद के बागपत से सांसद राजकुमार सांगवान, हाथरस से जीते बीजेपी के अनूप प्रधान और बिजनौर से रालोद के टिकट पर जीते चन्दन चौहान के खिलाफ दर्ज मुकदमों में आरोप तय हो चुके हैं। अगर दो साल तक की सजा हुई तो सांसदी जा सकती है।

फास्ट फॉरवर्ड

अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाडी श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि उप निरीक्षक त्रिलोकीनाथ मिश्रा तथा आरक्षी सचिन यादव, नवीन द्वारा राजेश कुमार निवासी रामपुर को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना पहाडी में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ ललित सिंह इंडोनेशिया में 14 व 15 को शोध पत्र का करेंगे वाचन

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्राध्यापक और हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ ललित कुमार सिंह 14 व 15 जून को अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के अवसर पर भारतीय संस्कृति और रामचरित मानस विषय पर आई गुस्ती बगास सुग्रीव स्टेट हिंदी यूनिवर्सिटी देन पसार, बाली, इंडोनेशिया में शोध पत्र का वाचन करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर का यह विद्वत आयोजन साहित्य संचय शोध संवाद फाउंडेशन दिल्ली, भारत और आई गुस्ती बगास सुग्रीव स्टेट हिंदी यूनिवर्सिटी देन पसार बाली, इंडोनेशिया के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

19 को होगी बैठक

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। खंड विकास अधिकारी क्षेत्र पंचायत रामनगर शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र पंचायत रामनगर की बैठक ब्लाक प्रमुख गंगाधर मिश्र की अध्यक्षता में आगामी 19 जून को विकासखंड रामनगर के सभागार में आयोजित की जाएगी। जिसमें पंचम राज्यवित्त आयोग वर्ष 2024-25 की कार्य योजना एवं आय व्यय पर विचार, 15वां वित्त आयोग वर्ष 2024-25 की कार्य योजना एवं आय व्यय पर विचार, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 की कार्य योजना का अनुमोदन, प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति पर विचार, वृद्धा विधवा दिव्यांग पेंशन, स्वच्छ भारत मिशन मॉडल ग्राम पर विचार, पेयजल समस्या, गौशाला संचालन, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों का कायाकल्प, राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन आदि बिंदुओं पर विचार विमर्श किया जाएगा।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस/उरई। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उमरारखेरा में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उमरारखेरा निवासी प्रमोद कुमार 35 वर्ष एक प्राइवेट मेडिकल में काम करता था। जिसने मंगलवार की रात अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर जान दे दी। फांसी पर लटक रहे शव को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। उन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि उसकी शादी 15 वर्ष पहले मध्य प्रदेश के नाऊपुरा निवासी शिमला देवी के साथ हुई थी। सब कुछ सही चल रहा था, लेकिन पिछले कुछ माह से पत्नी दो बच्चों के साथ मायके में रह रही थी। जिस पर वह उसे कई बार लेने गया, लेकिन वह नहीं आई, इसी के चलते उसने आत्महत्या की है।

टाइगर रिजर्व को विकसित करने आई धनराशि चढ़ रही भ्रष्टाचार की भेंट

- टाइगर रिजर्व को विकसित करने के नाम पर बडा भ्रष्टाचार
- पुराने भवनों की रंगाई-पुताई कर चमकाया

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

एक तरफ रानीपुर टाइगर रिजर्व को विकसित करने सरकार का पूरा फोकस है। लेकिन विकास कार्यों के लिए आई धनराशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ रही है। टाइगर रिजर्व मे हो रहे निर्माण कर्यों मे जमकर अनियमितताएं की जा रही हैं। मानक को ताक पर रखकर ठेकेदारों द्वारा धड़ल्ले से निर्माण कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है, बावजूद विभागीय अधिकारियों का ध्यान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की ओर नहीं है। ठेकेदार मनमानी पूर्ण कार्य कर सरकारी धन को ठिकाने लगा रहा है।

रानीपुर टाइगर रिजर्व अंतर्गत मारकुंडी वनपरिक्षेत्र के किहुनियां स्थित डाक बंगले मे हो रहे भवन निर्माण मे ठेकेदार द्वारा भारी धांधली की जा रही है। लाखों की लागत से बन रहे भवन निर्माण मे सिलिका सैंड सफेद बालू का धड़ल्ले से प्रयोग किया जा रहा है। इस भ्रष्टाचार मे जिम्मेदारों की भी भूमिका संदिग्ध है। सरकारी धन का बंदरबांट करने की नीयत से अधिकारियों ने ठेकेदारों को खुली छूट दे रखी है। जानबूझकर जिम्मेदारों द्वारा भ्रष्टाचार को नजर अंदाज किया जा रहा है। जिससे ठेकेदार मनमानी पूर्ण कार्य को अंजाम दे रहा है।

पुराने भवनों को किया रंग-रोगन

किहुंनिया स्थित वन विभाग के डाक बंगले मे अंग्रेजों के जमाने के बने पुराने भवनों को वन विभाग ने रंग-रोगन कर चमका दिया है। बेहद जर्जर भवनों की रंगाई-पुताई कर बड़ा खेल किया गया है। जिन भवनों को निलाम करना चाहिए था उनकी मरम्मत कर नया बना दिया है। घटिया मैटेरियल से निर्माण कर सरकारी धन का जमकर दुरुपयोग किया गया है। निर्माण में दोयम दर्जे की ईंट के अलावा सफेद बालू व सीमेंट की कम मात्रा इस्तेमाल किया गया है। अधिकारियों द्वारा कमीशन व ठेकेदार द्वारा ज्यादा लाभ कमाने के चक्कर में गुणवत्ता को दरकिनार कर दिया गया है। मानकों की अनदेखी कर सरकारी धन का धडल्ले से दुरूपयोग किया जा रहा है।

ठेकेदारों को दिए जा रहे सरकारी टैंकर

किहुंनिया स्थित डाक बंगले मे काम तो ठेकेदारी से कराया जा रहा हैं, लेकिन पानी के टैंकरों की सप्लाई वन विभाग दे रहा है। वन विभाग अपने ट्रैक्टर से प्रतिदिन पानी दे रहा है। ठेकेदार और विभाग के मिलीभगत से बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। आखिर विभाग द्वारा अपना ट्रैक्टर, ईंधन और सरकारी टैंकर देने का मतलब क्या है? ठेकेदार से क्या रिश्ते हैं ? इस तरह से सरकारी खजाने का दुरूपयोग कितना जायज है। जब जिम्मेदारों से इस संबंध मे बात की तो उनका गैर जिम्मेदाराना जवाब रहा,बोले विभाग का काम है। सहयोग कर रहे हैं।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर दी जान

जन एक्सप्रेस/माधौगढ़। विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। माधोगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिझौना निवासी दीपक राठौर बिहार में काम करता था। जो दो माह पहले अपनी पत्नी नीरज देवी 25 वर्ष और दो पुत्रों को लेकर बिहार चला गया था। जहां रविवार को संदिग्ध हालात में उसकी पत्नी ने फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। बताया गया है, कि पति दीपक उसके शव को लेकर मंगलवार को अपने गांव आ गया। किसी तरह इस बात की जानकारी मृतका के मायकेवालों को लगी, और उसके मायकेवाले गांव आ गए। जिन्होंने मामले को संदिग्ध बताते हुए हंगामा काटते हुए घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। मृतका के जीजा सत्येंद्र ने बताया कि वर्ष 2019 में सीताराम निवासी गोबर चौकी आगरा ने अपनी लड़की नीरज की शादी दीपक से की थी। आरोप लगाया कि ससुरालीजन द्वारा उसकी मौत की खबर उन लोगों को नहीं दी गई। किसी तरह ग्रामीणों से मामले की जानकारी लगी तब वह लोग गांव आए। जिसके चलते मायके पक्ष के लोग पुत्री की मौत को संदिग्ध मानकर चल रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

चुनावी रंजिश में हमलावरों ने महिलाओं समेत पांच लोगों को पीटा, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस/जालौन। कोतवाली क्षेत्र के गेंदोली में चुनावी रंजिश के चलते हमलावरों ने एकराय होकर महिलाओं समेत पांच लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्जकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गेंदोली निवासी राजेन्द्र वर्मा और उसके परिवार से गांव के ही कुछ लोग चुनाव में सहयोग नही करने से नाराज थे। मंगलवार की रात को पीड़ित अपने घर के पास था। इसी दौरान आरोपित वहां पहुच गये और उसे वोट न देने की बात कहते हुए उसकी मारपीट शुरू कर दी। मौके पर पहुंची घर की महिलाओं ने बीच बचाव कराने का प्रयास किया। तो उन्होंने उनके साथ भी मारपीट कर दी। जिससे गीता देवी व साधना देवी और रनसिंह नीतू कुशवाहा सहित पांच लोग घायल हो गए। मौजूद लोग सभी घायलों को सीएचसी ले गए। जहां से राजेंद्र को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मामले में थानाध्यक्ष राजीव वेश ने बताया कि प्रधानी चुनाव की रंजिश को लेकर झगड़ा हुआ है। पीड़ित राजेन्द्र वर्मा की तहरीर पर आरोपित सुमित गुर्जर, छुन्ना गुर्जर, रज्जू, रबिन्द्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

भरतकूप पुलिस टीम ने किया चोरी की घटना का सफल अनावरण

2 चोरों को चोरी के समरसेबिल के साथ किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित, वारण्टी की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष भरतकूप श्री प्रवीण कुमार सिंह के मार्गदर्शन में थाना भरतकूप पुलिस ने 02 दिन के अन्दर चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये 02 चोरों को चोरी के समरसेबुल के साथ गिरफ्तार किया गया। भरतकूप थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि बीती 10 जून की रात्रि वादी ललक सिंह पुत्र शिवप्रताप सिंह निवासी भैसोंधा द्वारा थाना भरतकूप में सूचना दी कि अज्ञात चोरों ने उनका समरसेबुल चोरी कर लिया है। इस सूचना पर थाना भरतकूप में अभियोग पंजीकृत किया गया। थानाध्यक्ष भरतकूप ने घटना के अनावरण के लिए उप निरीक्षक रामकुमार को निर्देशित किया। उप निरीक्षक रामकुमार एवं उप निरीक्षक यूटी उत्कर्ष कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी कल्लू खां, शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा हीरालाल, लवलेश निवासीगण इटखरी को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी का समरसेबुल बरामद किया गया।

सम्प्रेक्षण गृह में संवासियों को अनुशासन में रहने तथा कर्तव्यों का पालन करने के लिये किया गया प्रेरित

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) में अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सहायक अधीक्षक बीर सिंह ने किया। उन्होंने सभी आवासित संवासियों को बाल श्रम से होने वाली हांनियों से अवगत कराया। परामर्श दाता दीपक शर्मा ने संवासियों को बाल श्रम की विधिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए योगाचार्य संजय कुमार ने संवासियों को अनुशासन में रहने तथा अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिये प्रेरित किया। सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन यादव ने सभी संवासियो को बाल श्रम निषेध दिवस के बारे में सविस्तार से समझाया। इस मौके पर सह परिवीक्षा अधिकारी अंजना पोडवाल, सदस्यगण किशोर न्याय बोर्ड लवलेश यादव, लवकुश कुमार, अशोक कुमार, राहुल, अक्षय कुमार आदि मौजूद रहे।

एसओजी व कदौरा पुलिस ने भारी मात्रा में गांजे के साथ तीन तस्कर किए गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कालपी

एसओजी व कदौरा पुलिस की संयुक्त टीम ने भारी मात्रा में गांजे के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार कर लिए। मामले का खुलासा कालपी सीओ ने किया।

कदौरा थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर गांजा बिकने की सूचना पुलिस को काफ़ी दिनों से मिल रही थी। बताया गया कि बुधवार को एसओजी प्रभारी सत्येंद्र यादव ने टीम सहित कदौरा पुलिस के साथ उदनपुर बैरियल के पास चैकिंग अभियान चला रहे थे। तभी तीन युवक बोरी लिए आते हुए दिखाई दिए। जिस पर पुलिस टीम द्वारा उन्हें रोक कर उनसे पूछताछ करने का प्रयास किया, लेकिन इस तीनों युवक चकमा देकर भाग खड़े हुए। जिस पर पुलिस ने उनका पीछा कर उन्हें घेराबंदी कर दबोच लिया। इस दौरान पुलिस ने उनके पास से एक बोरी में गांजा बरामद किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी डाक्टर देवेंद्र पचौरी ने खुलासा करते हुए बताया की पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम विवेक दीक्षित निवासी ग्राम रेव तहसील मोठ जनपद झाँसी, नीरज राय निवासी ग्राम धमोंरा थाना ओरक्षा रोड छतरपुर और सुरेश कुमार मोहम्दाबाद थाना डकोर बताया। उन्होंने बताया कि तीनों लोग कदौरा क्षेत्र मे गांजा की तस्करी काफ़ी दिनों से कर रहे है। पुलिस ने तीनो आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए कोर्ट भेज दिया। जहाँ से उन्हें जेल भेजा गया है।

बाल किशोर श्रम उन्मूलन टास्क फोर्स ने चलाया छापामार अभियान

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

किशोर न्याय एवं बाल श्रम उन्मूलन अभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द द्वारा गठित बाल किशोर श्रम उन्मूलन टास्क फोर्स द्वारा पूरे जून माह में चलने वाले विशेष अभियान, हमेशा चलने वाले अभियान में बुधवार को विश्व बाल श्रम उन्मूलन दिवस पर ऐसे प्रतिष्ठानों जहां बाल श्रम होना प्रतीत होता है। होटल, ढाबा, इंजीनियरिंग वर्कशॉप, कारखानों आदि में छापेमारी कर बाल संरक्षण अधिकारी डां सौरभ सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी राजेश द्विवेदी, बाल कल्याण समिति राजेश दुबे, कांस्टेबल सुशील कुमार व त्रिभुवन सिंह आदि ने चार बच्चों को चिन्हित किया। जिनकी उम्र लगभग 18 वर्ष से कुछ ही कम थी, को अभी पढाई करने की हिदायत देकर प्रतिष्ठानों के मालिकों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही प्रचलित की गई।

मन्दिर से मुकुट-नगदी लूट ले गए नकाबपोश असलहाधारी बदमाश

जन एक्सप्रेस। कालपी

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरदौली के समीप प्राचीन सतगुरू आश्रम व मंदिर घुसे नकाबपोश असलहाधारी बदमाश मुकुट नगदी व सीता मां का हार लूट कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे सीओ व कोतवाल ने घटना का निरीक्षण कर जल्द खुलासा करने का भरोसा दिलाया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरदौली के समीप प्राचीन सतगुरू आश्रम व मंदिर स्थित है। मंगलवार की देर शाम मंदिर मे साधु कामता प्रसाद व देवशरण भगवान की पूजा अर्चना कर रहे थे। तभी लगभग रात आठ बजे के 6 नकाबपोश असलहाधारी बदमाश जूते पहने हुए मंदिर में घुस आए। मन्दिर में घुसे बदमाशों ने मंदिर मुख्य महंत लखन शरन को पूछा और साधुओं से उनके मोबाइल छीन लिये। बदमाशों ने साधुओं के साथ मारपीट करते हुये मंदिर में बने तलघर में ले जाकर बंद कर दिया। इसके बाद सब्बल से तलघर की खुदाई करने लगे और मंदिर के कमरों में आकर अलमारियों को तोडकर पूरा सामान फैला दिया। बताया कि बदमाश कीमती समान व साधुओं के 40 हजार रूपये नगद व भगवान के चार मुकुट चांदी के व मां सीता का एक हार व तोडियां आदि समान लूट ले गये। जब मंदिर के महंत लखन शरन व अतर शरण निवाडी से वापस लौटे तो उन्होंने अन्दर बिखरा पडा सामान और साधुओं के न दिखने पर उन्होने आवाज लगाई। जिस पर तलघर में बंद साधु चिल्लाये तब कही जाकर उन्हे बाहर निकाला और घटना की सूचना गांव वालों व पुलिस को दी। वहीं मामले की खबर मिलते ही सीओ डा. देवेन्द्र पचौरी, कोतवाल नागेंन्द्र पाठक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुच गए, और घटना के विषय में जानकारी ली। सीओ ने लोगो को अश्वासन दिया कि जल्द घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार किया जायेगा।

खेत से मिट्टी के ट्रैक्टर निकालने से मना करने पर मिट्टी माफियाओं ने किसान को पीटा

जन एक्सप्रेस। उरई

रात में खेत से मिट्टी के ट्रेक्टर निकालने से मना करना किसान को महंगा पड़ गया। जहां पर मिट्टी कारोबारियों ने अपने गुर्गों के साथ मिलकर किसान की मारपीट कर दी। इतना ही नहीं आरोप है कि तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित किसान ने शिकायत पुलिस से की है।

जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सालाबाद निवासी सुरेन्द्र कुशवाहा पुत्र ताती ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि उनके खेत से लगातार 3 दिन से मिट्टी के ट्रेक्टर निकल रहे हैं। ट्रेक्टर निकलने के कारण वह खेत में पानी नहीं लगा पा रहा हैं। जब रात करीब साढ़े 11 बजे खेत पर था। उस समय खेत से मिट्टी के ट्रेक्टर निकल रहे थे। खेत से निकल रहे ट्रेक्टर निकलने से मना किया तो मिट्टी कारोबारी एकत्रित हो गये और गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। पीड़ित ने बताया कि प्रदुम्म अपने 10-12 लोगों के साथ आये तमंचा दिखाते जान से मारने की धमकी। इतना ही नहीं गुंडई दिखाते हुए उन्होंने पकड़ कर ट्रेक्टर ट्राली में जबरन डाल लिया और मुख्य मार्ग पर लेकर आये। जहां गाली-गलौज कर लात घूसे से मारपीट कर दी। पीड़ित ने मिट्टी माफियाओं पर मारपीट के साथ मोबाइल छीनने का भी आरोप लगाया है। पीड़ित ने घटना की शिकायत मलकपुरा छिरिया सलेमपुर चौकी प्रभारी से लिखित कर दी है। पीड़ित की शिकायत के बाद भी पुलिस कार्रवाई कार्यवाही नहीं कर रही है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मिट्टी माफियाओं द्वारा की गयी गुण्डागर्दी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

डीएम ने की राजस्व कार्यों सम्बन्धी समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों से सम्बन्धित समीक्षा बैठक बुधवार को कैंप कार्यालय में हुई।

जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि रियल टाइम, स्वामित्व योजना, खतौनी, खसरा जितने भी कार्य योजना बचे हैं, उसको जल्द से जल्द बनाकर भेजें। साथ ही निर्देशित किया कि खरीफ और रवि फसली खतौनी में कम है। इसे ऑनलाइन जल्द से जल्द कराएं। उन्होंने कहा कि अंश निर्धारण में भी सुधार करना है। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि नक्शा संशोधन में जो भी संशोधन होना है, उस कार्य को पूरा कराएं। उन्होंने धारा 116 के अंतर्गत लम्बित वादो के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द इसे खत्म कराएं। उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम को निर्देशित किया कि न्यायालय में प्रतिदिन सुनवाई करें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि 3 से 5 वर्ष अधिक केस को भी जल्द से जल्द समाप्त कराएं। धारा 80 के अंतर्गत उन्होंने कहा कि जनता को किसी प्रकार की परेशानी एवं कोई पेंडेंसी नहीं होनी चाहिए। धारा 67 के अंतर्गत उन्होंने कहा कि जितने भी केस हैं, उसे इस वर्ष समाप्त कराए। धारा 24 के मुकदमे के सम्बन्ध में उन्होंने सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि जो भी मुकदमे है, इसे जल्द से जल्द खत्म कराएं। वरासत के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी पेंडिंग है, उसे लेखपाल व आर आई द्वारा समाप्त कराए। आय, जाति, निवास के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि पेंडिंग नहीं रहनी चाहिए, इसे एक हफ्ते के अंदर निस्तारण कराएं। हिट स्टोक के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि सभी पेमेंट हो जाना चाहिए। उन्होंने तहसीलदारों को निर्देशित किया कि सबकी जिम्मेदारी तय करें। साथ ही कहा कि कोई भी फाइल रुकनी नहीं चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सभी राजस्व कार्यों की समीक्षा की जाएगी। सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व नायक तहसीलदार डाटा तैयार करें। उन्होंने कहा कि राजस्व कार्यों में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक कोर्ट में बैठे व मुकदमों का निस्तारण कराएं।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, मानिकपुर पंकज वर्मा, मऊ राकेश कुमार पाठक आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने की नीति आयोग के निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में नीति आयोग की धनराशि से जनपद में करायें जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक बुधवार को जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई। नीति आयोग के अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्यों में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के प्रयासों से लगभग 7 करोड धनराशि स्वीकृत हुई हैं। जिसमें जनपद में 3 करोड से आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्य के लिए, 65 लाख 30 हजार से 48 प्राइमरी स्कूलों में फर्नीचर के लिए एवं 18 लाख 15 हजार से जिला अस्पताल में तीमारदारों के लिए वेटिंग हाल के लिए, 31 लाख से अभ्युदय कोचिंग के लिए लेक्चर हॉल, 98 लाख से इण्टर कॉलेज में फर्नीचर बाउंड्री वॉल परीक्षा उपकरण आधारभूत संरचना में सुधार, 56 लाख से स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए मरम्मत के लिए, सभी ब्लाकों पर लाइब्रेरी, 40 आंगनबाडी केन्द्र, पिछले वर्ष भी नीति आयोग द्वारा सभी ब्लॉकों में लाइब्रेरी व नगर क्षेत्र की आठ प्राथमिक विद्यालयों का रेनोवेट का कार्य कराएं गये थे। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि आंगनबाडी केन्द्रों के लिए जिस जमीन पर विवाद है, उसमें सम्बन्धित उप जिलाधिकारी से मिलकर कार्य प्रारंभ कराएं। उन्होंने अधिशासी अभियंता आवास विकास बांदा को निर्देशित किया कि जिन प्राथमिक स्कूलों में जीर्णोधार कराया जा रहा है, उसमें टीवी, फर्नीचर, विंडो आदि जो कार्य शेष है, उसे जल्द से जल्द पूर्ण कराएं।

उन्होंने लाइब्रेरी के सम्बन्ध में कहा कि लाइब्रेरी का कार्य पूर्ण हो गया है तो उसे जिला विद्यालय निरीक्षक को हैंडओवर कराएं। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जिससे कि जनपद का विकास हो सके। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो कार्य अपूर्ण है, उसे जल्द से जल्द शासन के मंशानुरूप व गुणवत्ता पर कार्य कराएं। जिलाधिकारी ने बैठक में जनपद में कराए जा रहे निर्माण कार्यों में अभ्युदय कोचिंग के लिए लेक्चर हाल, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, चेक डैम आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक वंदना श्रीवास्तव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सुभाष चंद्र, अर्थ एवं संख्याधिकारी राजदीप वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लव प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | गुरुवार | 13 जून 2024

मौसम पूर्वानुमान

पूर्वानुमान
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार है किन्तु वर्षा की कोई संभावना नहीं है व तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार है

अधिकतम (डिग्री0से0) : 44.8 (+5.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 30.0 (+2.9)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 29 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 14 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 6.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक



बिल्डर तरुण गुप्ता समेत सात अन्य के अवैध निर्माणों को के.डी.ए. ने किया सील

✻ जोन दो के अधिकारियों द्वारा पूर्व में सील किए गए कुछ निर्माणों की सील तोड़ी गई है

जन एक्सप्रेस खबर का असर

कमलेश फाइटर

कानपुर नगर। जन एक्सप्रेस अखबार की ख़बर का एक बड़ा असर देखने को मिला है, जन एक्सप्रेस अखबार द्वारा जोन दो में प्रकाशित किए गए अवैध निर्माणों की ख़बर का संज्ञान लेते हुए के.डी.ए. वी.सी. ने आधा दर्जन से अधिक अवैध निर्माणों को कल बुधवार को सील करवाया है। जोन दो में सील की इस बड़ी कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वाले बिल्डरों में हड़कंप मच गया है। साथ ही साथ प्राधिकरण ने दावा किया है कि जितने भी निर्माण सील किए गए हैं उनका वैधानिक कार्रवाई करते हुए ध्वस्तीकरण जल्द होगा।

ज्ञातव्य हो कि जन एक्सप्रेस लगातार कानपुर विकास प्राधिकरण के सभी जोनों में हो रहे मानक विहिन अवैध निर्माण के संबन्ध में लगातार निष्पक्षता से निडर होकर प्रकाशन कर रहा था। प्राधिकरण के जोन दो में भी हुए मानक विहिन अवैध निर्माण के संबंध में जन एक्सप्रेस ने प्रमुखता से खबर का प्रकाशन करते हुए जनहित और शासन हित में मुद्दा उठाया था। खबर का संज्ञान लेते हुए के.डी.ए. वी.सी. मदन गर्व्याल के द्वारा प्रवर्तन विभाग को निर्देश देकर अवैध निर्माणों पर सील लगवाई गई है।

इन आठ लोगों के निर्माण हुए सील

- राजीव सब्बरवाल
- कृष्ण कुमार
- तरूण गुप्ता
- हरजीत सिंह चावला
- श्रीमती माधुरी शुक्ला
- प्रबन्धक रामा विश्व विद्यालय
- मंधना

कानपुर नगर समेत दो अन्य के निर्माण सील किए गए हैं। सील बन्दी अभियान में सहायक अभियन्ता जे0एन0 पाण्डेय, अवर अभियन्तागण अरविन्द उपाध्याय तथा पी0के0 वर्मा, प्राधिकरण प्रवर्तन दल के कर्मचारी एवं समस्त स्टाफ तथा सुरक्षा बल उपस्थित रहे।

दबंग बिल्डरों ने पूर्व में लगाई गई सील को तोड़ा

तेज तर्रार प्रवर्तन अधिकारी सत शुक्ला के द्वारा पूर्व में कुछ माह पहले आधा दर्जन से अधिक निर्माण को सील किया गया था। लेकिन सूत्र बताते हैं कि कुछ अवैध निर्माण कर्ताओं ने के.डी.ए. की सरकारी सील को तोड़ दिया है और अपना निर्माण कर लिया है।

मुस्लिम युवक ने हिंदू बन पहले इंस्टाग्राम पर की दोस्ती, फिर किया ब्लैकमेल

जन एक्सप्रेस । अंकित चौधरी

कानपुर नगर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के इंद्रा नगर में रहने वाली एक युवती से एक मुस्लिम युवक ने हिंदू बनकर इंस्टाग्राम पर दोस्ती की और फिर न्यूड काल के लिए मनाया और उसे एक युवती के माध्यम से कल्याणपुर के एस एस होटल में बुलाकर अश्लील वीडियो बना लिए, और प्रचलित करने की धमकी देकर एक लाख रुपए मांगे। न देने पर वीडियो युवती के भाई को भेज भेज दिए। युवती की तहरीर पर कल्याणपुर थाने में आरोपित के विरुद्ध छेड़छाड़, रंगदारी व आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है।

इंद्रा नगर निवासी एक युवती ने पुलिस को दी हुई तहरीर में बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व इंस्टाग्राम पर आए एक फ्रेंड रिक्वेस्ट पर एक मुस्लिम युवक से दोस्ती हो गई। जिसने अपना नाम अमन बताया। बाद में बातों के दौरान उसने प्रेम का झांसा देकर न्यूड काल के लिए राजी कर लिया। इसके पश्चात उसने न्यूड वीडियो प्रचलित करने की धमकी देकर एक युवती के माध्यम से कल्याणपुर के होटल में बुलाया, और छेड़छाड़ की। तथा कुछ अश्लील वीडियो बना लिए। जिन्हें प्रचलित करने की धमकी देकर एक लाख रुपए मांगे। और अपने मुस्लिम होने की बात कही। युवती द्वारा रुपए देने से इनकार करने पर आरोपित युवक ने वीडियो युवती के भाई को भेज दिए। युवती की तहरीर पर कल्याणपुर थाना में आरोपित के विरुद्ध छेड़छाड़, रंगदारी व आइटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। कल्याणपुर थाना प्रभारी कुशल प्रताप सिंह ने बताया कि युवक की तलाश की जा रही है।

भाजपाइयों ने मीडिया प्रोफाइल से हटाया मोदी परिवार वाला फ़ोटो

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल से मोदी का परिवार हटाने के बाद शहर के भाजपाइयों ने भी अपनी अपनी प्रोफाइल से मोदी का परिवार हटा लिया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के पार्टी कार्यकर्ताओं से अपनी प्रोफाइल बदलने की अपील के बाद शहर के सांसद रमेश अवस्थी, विधायक महेश त्रिवेदी, सुरेंद्र मैथानी, नीलिमा कटियार, एमएलसी अरुण पाठक, सलिल बिश्नोई, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, दक्षिण उत्तर जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, दीपू पांडे सहित तमाम नेताओं, क्षेत्रीय पदाधिकारियों, जिला पदाधिकारियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी प्रोफाइल से मोदी का परिवार हटा लिया है। उन्होंने बताया कि दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने दक्षिण जिले के जिला पदाधिकारियों, मण्डल, वार्ड कमेटी प्रोफाइल बदलने के निर्देशित किया है।

खाकी धारियों के अन्याचार का शिकार पीड़ित परिवार पलायन को मजबूर

जन एक्सप्रेस । ऋषि श्रीवास्तव

साढ़ः साढ़ पुलिस के द्वारा एक पीड़ित परिवार को लगातार धमकियां दिए जाने का आरोप लगा है जिसका एक शोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ऑडियो वायरल हो गया। इस आडियो में एक दरोगा हल्का इंचार्ज पीड़ित परिवार को सुधारने की बात कह रहा है और ऑडियो पूरे 44 सेकेंड का है, हालांकि वायरल ऑडियो की पुष्टि जन एक्सप्रेस नहीं करता है, इस 44 सेकेंड में हल्का इंचार्ज ने पीड़ित परिवार के हाथ पांव ढीले कर दिए जिससे डर कर पीड़ित परिवार मुख्यमंत्री जनता दरबार पहुच गया और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित परिवार का कहना पुलिस ने उन्हें पहले भी फर्जी मुकदमे में फंसा रखा है और आगे भी फर्जी मुकदमे उन पर लादने की पूरी फिराक में साढ़ पुलिस लगी हुई है है।

क्या है पूरा मामला

मामल दो वर्ष पहले का है जब पीड़िता अपनी माता व बहन के साथ साढ़ आई हुई थी साढ़ से वापस आते समय गाँव निवासी अमित, रवि सिंह, गुलाब अखिलेश राघवेंद्र व संजय ने दोनों नाबालिक लड़कियों को गाड़ी में खीचने का प्रयास किया था जिसके विरोध में उन्हें बहुत मारपीटा था।उक्त मामले में पीड़ित परिवार ने साढ़ थाने से लेकर मुख्यमंत्री जनता दरबार तक दौड़ लगाई तो उसके बाद मुकदमा दर्ज हुआ था मुकदमा आईपीसी की धारा 354,308,323,504व 506 में मुकदमा दर्ज हुआ था ।जिस मामले में साढ़ पुलिस ने एड़ी चोटी का बूत लगा कर समझौता कराने का प्रयास किया गया था । पीड़िता ने बताया कि साढ़ पुलिस ने उसके पिता के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कर दिया। आरोप है कि साढ़ थाने के दो सिपाही पीड़िता के घर नशे की हालत में पहुच गए ।और उन दोनों सिपाहियों के द्वारा उनकी माता का बलात्कार किया गया। नशे में होने की वजह से दोनों सिपाही मौके से भाग न सके और ग्रामीणों के हाथ लग गए।जिन्हें एक कमरे में बंद कर दिया गया और मामले की जानकारी उच्चाधिकारी पुलिस अधीक्षक को दी गई।मौके पर पहुचे पुलिस अधीक्षक ने घर खुलवा कर दोनो सिपाहियों को बाहर निकलवाया।जिस मामले में कोर्ट ने दोनों सिपाहियों को सजा का ऐलान कर दिया। पीड़िता का कहना है कि उस दिन से आज तक उनके परिवार को साढ़ पुलिस के द्वारा परेशान किया जा रहा है। और 2001 का हवाला देकर पीड़िता और परिवार को साढ़ हल्का इंचार्ज के द्वारा लगातार धमकियां दी जा रही है।जिसकी वजह से वह सभी परिवारी जन गाँव छोड़ने के लिए मजबूर हैं।

यू.पी.कैटेट 2024 की परिक्षा हुई संपन्न

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

यू.पी.कैटेट 2024 की परास्नातक, पीएचडी तथा एमबीए कृषि की प्रवेश परीक्षा बुधवार को शहर के दो परीक्षा केदो जय नारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज विकास नगर एवं कैलाश सरस्वती इंटर कॉलेज कृष्ण विहार पनकी रोड कल्याणपुर मे शांतिपूर्वक संपन्न हुई। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.पी.के.उपाध्याय ने बताया कि परास्नातक एवं पी एच डी में 902 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 851 (94.35 फीसदी) परीक्षार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। जिसमें उपस्थित छात्रों का प्रतिशत 94.35 प्रतिशत और अनुपस्थिति छात्रों का प्रतिशत 5.65 रहा। वही एमबीए में 103 के सापेक्ष 96 परीक्षार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.पी.के.उपाध्याय सहित उनकी टीम ने व डॉ.मुनीश कुमार के नेतृत्व में फ्लाइंग स्कॉट टीम ने प्रवेश परीक्षा केंद्र का बारीकी से निरीक्षण किया।

लाखों का माल लेकर चोर हुआ फरार, सीसीटीवी में हुआ कैद

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

रावतपुर थाना क्षेत्र के हितकारी नगर में किरायेदार कमरा लेकर चोरी की घटना को अंजाम दे फरार हो गया। योजना बना कर चोर ने लाखों की ज्वैलरी समेत कैश पार कर दिया है। चोर ने एक दिन पहले चोरी में प्रयोग होने वाले औजार को कमरे में रख लिया था जिसकी फुटेज गली में लगे कैमरे में कैद हुई है। चोर औजारों से खिड़की काट कर अंदर दाखिल हुआ और अलमारी तोड़ कर उसमे रखी ज्वैलरी और कैश पार कर दिया। पीड़ित ने थाने में शिकायत की है वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन कर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा लिखा है। घटना उसी गली की है जहां कुछ दिन पूर्व एक सिरफिरे युवक ने सब्जी लेकर घर जा रही युवती को गिरा कर छेड़छाड़ की थी।

हितकारी नगर निवासी दीपक गुप्ता ने बताया की बीते शुक्रवार को एक युवक आया और अपने आपको घाटमपुर का निवासी बताते हुए कहा कि वह किसी कंपनी में अप्रेंटिस कर रहा है और उसे दो महीने के लिए कमरा चाहिए। उसने बुजुर्ग मां शिवकली को झांसे में लेकर घर के बाहर का कमरा किराए पर ले लिया। मां ने शाम को अपना आधार कार्ड देने को कहा था।शनिवार को वह अपनी पत्नी मंजू और बच्चों के साथ अयोध्या दर्शन के लिए गए थे। रविवार को वह सुबह घर पहुंचे तो देखा कमरे और अलमारी का ताला टूटा हुआ था। चोरी में प्रयोग किए गए लोहे की गैंती, दो रॉड, पेचकस, ब्लास कमरे के बाहर पड़े थे। अलमारी के लाकर में रखी करीब 10 से 12 लाख की ज्वैलरी और एक लाख रुपए कैश जिसे उसने ऊपर कमरे बनवाने के लिए रखे थे चोरी हो गए। नीचे रहने वाले किरायेदारों से पूछा तो बताया कि कल नया किरायेदार छत पर सोने गया था। किरायेदार के कमरे में गए तो कमरे का ताला बंद था। पुलिस के आने पर कमरा खुलवाया गया। किरायेदार के कमरे में गैंती का बेंट पड़ा मिला जिससे उस पर शक गहराया। आस पड़ोस के कैमरे खंगाले गए तो दिखा कि युवक उसी दिन दोपहर को औजार लेकर कमरे में जाता दिखा। वहीं शाम को कुछ और औजार कमरे में ले गया। कैमरे में दिख रहे वही औजार दरवाजे और खिड़की तोड़ने में प्रयोग किए गए हैं। जिस रात चोरी हुई उस रात उनकी माता जी भी छत पर सो रहीं थीं लेकिन उन्हें भी चोरी का अहसास नहीं हुआ। चार बजे सुबह चोर दो बैग ले जाते से कैमरे कैद हुआ है। चोर उनकी रजिस्ट्री समेत कई जरूरी कागज लेकर फरार हो गया है।

बजरंगियों ने फूंका आतंकवाद का पुतला

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

विश्व हिंदू परिषद के बजरंगदल ने जम्मू कश्मीर में श्रद्धालुओं पर हुए आतंकी हमले से मौत पर आक्रोश जताया है। जिसके लिए कल नगर में प्रदर्शन किया गया। वक्ताओं ने इस दौरान कहा कि जम्मू कश्मीर में वैष्णों देवी कटरा से शिव खोडी जाते समय 9 जून को हिन्दू श्रद्धालुओं की बस पर क्रूर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों ने कायराना हमला किया जिसमें 10 निर्दोष हिन्दू तीर्थयात्री मारे गए, यह संपूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली घटना है इस क्रूरतम दुष्कृत्य से पूरा देश आहत है और तीव्र आक्रोश में है। जम्मू काश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है, धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी है, लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है, हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है।

देश के नई सरकार के शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसिक कृत्य करके इस्लामी आतंकवादियों ने देश के संप्रभुता को चुनौती दी है। बजरंग दल इस कायराना कृत्य की तीव्र निंदा करते हुए महामहिम राष्ट्रपति जी निवेदन करता है, कि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाने का केंद्र सरकार को निर्देश दें तथा इस प्रकार के तत्वों को सरंक्षण देने वाले आ आंतरिक व विदेशी तत्वों का भी कठोरता से समुचित इलाज हो ऐसा केन्द्र सरकार से सुनिश्चित कराने का आग्रह करें।

महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम उपरोक्त ज्ञापन कल कानपुर प्रान्त के सभी जिला केंद्रों पर सक्षम अधिकारियों को सौंपे गए। इसी क्रम में कानपुर महानगर के भी चारों जिला केंद्रों पर इस्लामी आतंकवाद का पुतला दहन कर आक्रोश जताया गया। कानपुर पूर्व के रामादेवी चौराहे पर बजरंग दल प्रांत सह संयोजक अमरनाथ, जिलाध्यक्ष आनंद, जिलामंत्री मुकेश, जिला संयोजक आकाश यादव, कानपुर पश्चिम में प्रान्त विद्यार्थी संपर्क प्रमुख नरेश तोमर, जिला संयोजक रौनक राय, विमल गोस्वामी कानपुर उत्तर में प्रांत सुरक्षा प्रमुख आशीष त्रिपाठी, कृष्ण तिवारी, जिलाध्यक्ष अनुराग दुबे, जिलामंत्री युवराज, जिला संयोजक नरेंद्र सिंह पिंटू, प्रशांत कानपुर दक्षिण के झण्डे वाला चौराहे पर मा0 गंगा नारायण मिश्र, प्रान्त बालोपासना प्रमुख नवीन, जिलाध्यक्ष संत सिंह, विभाग सह संयोजक दिलीप बजरंगी, जिला सह संयोजक प्रांजुल तथा विशाल बजरंगी, वैभव अग्रवाल के नेतृत्व में सैकड़ों बजरंगियों ने पाकिस्तान पोषित इस्लामिक आतंकवाद का पुतला दहन कर ज्ञापन सौंपा।

क्राइम ब्रांच ने शातिर ऑटो चालक को दबोचा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर की क्राइम ब्रांच पुलिस ने ऑटो रिक्शा की आड़ में चोरी की और लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक आरोपी को सीसीटीवी कैमरों की मदद से गिरफ्तार किया है। आरोपी के द्वारा नोएडा से कानपुर नगर के थाना काकादेव क्षेत्र स्थित शास्त्री नगर में अपनी मां के यहां आई हुई एक महिला को अपना शिकार बनाया गया था। पुलिस टीम ने आरोपी के साथ-साथ सोना खरीदने वाले ज्वैलर्स और एक महिला को भी पूछताछ के लिए उठाया है जो ई-रिक्शा चलाती है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीती 29 मई नोएडा से स्नेह लता त्रिपाठी ट्रेन के जरिए कानपुर अपने काकादेव थाना क्षेत्र स्थित शास्त्री नगर मायके में पहुंचने के लिए घंटाघर स्टेशन पर उतरी थी। उन्होंने घर आने के लिए एक ऑटो बुक किया था। आरोप है कि उनका पर्स ऑटो में ही छूट गया जिसमें पैसे और जेवरात थे। ऑटो चालक के वापस न आने के बाद उनके द्वारा थाना काकादेव और क्राइम ब्रांच पुलिस में शिकायत की गई थी। बीते दिन बुधवार को क्राइम ब्रांच पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक ओम शंकर पटेल को दबोच लिया तो एक बड़ा खुलासा हुआ। सूत्रों की माने तो ऑटो चालक एक शातिर लुटेरा है वह पहले भी जेल जा चुका है। सोनभद्र का रहने वाला है लेकिन काशीराम कॉलोनी में रहकर ऑटो चलाता है। उसे ऑटो में महिला के जेवर जो मिले थे उसने ज्वैलर्स को बेच दिया था। साथ ही साथ एक विधवा ई रिक्शा चलाने वाली महिला को भी शायद उसने जेवर रखने के लिए दिए थे।

क्राइम ब्रांच पुलिस ने ज्वैलर्स और महिला को भी पूछताछ के लिए उठाया है। बुधवार को ही पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई थी।

QR कोड को स्कैन करके भी शपथ कर सकेंगे ग्रहण

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। विश्व योग दिवस के अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के दिशा निर्देशन में शपथग्रहण का एक विशाल आयोजन किया जा रहा है। जिसका लक्ष्य गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करना है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.अनिल कुमार यादव ने कहा कि इस महत्वपूर्ण आयोजन में हम सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमे स्वयं को, विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, कर्मचारीयों, छात्र-छात्राओं, उनके परिवारजनो, एल्यूमनाई और समाज के अन्य सदस्यों को इस अनुष्ठान में शामिल करना है। विश्वविद्यालय के नाम में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर का चयन करें। उन्होंने बताया कि दिए गए क्क्रकोड को स्कैन करके भी शपथ ग्रहण किया जा सकता है।

बिठूर मनु शत्रुपा की पहली राजधानी थी : निरंजनानंद जी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिठूर से ही समस्त जीवों की उत्पत्ति हुई है। सर्वप्रथम इसी स्थान पर जगत पिता ब्रह्मा जी ने मनु शतरूपा को उत्पन्न किया था। यह अमृत वचन निरंजनानंद धनंजय शास्त्री ने बिठूर के भवन में चल रहे मां भागीरथी प्राकटय महोत्सव कीर्तन के 50 वें स्वर्ण जयंती उत्सव के दौरान कहे।

उन्होंने कहा मनुष्य को सर्वप्रथम कैसे रहना चाहिए इसका संविधान इसी धरती पर मनु राजा द्वारा किया गया था। ब्रह्मावर्त क्षेत्र युगो युगो से मानव सृष्टि का केंद्र माना गया है। गंगा मां के अवतरण से पहले की यह भूमि है। वेद अनादी है। श्री हरि अर्थात विष्णु भगवान के आदेश पर परमपिता ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की है। सृष्टि की रचना ही वेदों से हुई है। वेद श्री हरि के शब्द रूप है। कार्यक्रम प्रमुख रूप से आयोजक विनायक राव टोपे, व्यवस्थापक विमल कुमार दीक्षित, श्रीमती विजय श्री पुंरदरे, अनंत पुंरदरे, सदाशिव राव पुंरदरे, सुमति टोपे, नरहरि कालविंट, तृप्ति कालविंट, आशु टोपे, हेमश्री चांदोरकर, प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

वाहन चोरी कर लूटपाट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

थाना नजीराबाद पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी कर लूटपाट करने वाले तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के पास से चोरी के पांच दो पहिया वाहन भी बरामद किए गए हैं।

प्रेस वार्ता के दौरान डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना नजीराबाद पुलिस को कुछ समय पहले थाना क्षेत्र मे हुई महिला के साथ चैन लूट के सम्बन्ध में आपरेशन त्रिनेत्र के द्वारा लगाये गये सीसीटीवी कैमरो की सहायता से शातिर लुटेरों आकाश सोनवानी उर्फ नंदू पुत्र सुखलाल निवासी चेतना स्कूल अंबेडकर नगर पार्क डबल पुलिया थाना काकादेव कानपुर नगर, सूरज कश्यप उर्फ पोपे पुत्र राजेंद्र कश्यप निवासी 116/1015 रावतपुर गांव गणेश नगर थाना रावतपुर, साहिल उर्फ सरवर पुत्र मोहम्मद इमरान निवासी मस्वानपुर टेंडेरी थाना रावतपुर को मय चोरी गयी मोटर साइकिल के पार्ट्स व लूटी गयी चैन के रूपये व चोरी में प्रयुक्त वाहन लोडर के साथ गिरफ्तार किया गया। तथा मौके से दो अभियुक्तगण तारिक उर्फ बब्लू व सलमान जो कि चोरी की गयी गाड़ियो को खरीद कर उनके पार्ट्स को बेच कर मोटी कमाई करते थे जो कि मौके से भागने में सफल रहे जिनको गिरफ्तार करने हेतु टीम लगातार दविश दे रही है।

आरोपियों को गिरफ्तार करने में मुख्य भूमिका

- उ0नि0 यशवीर सिंह चौकी प्रभारी अशोक नगर
- उ0नि0 डीसी राजपूत चौकी प्रभारी बीट थाना नजीराबाद
- उ0नि0 कुमार सौरभ चौकी प्रभारी आर0के0 नगर
- का0 दिनेश कुमार थाना नजीराबाद
- का0 गुरबचन सिंह थाना नजीराबाद
- का0 सोनू थाना नजीराबाद

मिल्कीपुर वि.स. से राममोहन भारती को बीजेपी बना सकती है उम्मीदवार

33 वर्षों से संघ की पृष्ठभूमि से जुड़े राममोहन रामजन्मभूमि आंदोलन में तीन बार जा चुके हैं जेल

* 2010 से लगातार जिला कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण पदों पर है भारती

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

लोकसभा चुनाव में अयोध्या में मिली अप्रत्याशित हार के बाद होने वाले मिल्कीपुर विधानसभा उप चुनाव के लिए सत्ताधारी भाजपा में प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित मिल्कीपुर विधानसभा में गत चुनाव में रनर प्रत्याशी रहे गोरखनाथ बाबा की हार उनको फिर से प्रत्याशी बनाए जाने में रोड़ा साबित होते हुए देखकर तमाम अन्य उम्मीदवार भी ताल ठोकने लगे है। जिसमे नीरज कन्नौजिया, बबलू पासी, चन्द्रकेश रावत, विनय कुमार रावत, जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी, पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी के साथ ही संघ की पृष्ठभूमि से विगत 33 वर्षों से रामजन्म भूमि आंदोलन से जुड़े बीजेपी के वर्तमान जिला उपाध्यक्ष मिल्कीपुर मंडल के प्रभारी राममोहन भारती का नाम चर्चा में है। 1990 में रामजन्मभूमि आंदोलन के दौरान जेल जा चुके राममोहन भारती भाजपा के एक सशक्त कैडर के सिपाही है। रामजन्मभूमि आंदोलन में हुई कारसेवा के दौरान तीन बार जेल यात्रा कर चुके है। पहली बार 1990 मे जब वह नाबालिग उम्र के थे यानी मात्र 17 साल की आयु में वह कारसेवा में जेल गए और बहराइच में लगभग एक से डेढ़ माह जेल में रहे। 1992 में बाबरी विध्वंस के समय भी फैज़ाबाद जेल में 10 से 12 दिन जेल में रहे। वही तीसरी बार 2013 में जब संघठन ने 84 कोसी परिक्रमा का एलान किया तो भी भारती को सरकार ने संघ के स्वयंसेवक बीजेपी का सक्रिय कार्यकर्ता होने के कारण लखनऊ जेल में रखा था। कुल मिलाकर यह कहे कि श्री भारती ने बीजेपी पार्टी में एक सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में अपनी उन सभी जिम्मेदारीयों का बखूबी निर्वहन किया जो संगठन उन्हें समय समय पर देता रहा।

पार्टी सूत्रों की माने तो पार्टी इस बार संघ की पृष्ठभूमि से जुड़े पार्टी कार्यकर्ता को ही प्रत्याशी बनाने पर विचार कर रही है। ऐसे में भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष तारुन से शुरू उनकी यह राजनीतिक यात्रा अनवरत जारी है। पार्टी के प्रति एक निष्ठा का ही परिणाम रहा कि राममोहन भारती वर्ष 2010 से लगातार अयोध्या जिले के पदाधिकारी के रूप में प्रतिष्ठित रहे। उन्होंने बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह,रामकृष्ण तिवारी,अवधेश पांडेय बादल और वर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह के साथ जिला कार्यकारिणी में कार्य कर रहे है। राममोहन भारती के साथ जो बात सबसे महत्वपूर्ण है वह यह कि वह आरएसएस के स्वयंसेवक के साथ ही एक निर्विवादित व्यक्तित्व के धनी है। वही दूसरी तरफ पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा 2022 से विधानसभा चुनाव में अवधेश प्रसाद से पराजित हुए थे। जिसके बाद 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में अवधेश प्रसाद लल्लू सिंह को हराकर प्रतिष्ठापूर्ण अयोध्या सीट से अब सांसद बन गए हैं।

पद्म-विभूषण, पद्म-भूषण, पद्म श्री उपाधियों हेतु करें आवेदन

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 को पद्म-विभूषण, पद्म-भूषण तथा पद्मश्री की उपाधियां भारत सरकार द्वारा दी जानी है। भारत सरकार द्वारा उक्त उपाधियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था की गई है, जिसके फलस्वरूप सम्बन्धित महानुभाव/महानुभावों के बारे में संस्तुतियों राज्य सरकार द्वारा ऑनलाइन भारत सरकार को भेजी जानी है। जिला सूचना अधिकारी अनुराग रंजन ने जानकारी देते हुए बताया है कि उपाधियों के लिए महानुभाव/महानुभावों के नाम प्रस्तावित करने एवं उनके व्यक्तित्व व कृतित्व के सम्बन्ध में वांछित सूचना ''साइटेशन'' दो प्रतियों में प्रपत्र पर वांछित सूचना के साथ जिला सूचना कार्यालय रायबरेली में उपलब्ध करवाने करवा दें। जिससे कि समेकित की सूचना जिलाधिकारी की संस्तुति सहित 20 जुलाई 2024 तक मूलरूप में उ0प्र0 शासन व निदेशालय (क्षेत्र प्रचार प्रभाग) में उपलब्ध कराई जा सके। अधिक जानकारी के लिए जिला सूचना कार्यालय रायबरेली से सम्पर्क कर सकते हैं।

संविदा और आउट सोर्सिंग कर्मचारियों का स्थाईकरण करते हुए राज्य सरकार शेष रिक्त पदों में तत्काल भर्ती करें: विजय विद्रोही

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

आल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस (ऐक्टू) के प्रदेश अधिक विजय विद्रोही ने उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री जी ने अपनी चुनाव के बाद पहली कैबिनेट मीटिंग में प्रदेश में हर विभाग की रिक्तियों का डेटा संग्रहित कर भर्ती प्रक्रिया को जल्दी से जल्दी शुरू करने के आदेश पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में राज्य सरकार के विभिन्न क्षेत्रों में 40 लाख से अधिक पद रिक्त हैं। इनमे कुछ पदो पर संविदा कुछ पर आउट सोर्सिंग पर कर्मचारी नियोजित हैं और अधिकांश पद रिक्त हैं उन्हे या तो विलुप्त कर दिया गया है या उनके विलोपन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के सिर्फ चतुर्थ श्रेणी में लगभग 3.5 लाख पद रिक्त हैं। स्वास्थ्य विभाग में इसी तरह 42त्न पद रिक्त हैं। जिनमे चिकित्सक, नर्सेज, एएनएम, तकनीशियन और अन्य स्वास्थ्य सहायक हैं। पूरे प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध 60,000 से अधिक बेड के सापेक्ष आवश्यक स्टाफ में कमी के छोटे हिस्से को आउट सोर्सिंग, संविदा के जरिए भर कर काम चलाया जा रहा है। आश्चर्य जनक है कि संजय गांधी पीजीआई और और मेडिकल कॉलेज जैसे संस्थान 35 से 40त्न नर्सेज और अन्य कर्मचारियों की कमी से जूझ रहें हैं वहां भी आउट सोर्सिंग और संविदा में नियोजन के जरिए काम चलाने की दुर्भाग्यपूर्ण कोशिश जारी है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में संविदा में एक लाख से अधिक कर्मचारी अपने तमाम मौलिक संवैधानिक अधिकारों से वंचित हैं। वहां पर भी अभी भी विभिन्न स्तरों पर 25 से 40 त्न पद रिक्त हैं। उन्होंने आगे कहा कि राज्य परिवहन, सिंचाई, बिजली, सेनिटेशन, राजकीय लोकनिर्माण आदि विभागो का अधिकांश हिस्सा भी ठेका, संविदा और आउट सोर्सिंग कर्मियों के हवाले है। बेसिक शिक्षा में शिक्षको की भारी कमी है, 52000 प्राथमिक और जूनियर स्कूलों को बंद कर देने के बावजूद अभी भी वहां 1 लाख से अधिक शिक्षको की कमी है। इसी तरह माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिक्षको और अन्य कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे हैं ।पूरे ढांचे पर अगर नजर डालें तो प्रदेश के एक बहुत बड़े हिस्से में ठेका ,संविदा और आउट सोर्सिंग के नाम पर कंपनियों का कब्जा है।

काम. विद्रोही ने कहा कि प्रदेश की सरकार अगर सच में इस दिशा में ईमानदारी से बढ़ना चाहती है तो पूरे प्रदेश में संविदा, ठेका और आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को उनके पदो मे स्थाई करने की तरफ बढ़ना चाहिए। क्योंकि राज्य स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उद्यान, बन, कृषि, राज्य परिवहन, सिंचाई, बिजली, सेनिटेशन, लोकनिर्माण आदि विभागो में कार्यरत कर्मचारी पूरी निष्ठा से वर्षो से पूरी कुशलता के साथ अपनी सेवाए दे रहे हैं, और हर दिन वे अपनी दक्षता साबित करते आ रहे हैं। तत्पश्चात बचे हुए रिक्त पदों पर भर्ती को विज्ञापित करना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि दशकों से यह विधि मान्य व्यवस्था चली आ रही है कि संविदा या अन्य किसी भी तरह किसी कर्मचारी की सेवाओं और उसकी कुशलता के आधार पर उसे स्थाई होने का वैधानिक हक है। माननीय उच्चतम न्यायालय ने अभी हाल ही में अपने कई आदेशों में संविदा कर्मियों को स्थाई किए जाने के आदेश पारित किए हैं।

राजस्व कार्यों को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस। अमेठी

जिलाधिकारी निशा अनंत ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ राजस्व कार्यों के विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा बैठक की।बैठक में समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व से संबंधित प्रकरण को ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।निस्तारण में यदि कहीं कोई परेशानी आ रही है,तो उसकी जांच कर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि थानो का नियमित निरीक्षण, अंश निर्धारण, घरौनी, वरासत, खसरा, ई परवाना,निवेश मित्र, धारा-80, धारा 34, धारा-67, धारा-116, कब्जा परिवर्तन, और कृषक दुर्घटना इत्यादि प्रकरणों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी मामले को गंभीरता से सुना जाए व भौतिक सत्यापन कर कार्यवाही करें। किसी भी प्रकरण को लंबित न रखा जाए तथा कार्यवाही अमल में लाई जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम, समस्त उपजिलाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर की भर्तियां हेतु ब्लाक कैंप की तिथियां निर्धारित

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने बताया कि सिक्योरिटी स्किल काउन्सिल इण्डिया लिए (एस0एस0 सी0आई0) द्वारा भर्ती रजिस्ट्रेशन कैम्प में जिले के बेरोजगार 10वीं पास या फेल नवयुवकों को रोजगार प्रदान किये जाने हेतु विकास खण्डों में कैम्प लगाये जाने हेतु तिथिवार रोजस्टर निर्धारित किया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों ने इन शिविरो के सफल आयोजन के लिए सभी खण्ड विकास अधिकारियो को निर्देशित किया गया है कि वे आपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे तथा भर्ती अधिकारी सत्येंद्र कुमार द्वारा आयोजन को लेकर अपेक्षाओ के अनुरूप अपना सहयोगात्मक योगदान देंगे।

कंपनी के डिप्टी कमांडेंट (रजनीश राय) बताया कि जनपद के सभी विकास खण्ड मुख्यालयों में एसआईएस इंडिया लि0 जौनपुर के तत्वाधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु शिविर का आयोजन किया जायेगा। एसआईएस इंडिया लि0 भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी है।

जो सुरक्षा प्रदान करने का कार्य पूरे भारत व विदेशो में कर रही है। इस शिविर में सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर की नियुक्ति की जायेगी। शिविर का आयोजन कोविड-19 के प्रावधानो के तहत सोशल डिस्टेंसिंग व मास्क का प्रयोग के साथ किया जाना होगा।

विकास खण्ड मुख्यालयो पर तिथिवार आयोजित शिविर के पूर्ण विवरण अनुसार तिथियां ब्लाक स्तर पर निर्धारित की गई है। 19 व 20 जून को राही व अमावा ब्लॉक में, 21 व 22 जून को बछरावां व डलमऊ ब्लॉक में, 23 व 24 जून को खीरों व लालगंज ब्लाक में, 25 व 26 जून को महाराजगंज व सलोन ब्लॉक में, 27 व 28 जून को सरेनी व सताव ब्लॉक में, 02 और 03 जुलाई को ऊंचाहार व छतोह ब्लॉक में, 04 और 05 जुलाई को डीह व दीनशहगौरा ब्लॉक में, 06 और 07 जुलाई को जगतपुर व शिवगढ़ ब्लॉक में, 08 और 09 जुलाई को हरचंदपुर व रोहनिया ब्लॉक में शिविर का आयोजन होगा।

भर्ती अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर पद के लिए शारीरिक माप दण्ड जिसमें लम्बाई 168 सेंमी, सीना 80-85 सेंमी तथा उम्र 19 से 40 के बीच ,वजन 56 से ज्यादा 90 से कम, योग्यता हाईस्कूल पास होना चाहिए। उन्होंने इच्छुक बेरोजगार युवको को उक्त निर्धारित तिथियां अपनी सुविधानुसार संबंधित ब्लाको में निर्धारित शिविर में भर्ती हेतु प्रतिभाग कर सकते है जिसमें चयनित अभ्यर्थियो का पंजीकरण करने के लिए 350 रू0 ऑनलाइन जमा करना होगा। पंजीकृत चयनियत अभ्यर्थियो को प्रशिक्षण अथवा ट्रेनिंग के लिए जौनपुर भेजा जायेगा, जहाँ प्रत्येक चयनित एवं इच्छुक उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के दौरान एक माह प्रशिक्षण के उपरान्त उन्हें तैनाती स्थलो पर सुरक्षा के कार्य में स्थाई तैनाती दिया जायेगा। जहाँ नौकरी के दौरान पीएफ ईएसआई, ग्रेच्युटी, इन्स्युरेन्स, पेंसन एवं अन्य। उन्होंने आगे बताया कि किसी ब्लॉक के अभ्यर्थी किसी भी ब्लॉक में भर्ती देख सकते हैं।

डीएम-एसपी ने थाना इन्हौना में नव निर्मित महिला पिंक बूथ का किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। अमेठी

जिलाधिकारी निशा अनंत एवं पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने बुधवार को इंडोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जगदीशपुर द्वारा सीएसआर के अंतर्गत प्रदत्त एवं स्थापित थाना इन्हौना में नव निर्मित महिला पिंक बूथ का फीता काटकर उद्घाटन किया। जनपद में इण्डोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जगदीशपुर के सहयोग से **मिशन शक्ति** अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व उनके उत्थान हेतु पिंक बूथ की स्थापना की गई। इस पिंक बूथ के माध्यम से महिला सम्बन्धी अपराधों में तत्काल सहायता एवं सुरक्षा प्रदान की जा सकेगी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह, अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी तथा इण्डोरामा जगदीशपुर के सीओओ राजेन्द्र शंखे, हेड एचआर मनोज कुमार झा, सीएसआर हेड अभिनव सिंह एवं थानाक्षेत्र के संभ्रान्त व्यक्ति मौजूद रहे।

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रधान संघ ने दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद के अकबरपुर विकास खंड में अखिल भारतीय प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मानसिंह द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी अकबरपुर को सौंपा उन्होंने ने कहा की 15 दिसम्बर 2021 को प्रदेशभर के प्रधान साथियों को डिफेंस एक्सपो मैदान लखनऊ में आंमत्रित करके जो घोषणाएं की गयी थी, जिन पर अमल करना तो दूर ग्राम पंचायतों को प्रयोगशाला बनाते हुए नित नए-नए शासनादेश जारी कर विकास कार्यों में अवरोध पैदा किया जा रहा है। जिससे ग्राम पंचायतों के निर्वाध विकास के लिए लोकहित में अखिल भारतीय प्रधान संगठन की मांगो पर तत्काल अमल किया जाना आवश्यक है। प्रधान संघ के अध्यक्ष ने कहा कि ग्राम पंचायत में नियुक्त डाटा एंट्री ऑपरेटर, शौचालय केयरटेकर एवं प्रधान के मानदेय की व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा अलग से करने का वादा किया गया था, जिस पर तत्काल अमल किया जाय। रजिस्टर्ड डिप्लोमा होल्डर अथवा जनपद में नियुक्त किसी भी तकनीकी सहायक से स्टीमेट बनवाने की छूट का प्राविधान करने का आश्वासन दिया गया था, जिस पर तत्काल अमल किया जाय। जिले के प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं जिला पंचायत सदस्यों की सहभागिता में पंचायतों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए जनपद स्तर पर माह में एक बार जनपद के जिला अधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में पंचायत दिवस मनाये जाने का वादा किया गया था. जिसका यथाशीघ्र क्रियान्वयन कराया जाय। इसके अतिरिक्त अखिल भारतीय प्रधान संगठन की अन्य मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करके इसके क्रियान्वयन हेतु निर्देश/शासनादेश जारी किया जाए और एक अभिनव प्रयोग करते हुए निदेशक पंचायतीराज के द्वारा मानदेय पर नियुक्त अप्रशिक्षित पंचायत सहायक/एकाउण्टेट कम डाटा एंट्री आपरेटर को पंचायत गेट वे साफ्टवेयर को एकीकृत करते हुए अपने रजिस्टर्ड मोबाइल से पंचायत सचिवालय में स्थापित कम्प्यूटर सिस्टम द्वारा भुगतान हेतु अधिकृत कर दिया गया तथा बिना किसी तकनीकी प्रशिक्षण एवं क्षमता का आकलन किए बिना ही जिम्मेदारी सौंप दी गई। वर्ष 1993 में पारित विधान संशोधन विधेयक के तहत 29 विषय उनसे जुड़े अधिकार कोष कार्य और पंचायतों को सौंपकर केन्द्रीकरण की आदर्श व्यवस्था लागू की जाए। राज्य वित्त अयोग प्रशासनिक सुधार आयोग की समस्त प्रमुख सिफारिशों को उत्तर प्रदेश में लागू किया जाए। सदस्यों की शास्त्र लाइसेंस जारी करने में प्राथमिकता दी जाए। प्रधानों व सभी त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकरण से पूर्व उपनिदेशक पंचायतीराज से अनुमति का प्राविधान किया जाय तथा किसी झूठी शिकायत मिलने पर शिकायतकर्ता के विरुद्ध भी कानूनी कार्यवाही अनिवार्य की जाए। पंचायत से जुड़े राजस्व कर्मी, पंचायत की, आंगनबाडी, राशन कोटेदार व प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों की उपस्थिति कार्य प्रमाणन, निलंबन की संस्तुति सहित सभी मामलो में पंचायतों को पूर्ण अधिकारी दिया जाय इस दौरान अखिल भारतीय प्रधान संघ के अध्यक्ष के साथ प्रधान नैली आकाश वर्मा, प्रधान परस कटुई पिंकी सिंह, रंजना, रेनू पाल, साधना, माधुरी सुशीला देवी रंजना सहित कई ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

लड़की भगाने वाले अभियुक्त गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/बीकापुर -अयोध्या। बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के चौरे बाजार चौकी अंतर्गत लगभग एक मांह पूर्व घर से गायब हुई लड़की के पिता बरहूपुर निवासी की शिकायत पर कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 170 /24 धारा 363, 366 में मुकदमा पंजीकृत करने के बाद विवेचना कर रही एस आई प्रियंका वर्मा की मेहनत पर लगभग 1 सप्ताह पूर्व लड़की को बरामद करके मेडिकल जांच के बाद धारा 376 की बढ़ोतरी करते हुए उक्त केस की अभियुक्त उमेश कुमार पुत्र राधेश्याम निवासी पहाड़ियां पर थाना हरिद्वार जिला लखीमपुर को किसी तरह से बुधवार को सुबह लगभग 8-30 बजे देश दीपक विद्यालय के पास से मुखबिर की जानकारी मिलने पर अपने हमराही सिपाही के साथ गिरफ्तार करके जेल भेजने में सफल रही हैं। उमेश ने बताया कि उक्त क्षेत्र में गान्ने की छिलाई के लिए मजदूरी करने आया था उसी में इस लड़की से संबंध बनने पर साथ लेकर चला गया था। पुलिस तथा स्थानीय लोगों के दबाव के चलते आया था। कि पुलिस को किसी माध्यम से जानकारी होने पर मुझे गिरफ्तार कर धारा 363, 366 व 376 आईपीसी में जेल भेजा जा रहा है।

जम्मू कश्मीर में श्रद्धालुओं के ऊपर हुए आतंकी हमले को लेकर विश्व हिन्दू परिषद ने सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जम्मू-कश्मीर में वैष्णा देवी के दर्शन के लिए जाते समय श्रद्धालुओं की बस पर आतंकियों द्वारा फायरिंग के बाद बस के गहरी खाई में गिरने से 10 श्रद्धालुओं की मौत को लेकर देशभर में लोगों में आक्रोश है। आतंकी हमले को लेकर जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और अन्य हिंदूवादी संगठनों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर घटना पर आक्रोश जताते हुए नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।जिला संयोजक अलोक चौरसिया की अगुवाई में जिलाधिकारी को महामाहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की।विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल सहित अन्य हिंदूवादी संगठनों के दर्जनों पदाधिकारी-कार्यकर्ता बुधवार सुबह कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए। यहां हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने जम्मू-कश्मीर में वैष्णो देवी के दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं पर आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। इसके बाद जिला मंत्री विकास मौर्य और जिला संयोजक अलोक चौरसिया की अगुवाई में महामाहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद प्रदीप पाण्डे ने बताया-जम्मू कश्मीर में वैष्णो देवी कटरा से शिव खोड़ी जाते समय 9 जून को हिंदू श्रद्धालुओं की बस पर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकियों ने कायराना हमला कर दिया। साथ ही फायरिंग की,जिससे बस गहरी खाई में गिर गई और इस घटना में 10 निर्दोष हिंदू श्रद्धालुओं की मौत हो गई। यह पूरे देशवासियों को स्तब्ध करने वाली घटना है और इस क्रूरतम दुष्कृत्य से पूरा देश आहत है और देशवासियों में आक्रोश है। जिला कर्याध्यक्ष हृदय मणि मिश्र व जिला मंत्री विकास मौर्य ने कहा पिछले काफी समय से जम्मू पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है। धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी, लेकिन लगता है कि उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ। हिंदुओं को चिन्हित कर उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं और इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है। इस दौरान प्रान्त सत्संग प्रमुख श्याम बाबू गुप्ता जिला अध्यक्ष प्रदीप पाण्डेय जिला संरक्षक राम आशीष मिश्रा कार्याध्यक्ष हृदयमणि,उपाध्यक्ष बृजेश सिंह सहमंत्री संजय सेवा प्रमुख आशीष नगर संयोजक राकेश और अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहें।

तदर्थ शिक्षकों ने वेतन भुगतान को लेकर दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। 30 दिसम्बर 2000 के पूर्व नियुक्त तदर्थ शिक्षकों ने संयुक्त शिक्षा निदेशक अयोध्या तथा जिला विद्यालय निरीक्षक अयोध्या कार्यालय में ज्ञापन देकर वेतन भुगतान करने की मांग की गयी। ध्यातव्य है कि 30 दिसम्बर 2000 के पूर्व नियुक्त तदर्थ शिक्षकों जिनका विनियमितीकरण नहीं हो पाया था शासन द्वारा 09 नवंबर 2023 को इनकी सेवा समाप्त कर दी गई और बाद में इनका विनियमन खारिज कर दिया जिससे आहत होकर इन शिक्षकों द्वारा उच्च न्यायालय याचिका का दायर की गई मा0 न्यायालय ने शासन के आदेश तथा जेडी द्वारा खारिज किए गए विनियमतीकरण के आदेश को खारिज करते हुए तत्काल निरन्तर वेतन भुगतान तथा सेवा बहाल करने का आदेश पारित किया गया है। तदर्थ शिक्षकों ने शिक्षा भवन अयोध्या में आधिकरियों से न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराये जाने की मांग की गयी । ज्ञापन देने वालों में प्रदीप कुमार पांडेय, अजीत कुमार सिंह, शशिकांत त्रिपाठी, रणधीर सिंह, कृष्ण प्रताप सिंह, राकेश प्रताप सिंह, राजेंद्र प्रसाद सिंह, अशोक कुमार सिंह, राय कुमार, विनय प्रताप सिंह, दल सिंगार वर्मा आदि शामिल रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार ली शपथ, संत महंत गदगद: राजेश महाराज

जन एक्सप्रेस। अयोध्या धाम

अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में श्री अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश महाराज ने प्रेस प्रतिनिधि से भेंट वार्ता के दौरान बताया कि हमारे देश के ईमानदार, गरीबों के मसीहा, किसान हितैषी नरेंद्र मोदी पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से अयोध्या का पूरा संत समाज खुशी से गदगद है। उन्हें इस देश के करोड़ो देश वासियो के साथ जनता का प्यार व आशीर्वाद प्राप्त है। दो बार प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने गरीबों, बेसहारा महिलाओं बच्चों के लिए जितना कार्य किया है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वृद्धा पेंशन, आयुष्मान कार्ड योजना, गरीब महिलाओं को फ्री गैस सिलेंडर बच्चों को शिक्षा, गरीबों की दवा, किसान सम्मान निधि, पेंशन योजना इत्यादि बेहतर सुविधा प्रदान किया गया। श्री अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश महाराज ने आगे बताया कि दंगा मुक्त भारत, सबका साथ सबका विकास, देश को तरक्की के रास्ते पर ले जाकर पूरी दुनिया में बड़ी अर्थव्यस्था के रूप में पहचान दिलाई। राम मंदिर बनवाकर हिंदुत्व, सनातन धर्म और संस्कृति की गरिमा को कायम किया। पूरे देश में अमन चैन व शांति का माहौल कायम किया द्य आज भारत देश ही नही विदेशो में भी मोदी के नाम का डंका बज रहा है।

बैंक शाखा प्रबंधक के रवैये से ग्राहक परेशान

जन एक्सप्रेस। बीकापुर- अयोध्या

सरकार की रीतियो और नीतियों को अपने हिसाब से चला कर भोली भाली जनता को परेशान करना ही भाजपा के हार का कारण बताते हुए खेती किसानी करने वाले दिनेश तिवारी ने बैंक आफ बडौदा खजुराहट गोला बाजार की शाखा प्रबंधक पर एडियल रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार जनता को सुविधा देने के लिए अपना पैसा जमा करने और निकालने के लिए भी बैंक ना जाना पड़े इसके लिए पास के फ्रेंचाइजी के यहां से अंगूठा आदि तरह-तरह की सुविधा देकर जनता के कीमती समय को बचाने का प्रयास करती है। लेकिन श्री तिवारी ने शाखा प्रबंधक प्रियंका सिंह पर आरोप लगाते हुए ?50 नाजायज खर्च करवरकर नई पासबुक के लिए ऑनलाइन करवाने का आरोप लगाया है श्री तिवारी ने आरोप लगाते हुए बताया कि कई विद्यालय में बच्चों के पासबुक के दुरुपयोग के लिए तरह-तरह के पासबुक बनाने का उक्त शाखा प्रबंधक पर लोगों द्वारा आरोप लगाया गया है। जिसकी शिकायत भी कई अधिकारियों से होने की बात प्रकाश में आई है। ग्रामीण बैंक गोला बाजार में ग्राहकों को परेशान करने का आरोप कटारी निवासी सुशील पांडेय, हृदयपुर निवासी संजय पाठक ,महवा गांव के सत्य श्याम ,आदि लोगों ने लगाते हुए बताया कि बैंक में ग्राहक अपने निजी कार्य बैंक से संबंधित कार्य को लेकर जाता है।तभी शाखा प्रबंधक अपनी मोबाइल से ऑनलाइन काल पर अपने रिश्तेदारों से या परिचितों से बात करती रहती है। उन्हें ग्राहक के कार्य और समय से कोई लेना-देना नहीं रहता हैं। अपनी मौज मस्ती से मतलब मतलब रहता है। जिससे ग्राहकों का समय भी बर्बाद होता है। शाखा प्रबंधक पर यह ग्राहकों द्वारा चर्चा होती है। की कह रहीम कैसे निभाय केर -बेर के संग वे डोलत रस आपने उनके फाटत अंग की कहावत चरित्र होती है। उक्त आरोप लगाते हुए तरह-तरह की परेशानियों की चर्चा करते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में ग्राहकों के आने पर ना बहार कहीं छाये मे साईकिल व मोटरसाइकिल खड़े करने की जगह है ना ही अंदर आने पर इस भीषण गर्मी में भी किसी को पानी पीने के लिए ही रखा गया है। उक्त शाखा में सितंबर 2023 से आई शाखा प्रबंधक के कार्यों से असंतुष्टि व्यक्त करते हुए जल्द ही उच्च अधिकारियों के पास लिखित करने को ग्राहकों ने कहां है।

बात करती रहती है। उन्हें ग्राहक के कार्य और समय से कोई लेना-देना नहीं रहता हैं। अपनी मौज मस्ती से मतलब मतलब रहता है। जिससे ग्राहकों का समय भी बर्बाद होता है। शाखा प्रबंधक पर यह ग्राहकों द्वारा चर्चा होती है। की कह रहीम कैसे निभाय केर -बेर के संग वे डोलत रस आपने उनके फाटत अंग की कहावत चरित्र होती है। उक्त आरोप लगाते हुए तरह-तरह की परेशानियों की चर्चा करते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में ग्राहकों के आने पर ना बहार कहीं छाये मे साईकिल व मोटरसाइकिल खड़े करने की जगह है ना ही अंदर आने पर इस भीषण गर्मी में भी किसी को पानी पीने के लिए ही रखा गया है। उक्त शाखा में सितंबर 2023 से आई शाखा प्रबंधक के कार्यों से असंतुष्टि व्यक्त करते हुए जल्द ही उच्च अधिकारियों के पास लिखित करने को ग्राहकों ने कहां है।

रामनगरी अयोध्या में जेठ के तीसरे मंगल को साकेत ठेला एवं पटरी दुकानदार समिति ने किया भव्य भंडारे का आयोजन

जन एक्सप्रेस। अयोध्या धाम

जेठ के तीसरी मंगल के शुभ अवसर पर प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया जिसमें अयोध्या आए हुए श्रद्धालुओं को चावल पूरी सब्जी और बूंदी का प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरण किया गया जिसमें साकेत ठेला व पटरी दुकानदार समिति के अध्यक्ष विरचन शाह, उपाध्यक्ष विजय अग्रहरि और उनके कार्यकर्ता द्वारा यह कार्यक्रम का आयोजन रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि महापौर गिरीश पति त्रिपाठी अतिथि परशुराम दास संकट मोचन हनुमान मंदिर वासुदेव घाट पार्षद अंकित त्रिपाठी लक्ष्मण घाट पार्षद महेंद्र शुक्ला, पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ,संचालन ओंकारनाथ पांडे जी के हाथों द्वारा कार्यक्रम किया गया। और विशेष सहयोगी स्वामी विशंभर पाठक, ज्ञानचंद, हीरालाल, पविस साहनी, विजय सिंह ,महेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, राधे मोहन, बृजेंद्र श्रीवास्तव आदि लो

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । गुरुवार । 13 जून 2024

तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	45°C	32°C
कानपुर	45°C	33°C
देहरादून	42°C	27°C
नई दिल्ली	45°C	33°C

मोदी के 400 पार वाले दावे की जनता ने निकाली हवा: अजय राय

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ में यूपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने अयोध्या में एनएसजी हब बनाए जाने की चर्चा पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा अच्छी बात है, लेकिन बीजेपी ने अयोध्या वासियों का दिल नहीं जीता। उन्होंने नीट की परीक्षा में हुई धांधली पर कहा कि देश के स्टूडेंट परेशान हैं। प्रदेश में अब तक 19 बार पेपर लीक हो चुका है। पूरे देश में चर्चा है कि इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी आयोध्या में कैसे शानदार तरीके से चुनाव जीता है। यूपी ने मोदी जी के अबकी बार 400 पार के नारे को फेल कर दिया है। अयोध्या में इवेंट और मार्केटिंग करने की जगह जो लोग दर्शन करने आ रहे उनके लिए बेहतर व्यवस्था की जानी चाहिए। चुनाव से पहले मोदी जी ने 80 में 80 सीटें जीतने का दावा कर रहे थे लेकिन जनता ने उनको नकार दिया है। 400 पार का जो वो दावा कर रहे थे, जनता ने उसकी हवा निकाल दी है। काशी में 10 लाख वोटों से जीतने के दावा निराधार हो गया है। देवरिया, महाराजगंज और अमरोहा की सीट सरकार की मदद से हरवाई गई है। इन सीटों पर कांग्रेस जीत रही थी।

आभार यात्रा निकालेगी कांग्रेस

कांग्रेस प्रदेश भर में आभार यात्रा निकालेगी। प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों तक हम जाएंगे। इसकी शुरुआत मंगलवार को रायबरेली से राहुल गांधी ने शुरू कर दी है। ये यात्रा 15 दिनों तक चलेगी।

जम्मू में हुए आतंकी हमले से साधा निशाना

भाजपा ने दावा किया था कि आतंकवाद खत्म हो गया है पर ऐसा कुछ नहीं हो पाया है। जब जम्मू में आतंकी हमला हुआ तो उप राज्यपाल वाराणसी और गाजीपुर में प्रचार कर रहे थे। आईजी साहब और प्रधानमंत्री भी चुनाव प्रचार में थे। हम इसकी निंदा करते हैं। मृतकों में यूपी के कई लोग थे। सरकार ऐसी व्यवस्था करे कि इस तरह के हमलों की पुनरावृत्ति न हो।

उद्योगपतियों को नहीं, जनता को दें लाभ

प्रदेश अध्यक्ष ने महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दाल के दाम बढ़ गए हैं। आटा है नहीं, बाहर से मंगाएंगे। कांग्रेस महंगाई के मुद्दे को उठाएगी। सरकार उद्योगपतियों को नहीं आम जनता को लाभ दे।

370 का इतना प्रचार फिर भी अपने कैंडिडेट नहीं उतारे

कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि भाजपा ने 370 के नाम पर वोट मांगे। जम्मू में एक भी प्रत्याशी अपने सिंबल पर नहीं लड़ाया। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आदिवासी समाज से आने वाली राष्ट्रपति को अयोध्या में नहीं बुलाया गया था। भाजपा ड्रामा न करे। यूपी ने उनकी राजनीति को नकार दिया है।

शहर में बेलगाम दौड़ रहे ई-रिक्शों का रूट तय

नंबर प्लेट के रंग से रूट का पता चलेगा, पांच कलर के स्टीकर से 16 जोन में चलेंगे

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ में चलने वाले ई-रिक्शा के नंबर प्लेट पर लगे रंग से उसके रूट का पता चल सकेगा। बिना अनुमति शहर में दौड़ रहे ई-रिक्शा के लिए नया नियम तैयार हो गया है। इन्हें 16 जोन में बांटा गया है। पांच रंगों से ई-रिक्शे के रूट का पता चल सकेगा। शहर में 53 हजार 361 ई-रिक्शे रजिस्टर्ड हैं। ये बिना परमिट के चल रहे हैं। इनका चारबाग रेलवे स्टेशन, चरक चौराहा, अवध चौराहा, पॉलिटेक्निक चौराहा जैसे प्रमुख जगहों पर न तो कोई प्रतिबंध है, न हीं कोई रूट तय है। इसकी वजह से शहर में अक्सर जाम लगा रहाता है। बिना रूट व्यवस्था के चल रहे ई-रिक्शा को कंट्रोल करने के लिए रूट निर्धारण की व्यवस्था लागू की गई है। ई-रिक्शा मालिकों को फ्री में फॉर्म दिया गया। तीन जोन का विकल्प चुनकर 30 दिसंबर 2023 तक इसे जमा करने को कहा गया था। ई-रिक्शा चलाने के लिए 16 सर्किलों को 16 जोन में बांटा गया है। इसके लिए ऑफलाइन प्रक्रिया शुरू की गई। जो पूरी हो गई है। अब ई-रिक्शा

चालकों को ऑनलाइन फॉर्म भरना होगा।

डाउनलोड करना होगा कलर कोडेड स्टीकर

ई-रिक्शा का रूट लॉटरी से दिया जाएगा। 26 हजार 890 ई-रिक्शा चालकों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन फॉर्म भरे हैं। इसमें उन्होंने खुद से तीन विकल्प चुने हैं। लॉटरी में 23 हजार 761 फार्म सही पाए गए हैं। 1 जोन में 500 की ई-रिक्शा की सीमा निर्धारित की गई है। जोन मिलने के बाद सभी ई-रिक्शा चालकों को 11 जून से 10 जुलाई तक का समय दिया गया है। इस समय के बीच सभी ई-रिक्शा चालकों को अपना-अपना कलर कोडेड स्टीकर लखनऊ पुलिस की वेबसाइट से डाउनलोड करना होगा। पांच पुलिस उपायुक्त के पांच प्रमुख कलर (लाल, हरा, नीला, काला, पीला) स्टीकर आगे के ऊपरी भाग में होंगे। पुलिस विभाग के सहायक पुलिस आयुक्त का कलर इन पांच कलर के साथ स्टीकर के बचे हुए आधे भाग पर होगा। अगर किसी ई रिक्शा चालक को स्टीकर डाउनलोड करने में समस्या आती है। तो ट्रैफिक पुलिस कार्यालय में जाकर अपना स्टीकर प्राप्त कर सकेगा।

किसी तरह की आपत्ति एक महीने में बताए

इस 1 महीने में किसी रिक्शा चालक को कोई सुझाव या आपत्ति होगी तो उस पर विचार किया जाएगा। रूट आवंटन 1 साल के लिए मान्य होगा। 1 साल बाद फिर से लॉटरी प्रक्रिया की जाएगी। जिसमें ई-रिक्शा चालकों को शहर में चलने का सामान मौका मिलेगा। इस संबंध में ट्रैफिक पुलिस में हेल्पलाइन नंबर- 945440 5155, 7309979797 भी जारी किया है।

फास्ट फॉरवर्ड

संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की परियोजनाओं के 30 जून तक जारी करें टेंडर

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत परियोजनाओं के कार्यों की प्रगति तथा स्वीकृत परियोजना के सापेक्ष जारी टेण्डर की स्थिति की समीक्षा करते हुये अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये गये है कि आदर्श आचार संहिता के समाप्त होने के बाद युद्ध स्तर पर कार्य शुरू हो जाने चाहिये। पर्यटन में रोजगार तथा आमदनी की अपार संभावनाये है और प्रदेश की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का महत्वपूर्ण योगदान है। इसको देखते हुये मुख्यमंत्री द्वारा 01 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प को पूरा करने में पर्यटन विभाग अहम योगदान दे सकता है। 30 जून तक परियोजनाओं की निविदाएं जारी करा दी जाये। जो निर्माणाधीन परियोनजाएं है उसको तय समय में पूरा कर लिया जाये, समय से कार्य पूरा न करने वाले कार्यदायी संस्थाओं पर अर्थदण्ड लगाया जाये। पर्यटन मंत्री पर्यटन भवन गोमती नगर के सभागार में संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होने कहा कि पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की परियोजनओं को समय से पूरा करने पर पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और इसका सीधा असर प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। लोगों को रोजगार के साथ ही विभिन्न सेक्टरों में कार्य कर रहे व्यवसायियों को इसका लाभ होगा। निर्माणाधीन परियोजानाओ की हकीकत जानने के लिये अधिकारी ग्राउण्ड जीरो पर जाकर नियमित निरीक्षण करे। पूरी हुयी परियोजनाओं का थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन कराया जाये। जनपदों में रामलीला मैदान की चार दीवारियों पर खूबसूरत म्यूरल एवं पेंटिंग करायी जाये जिससे आगन्तुकों को नयी अनुभूति प्राप्त हो सके। हरदोई के रामलीला मैदान में भवन निर्माण के अलावा एटा, कुशीनगर, प्रतापगढ, रायबरेली, बलिया, प्रयागराज, कन्नौज, लखनऊ में तीन, गोरखपुर, शाहजहाँपुर, मैनपुरी, बलरामपुर, वाराणसी आदि जनपदों में निर्माण कार्य तेजी से किये जा रहे है। विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा 2023-24 में स्वीकृत परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।

इण्डिया पोस्ट पेमेंट बैंक में 549 रूपये में होगा 10 लाख का दुर्घटना बीमा

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। महंगे प्रीमियम पर बीमा करवाने में असमर्थ लोगों के लिए डाक विभाग का इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक एक विशेष दुर्घटना सुरक्षा बीमा लेकर आया है, जिसमें वर्ष में महज 549 और 749 रुपए के प्रीमियम के साथ लाभार्थी का क्रमशः 10 और 15 लाख रुपए का बीमा होगा। एक साल खत्म होने के बाद अगले साल यह बीमा रिन्यू करवाना होगा। इसके लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में लाभार्थी का खाता होना अनिवार्य है।पीएमजी वाराणसी कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाक विभाग इसके लिए 13 जून को वाराणसी परिक्षेत्र के अधीन वाराणसी, भदोही, चंदौली, जौनपुर, गाज़ीपुर, बलिया ज़िलों में विशेष अभियान चलायेगा। इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक और आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरंस ग्रुप पर्सनल एक्सीडेंट के मध्य हुए एक एग्रीमेंट के तहत 18 से 65 वर्ष आयु के लोगों को यह निजी दुर्घटना बीमा सुरक्षा मिलेगी। इसके तहत, दोनों प्रकार के बीमा कवर में दुर्घटना से मृत्यु, स्थाई या आंशिक पूर्ण अपंगता, अंग विच्छेद या पैरालाइज्ड होने पर क्रमशः 10 और 15 लाख रुपए का कवर मिलेगा। इस बीमा में दुर्घटना से हॉस्पिटल में भर्ती रहने के दौरान इलाज हेतु 60,000 रुपए तक का आई.पी.डी खर्च और ओ.पी.डी में 30,000 रुपए तक का क्लेम मिलेगा। इस बीमा में डॉक्टर से पोषण संबंधी सलाह एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए 4 परामर्श की सुविधा होगी।

फिर जल्दी होगी इंडिया बनाम एनडीए की कड़ी जंग

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। लोकसभा चुनाव 2024 में लक्ष्य से चूकी बीजेपी का अभी एक और इम्तिहान बाकी है। यह परीक्षा विधानसभा सीटों पर शीघ्र होने वाले उपचुनावों में होगी। सरकार से लेकर संगठन तक एक बार फिर कसौटी पर होगा। समाजवादी पार्टी अपने छह बागी विधायकों की सदस्यता खत्म कराने में सफल रही तो उपचुनाव 16 सीटों पर होंगे। इनमें 11 सीटें अभी सपा के पास हैं। एनडीए के पांच विधायक सांसद बन चुके हैं, जिनमें चार भाजपा के हैं। सपा के अखिलेश यादव सहित चार विधायक सांसद चुने गए हैं। इंडिया गठबंधन की सोशल इंजीनियरिंग में उलझी भाजपा के सामने नई चुनौती है। लोकसभा चुनाव के नतीजों से विपक्षी गठबंधन खासतौर से सपा उत्साहित है।सपा 37 लोकसभा सीटें जीतकर यूपी में पहले और देश में तीसरे नंबर की पार्टी बनीं है।सपा अब 2027 को लेकर ख्वाब संजोने में जुट गई है। लोकसभा और विधानसभा चुनावों से जुड़े मुद्दे और वोटिंग पैटर्न अलग है।भाजपा के पास कमियां दूर करने के लिए है। उपचुनाव वाला सेमी फाइनल जल्द होना है। ऐसे में संगठन से लेकर सरकार तक सबको चुनावी हार की निराशा से बाहर निकल नये सिरे से बिसात बिछानी होगी। अट्ठारहवीं लोकसभा चुनाव में एनडीए और इंडिया गठबंधन से 14 विधायक मैदान में थे। इनमें नौ विधायक सांसद बन चुके हैं।

विद्युत मांग और आपूर्ति का बना नया रिकॉर्ड

- मंगलवार रात प्रदेश के इतिहास में सर्वाधिक 29,820 मेगावाट पहुंची विद्युत मांग
- मांग के साथ ही विद्युत खपत भी लगभग 643 मिलियन यूनिट तक पहुंची
- भीषण गर्मी में सुचारू विद्युत आपूर्ति के लिए यूपीपीसीएल कर रहा है अथक प्रयास
- सीएम योगी के निर्देश पर प्रदेश में प्रदान की जा रही है निर्बाध विद्युत आपूर्ति



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण बिजली की मांग एवं आपूर्ति के लगातार नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। मंगलवार रात प्रदेश के इतिहास में विद्युत मांग सर्वाधिक 29,820 मेगावाट पहुंच गई, जबकि विद्युत खपत भी लगभग 643 मिलियन यूनिट तक पहुंची। विगत 31 मई को विद्युत की मांग 29,727 मेगावाट पहुंच गई थी, जिसे पावर कारपोरेशन ने पूरा करके एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया था। 2023 में 24 जुलाई को अधिकतम मांग 28,284 मेगावाट तक पहुंच गई थी, जो रिकार्ड था। हालांकि 2024 में 22 मई को ही यह रिकॉर्ड टूट गया, जब विद्युत मांग 28,336 मेगावाट तक पहुंच गई थी। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश में भीषण गर्मी में भी विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसको उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन द्वारा प्रतिबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जा रहा है।

कम से कम समय में ठीक कराए जा रहे लोकल फाल्ट

उत्तर प्रदेश कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि लगातार पड़ रही भयंकर गर्मी एवं विद्युत की मांग में हो रही बढ़ोत्तरी को देखते हुए सावधानी बरतें। सभी कार्मिक इस चुनौती पूर्ण समय में पूरी लगन और मेहनत के साथ अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ रही विद्युत मांग के अनुरूप बिजली की व्यवस्था की जा रही है। पावर कॉर्पोरेशन ने पूर्वानुमान के अनुरूप विद्युत उपलब्धता की पर्याप्त व्यवस्था कर रखी है और मांग बढ़ने पर अतिरिक्त अरेंजमेंट भी समय पर किया जा रहा है। अध्यक्ष ने बताया है कि सिस्टम की कैपेसिटी के कारण कही भी रोस्टिंग नही हो रही है। लोकल फाल्ट के कारण विद्युत आपूर्ति के बाधित होने की सूचनाएं आती है। इस संदर्भ में भी कड़े निर्देश दिए गए हैं कि जहां कही भी लोकल फाल्ट हो उसे कम से कम समय में ठीक कर आपूर्ति बहाल की जाए।

सबसे ज्यादा हानियों वाले फीडरों पर चलेगा चोरी रोको गहन अभियान

उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने विद्युत व्यवस्था को बेहतर करने के लिए विद्युत चोरी के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रदेश के सभी वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों एवं मुख्य अभियंताओं को निर्देशित किया है कि ऐसे फीडर जहां लाइन हानियां सबसे ज्यादा हैं वहां अभियान चलाकर विद्युत चोरी रोकी जाए। इसमें विजिलेंस की भी मदद ली जाए। किसी को नाजायज परेशान न किया जाए। उन्होंने कहा कि बेहतर विद्युत आपूर्ति और व्यवस्था के लिए यह जरूरी है कि विद्युत चोरी पर प्रभावी रोक लगे। ऐसे फीडर चिन्हित किए जाएं जहां सर्वाधिक विद्युत चोरी की संभावना है। सबसे पहले वहीं अभियान चलाया जाए। अध्यक्ष ने प्रयागराज क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा में प्रयागराज (प्रथम) एवं फतेहपुर के अधीक्षण अभियंताओं को चार्जशीट देने के निर्देश दिए। इनके क्षेत्र में राजस्व, ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्तता, असिस्टेड बिलिंग, आरडीएसएस तथा बिजनेस प्लान आदि योजनाओं की प्रगति संतोषजनक नहीं थीं। अधिशाषी अभियंता कौशाम्बी तथा खागा को भी सख्त चेतावनी दी गई।

देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति करने वाले राज्यों में यूपी नंबर वन

उत्तर प्रदेश ने भीषण गर्मी में विद्युत की बढ़ी मांग को सकुशल पूरा करते हुए पूरे देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति करने का रिकॉर्ड बनाया है। विगत दिनों उत्तर प्रदेश ने 29,500 मेगावाट की सर्वाधिक विद्युत मांग को पूरा करते हुए देश में कीर्तिमान स्थापित किया था। वहीं ग्रिड इंडिया पॉवर सप्लाई रिपोर्ट के मुताबिक 10 जून 2024 को एक बार फिर से उत्तर प्रदेश ने देश में सर्वाधिक 28,889 मेगावाट विद्युत आपूर्ति कर महाराष्ट्र-गुजरात जैसे राज्यों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया है। 10 जून को जारी रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश ने 28,889 मेगावाट, महाराष्ट्र ने 24,254 मेगावाट, गुजरात ने 24,231 मेगावाट, तमिलनाडु ने 16,257 मेगावाट और राजस्थान ने 16,781 मेगावाट की सर्वाधिक विद्युत अपूर्ति की मांग को पूरा किया है। वहीं उत्तर प्रदेश के विद्युत विभाग ने इस वर्ष भी पीक आवर में पूरे देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति का रिकॉर्ड बनाया है।

रिक्त पदों पर जल्द शुरू होगी भर्ती प्रक्रिया

योगी सरकार ने दिये पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग में भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू करने के निर्देश

- पदोन्नति के लंबित पदों पर भी यथाशीघ्र शुरू होगी प्रमोशन की प्रक्रिया
- सरकार ने लक्ष्य बनाकर बजट का सदुपयोग सुनिश्चित करने के लिए विभाग को दिये निर्देश
- पशुधन विभाग में पशु चिकित्सा सेवा के 424 तथा पशुधन प्रसार अधिकारी के 1083 पद हैं रिक्त

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

योगी सरकार प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग में रिक्त पदों पर जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। इसके लिए सरकार की ओर से विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसके अलावा विभाग में पदोन्नति के लम्बित पदों पर यथाशीघ्र पदोन्नतियां करने के निर्देश भी दिये गये हैं। बता दें कि पशुधन विभाग में पशु चिकित्सा सेवा के 424 तथा पशुधन प्रसार अधिकारी के 1083 पद रिक्त हैं। दुग्ध विकास विभाग में मुख्य दुग्धशाला विकास अधिकारी के 2, दुग्धशाला विकास अधिकारी के 3, वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक के 26 तथा राजकीय दुग्ध परिवेक्षक के 209 पद रिक्त हैं। सरकार इसके अलावा विभाग में आवश्यता अनुरूप समूह 'घ' के पदों पर आउटसोर्स के माध्यम से भी कार्य लेगी। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बुधवार को रिक्तियो एवं विभागीय बजट की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय बजट की समीक्षा करते हुए कहा कि योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि यथाशीघ्र जारी की जाए और लक्ष्य बनाकर बजट का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए। सरकार की ओर से इस बात के भी निर्देश दिये गये हैं कि गोसंरक्षण केन्द्रों की स्थापना के लिए धनराशि एवं जिला योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि को शीघ्र अवमुक्त किया जाए।

लापरवाही बरतने वालों का भुगतान रोका जाए

वहीं योगी सरकार ने अब प्रदेश में संचालित मोबाईल वेटेनरी यूनिट के संचालन में मिल रही शिकायतों पर भी गंभीर रुख अख्तियार कर लिया है। सरकार की ओर से विभागीय अफसरों को स्पष्ट निर्देश हैं की ऐसे मामलों की तत्काल जांच कर प्रभावी कार्रवाई की जाए और लापरवाही बरतने पर कार्यदाई संस्थाओं का भुगतान रोक दिया जाए। इसके अलावा कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम, राज्य पशुधन प्रक्षेत्र, चारा विकास कार्यक्रम एवं पशुधन बीमा योजना पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिये गये हैं। बता दें कि यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के सीएम योगी के लक्ष्य में पशुधन एवं दुग्ध उत्पादन का प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है।

माटी शिल्पकारों का हुनर निखारेगी कार्यक्षमता बढ़ाएगी योगी सरकार

- माटीकला बोर्ड की तरफ से दिए जाएंगे इलेक्ट्रिक चाक और पगमिल
- 25 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं माटीकला से जुड़े शिल्पकार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पर्यावरण संरक्षण के साथ पारंपरिक माटी शिल्प को उद्यमिता से जोड़ने के लिए प्रदेश की योगी सरकार ने माटी शिल्पकारों को लगातार सौगात देना जारी रखा है। बड़ी संख्या में माटीकला से जुड़े शिल्पकारों को टेक्नोलॉजी से जोड़कर उनके हुनर और कार्यक्षमता को निखारा गया है। हुनर निखारने और कार्यक्षमता के विस्तार के लिए सरकार बचे शिल्पकारों को भी टेक्नोलॉजी से जोड़ने जा रही है। इसके लिए माटी शिल्पकारों को इलेक्ट्रिक चाक और पगमिल प्रदान किए जाएंगे। माटीकला बोर्ड ने गोरखपुर में 35 शिल्पकारों को इलेक्ट्रिक चाक और समूह के जरिये 9 पगमिल वितरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। बीते करीब सात सालों से मिट्टी के बने उत्पाद बाजार में खूब दिख और बिक रहे हैं। खानपान की दुकानों पर भी अब मिट्टी के कुल्हड़ और अन्य बर्तनों की जबरदस्त डिमांड बनी हुई है। इससे पर्यावरण संरक्षण भी हो रहा है तो मिट्टी के उत्पाद बनाने का पारंपरिक काम उद्यम की शक्ल ले रहा है। सरकार का जोर टेक्नोलॉजी के माध्यम से इस उद्यम को और बड़ा आकार देने पर है। मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने मिट्टी के उत्पाद बनाने के पारंपरिक काम से जुड़े शिल्पकारों को तकनीकी से जोड़ने की पहल तो की ही, गोरखपुर में मिट्टी के विशेष शिल्प वाले टेराकोटा को एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) में शामिल कर इसके लिए बड़ा बाजार भी उपलब्ध कराया। टेराकोटा से जुड़े शिल्पकारों को बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिक चाक (बिजली से चलने वाली चाक) और पगमिल (मिट्टी गुथने की मशीन) उपलब्ध कराई गई। टेराकोटा के अलावा अन्य मिट्टी शिल्पकारों को भी माटीकला बोर्ड की तरफ से इलेक्ट्रिक चाक और पगमिल वितरित कराने का अभियान भी निरंतर जारी है। गोरखपुर के जिला ग्रामोद्योग अधिकारी एके पाल बताते हैं कि माटीकला से जुड़े कामगारों और शिल्पकारों के लिए माटीकला बोर्ड ने एक बार फिर उन शिल्पकारों को इलेक्ट्रिक चाक व पगमिल देने का लक्ष्य तय किया है जो अब तक हस्तचालित चाक पर काम कर रहे हैं। गोरखपुर में इस बार 35 इलेक्ट्रिक चाक और समूह बनाकर 9 पगमिल वितरित किए जाएंगे। श्री पाल के अनुसार माटीकला से जुड़े 18 वर्ष से 55 वर्ष की उम्र तक के शिल्पकार इसके लिए माटीकला बोर्ड की वेबसाइट पर 25 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन सभी प्रपत्रों की हार्डकॉपी 25 जून तक विकास भवन के द्वितीय तल पर स्थित जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में जमा करनी होगी। आवेदन के संबंध में और विस्तृत जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय से भी संपर्क किया जा सकता है।

जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमला: मायावती बोलीं, सख्त कदम उठा रही सरकार, इसकी आड़ में राजनीति न करें

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बसपा सुप्रीमो मायावती ने जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमलों पर सरकार व सुरक्षा बलों द्वारा की जा रही कार्रवाई की सहराहना की है साथ ही विपक्ष को नसीहत दी है। मायावती ने कहा कि जम्मू कश्मीर में अभी हाल ही में जो आतंकी वारदातें हुई हैं। जिसमें अधिकांश एक वर्ग विशेष के निर्दोष लोगों को निशाना बनाया गया है अर्थात हमला किया गया है। यह अति दुःखद व निन्दनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे आतंकी तत्वों को ढेर करने के लिए, सरकार व सुरक्षा बलों द्वारा जो भी सख्त कदम उठाये जा रहे हैं यह सराहनीय है। बसपा इसका समर्थन करती है लेकिन इसकी आड़ में कोई भी राजनीति करना उचित नहीं है। बता दें कि रविवार रात को जम्मू-कश्मीर के रियासी में आतंकियों ने एक बस पर हमला कर दिया था। जिससे बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई जिससे करीब 10 लोगों की मौत हो गई जबकि 33 लोग घायल हो गए थे। वहीं, जिला कठुआ की तहसील हीरानगर के गांव सैडा सोहल में बुधवार दूसरे दिन फिर आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने दूसरे आतंकी को भी ढेर कर दिया है। पुलिस, एसओजी, सीआरपीएफ, सेना के जवानों ने इलाके की घेराबंदी की हुई है। तलाशी अभियान चल रहा है। एडीजीपी जम्मू आनंद जैन ने यह जानकारी दी है। एडजीपी ने कहा कि हीरानगर में हुई मुठभेड़ में बहादुर जवानों ने दोनों आतंकी मार गिराए हैं। हालांकि ऑपरेशन अभी चल रहा है। इलाके में किसी अन्य आतंकी के छिपे होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। आसपास के इलाके में भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

संघ प्रमुख भागवत ने भाजपा और मोदी को खरी खरी सुना कर क्या संदेश दिया है?

इसके अलावा, सत्ता पक्ष और विपक्ष के संबंधों में जिस तरह की खटास हाल के वर्षों में देखने को मिली है उस ओर इशारा करते हुए भागवत ने सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आम सहमति की आवश्यकता पर जोर दिया है ताकि आम जनता के लिए काम किया जा सके। भागवत ने स्पष्ट कहा है कि चुनाव बहुमत हासिल करने के लिए होते हैं और यह एक प्रतिस्पर्धा है, युद्ध नहीं। उन्होंने विपक्ष को विरोधी कहने की बजाय प्रतिपक्ष नाम से पुकारने का सुझाव भी दिया है। भागवत का यह कहना भी महन्वपूर्ण है कि राजनीतिक दल और नेता एक-दूसरे की बुराई कर रहे हैं।

नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला तो देश-दुनिया से बधाई संदेश आने लगे लेकिन भारतीय जनता पार्टी के मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखिया मोहन भागवत ने इसी बीच मोदी सरकार और भाजपा को जिस तरह खरी-खरी सुनाई उससे सब आश्चर्यचकित हैं। हालांकि विपक्ष ने भागवत की टिप्पणियों का स्वागत किया है। देखा जाये तो मणिपुर की अशांति को लेकर भाजपा की चुप्पी पर मोहन भागवत ने जो कुछ कहा है वह एनडीए सरकार के लिए बड़ी चेतावनी की तरह है। मणिपुर में अब भी जिस तरह से हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं उसको देखते हुए कहा जा सकता है कि वहां के मुद्दे हल करने में केंद्र और राज्य सरकार नाकाम रही हैं। इसके अलावा, आरएसएस प्रमुख ने अपने संबोधन के जरिये जिस तरह के तेवर दिखाये हैं उससे प्रदर्शित हो रहा है कि इस बार स्पष्ट बहुमत से दूर रही भाजपा को सिर्फ अपने गठबंधन सहयोगियों को ही साथ लेकर नहीं चलना होगा बल्कि संघ परिवार के लोगों को भी साथ लेकर चलना होगा। आरएसएस के कई पदाधिकारी इस बात को स्वीकार रहे हैं कि चुनावों से पहले भाजपा ने अति आत्मविश्वास के साथ %अबकी बार 400 पार% का नारा लगाना शुरू किया था तब संघ परिवार के लोगों ने उन्हें जमीन पर रह कर काम करने की सलाह दी थी लेकिन पार्टी के नेताओं को %मोदी है तो मुमकिन है% नारे पर इतना भरोसा हो गया था कि उन्होंने किसी की नहीं सुनी और आखिरकार मुंह की खानी पड़ी। देखा जाये तो लगभग ऐसी ही स्थिति साल 2004 के लोकसभा चुनावों के दौरान भी हुई थी जब भाजपा के नेता इंडिया शाइनिंग के नारे पर इतना भरोसा कर रहे थे कि उन्होंने जमीनी कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर दी थी। रही सही कसर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के कथित तौर पर आरएसएस के बारे में दिये गये बयान से पूरी हो गयी थी। चुनावों के बीच ही आरएसएस कार्यकर्ताओं ने जिस तरह भाजपा से दूरी बना ली थी उससे पार्टी के चुनावी प्रदर्शन पर बुरा असर पड़ा। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जिस तरह इशारों इशारों में भाजपा की कार्यशैली पर सवाल उठाये हैं उससे यह भी संकेत मिल रहे हैं कि भाजपा के नये अध्यक्ष के चयन में अब नागपुर की ज्यादा चलेगी। हम आपको याद दिला दें कि 2009 के लोकसभा चुनावों में भाजपा की हार के बाद भागवत की पहल पर ही नितिन गडकरी को नागपुर से दिल्ली भेजा गया था ताकि वह पार्टी को संभालें। उस समय भाजपा में लालकृष्ण आडवाणी, राजनाथ सिंह, सुषमा स्वराज और अनंत कुमार जैसे नेता दिल्ली की राजनीति में प्रभावी थे लेकिन सबको दरकिनार कर गडकरी को लाया गया था। जहां तक मोहन भागवत के संबोधन की बात है तो आपको बता दें कि एक तो उन्होंने मणिपुर में एक वर्ष बाद भी शांति स्थापित नहीं होने पर चिंता जताई है साथ ही देश के सभी समुदायों के बीच एकता पर जोर दिया है। आरएसएस प्रमुख ने साथ ही चुनावी बयानबाजी से बाहर आकर देश के सामने मौजूद समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत पर भी जोर दिया है। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद अपनी पहली टिप्पणी में भागवत ने कहा है कि नतीजे आ चुके हैं और सरकार बन चुकी है, इसलिए क्या और कैसे हुआ आदि पर अनावश्यक चर्चा से बचना चाहिए। भाजपा की सीटें घटने की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि आरएसएस ''कैसे हुआ, क्या हुआ'' जैसी चर्चाओं में शामिल नहीं होता है।

एक्सप्रेस आलेख

आप चुनाव प्राचर के समय तो कुछ भी बोलते हैं। पर चुनाव नतीजों के आने के बाद आपको अपनी बयानबाजी सोच-समझकर करनी होती है। हां, विपक्ष को सरकार को राष्ट्र हित के मसलों पर सजग करते रहना होगा। लोकतंत्र में वाद, विवाद, संवाद लगातार जारी रहना चाहिए। इसके बिना लोकतंत्र का कोई मतलब नहीं है। इसलिए सत्ता पक्ष और विपक्ष को मिल कर देश को विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में बढ़ना होगा। संसद के दोनों सदनों में भी स्वस्थ और सार्थक बहसें हो, यह देश देखना चाहता है। संसद में हंगामा और वॉक आउट ही नहीं होना चाहिए। नरेन्द्र मोदी ने अपनी पार्टी के पुराण पुरुष अटल बिहारी वाजपेयी को गठबंधन सरकारों को चलाते हुए देखा है।

भाजपा जानती है गठबंधन सरकार का धर्म

आर.के. सिन्हा

चरण सिंह 1979 में जनता पार्टी के बिखरे हुए समूहों के समर्थन और कांग्रेस पार्टी के बाहरी समर्थन से प्रधान मंत्री बने। चरण सिंह का प्रधानमंत्री का कार्यकाल केवल 23 दिनों तक चला क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने अपना समर्थन वापस ले लिया, जिससे चरण सिंह को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा।

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने रविवार को शपथ ग्रहण समारोह के बाद अपना कामकाज संभाल लिया है। यह पहली बार नहीं है जब भारतीय जनता पार्टी गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेगी। वास्तव में, भाजपा की पहली सरकार, जो 1996 में गठित हुई थी, अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एक गठबंधन की सफल प्रयोग वाली सरकार थी। भले ही वह केवल 13 दिनों तक चली। अटल जी 1998 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में पुनः वापस आए थे। इसलिए यह कहना सरासर गलत होगा कि भाजपा को गठबंधन सरकारों का नेतृत्व करने का अनुभव नहीं है। भाजपा को 2014 में 283 और 2019 में 303 सीटें मिली थीं। उन जीतों में मोदी जी की सबसे अहम भूमिका रही थी। लेकिन , पूर्ण बहुमत के बाद भी मोदी जी ने गठबंधन का धर्म निभाया । हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 240 सीटें जीतीं - बहुमत से 32 कम। यह तय मानिए कि जो विकास का पहिया 2014 में घूमना शुरू हुआ था वह अब गठबंधन सरकार के दौर में भी आगे बढ़ता ही रहेगा। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में 14 पार्टियां शामिल हैं। उसमें भाजपा को 240 सीटों पर विजय मिली और शेष 53 सीटें हासिल कीं , उसकी सहयोगी दलों ने। अगर हम गुजरे दौर के पन्नों को खंगाले तो पता चलेगा कि कि भारत में सबसे पहले 1977-1979 गठबंधन सरकार बनी थी। कांग्रेस के 1977 में चुनाव हारने के बाद जनता पार्टी की सरकार देश में बनी थी। 1977 के चुनाव प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में आपातकाल की स्थिति लागू करने के लगभग दो साल बाद हुए थे। श्रीमती गांधी ने आपातकाल हटा दिया और जनवरी 1977 में अचानक चुनावों की घोषणा की। श्रीमती गांधी की अगुवाई वाली कांग्रेस पार्टी को जनता पार्टी नामक कई पार्टियों के एक गठबंधन द्वारा हराया गया था, जिसमें भाजपा की पूर्ववर्ती, भारतीय जनसंघ शामिल थी। जनता पार्टी को देश की जनता का भरपूर आशीर्वाद मिला था। उस सरकार में अटल बिहारी वाजपेयी विदेश मंत्री थे और लाल कृष्ण आडवाणी सूचना और प्रसारण मंत्री थे। उस सरकार में बाबू जगजीवन राम, हेमवती नंदन बहुगुणा, जॉर्ज फर्नांडीज जैसे जननेता भी शामिल थे। बहरहाल, जनता पार्टी की उस चुनाव में जीत के बाद मोरारजी देसाई प्रधान मंत्री बने। मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली जनता पार्टी सरकार दो साल तक चली। उसके बाद वैचारिक मतभेदों के कारण जनता पार्टी बिखर गई। मोरारजी देसाई सरकार में गृह मंत्री चरण सिंह को कैबिनेट से इस्तीफा देने के लिए कहा गया था। संयोग देखिए कि अब चरण सिंह के पौत्र जयंत चौधरी उस एनडीए सरकार का हिस्सा हैं जिसके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। बहरहाल, चरण सिंह 1979 में जनता पार्टी के बिखरे हुए समूहों के समर्थन और कांग्रेस पार्टी के बाहरी समर्थन से प्रधान मंत्री बने। लेकिन चरण सिंह का प्रधानमंत्री का कार्यकाल केवल 23 दिनों तक चला क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने अपना समर्थन वापस ले लिया, जिससे चरण सिंह को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस स्थिति के कारण देश में लोकसभा भंग करने के बाद 1980 में फिर चुनाव हुआ। इस बार इंदिरा गांधी सत्ता में वापस आ गईं, जब कांग्रेस ने 353 सीटें जीतीं। लोकसभा के 1989 के चुनाव परिणाम भारत के लिए एक नये दौर को लेकर आए। यह पहली बार था जब राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा 529 सीटों में से 197 जीतने के बाद किसी भी पार्टी या चुनाव पूर्व गठबंधन ने स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं किया था। इसके बाद विश्वनाथ प्रताप सिंह 1989 में भाजपा के समर्थन से प्रधान मंत्री बने। उनकी सरकार 1990 में गिर गई जब भाजपा ने अपना समर्थन वापस ले लिया , जब उस समय के सबसे बड़े नेता, लाल कृष्ण आडवाणी को अयोध्या में राम मंदिर बनाने के लिए आयोजित उनकी यात्रा के दौरान गिरफ्तार किया गया था।1989 से 2004 तक, छह आम चुनावों में एक भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला। इनमें से कुछ गठबंधन विशेष रूप से अराजक रहे ¬ 1989 और 1999 के बीच, आठ गठबंधन बनाए गए और कई जल्दी ही ढह गए। इस बीच, ये मानना होगा कि भारत के कुछ सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक सुधार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकारों के समय ही आए । अटल बिहारी वाजपेयी, भाजपा के दिग्गज नेताओं में से एक रहे, जिन्होंने 1998 से 2004 तक एक सफल बहु-पार्टी गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया। अटल जी के प्रधानमंत्रित्व काल में भारत में विदेशी निवेश बढ़ा, एक्सप्रेसवे का निर्माण तेज हुआ, व्यापार बाधाओं को कम किया गया, और देश में आईटी क्रांति का जन्म हुआ। उनके ही दौर में देश ने पोखरण का परमाणु परीक्षण किया, पाकिस्तान के साथ तनाव को कम किया और अमेरिका के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए। और अतीत में, सफल अल्पसंख्यक सरकारें और भी कम सीटों के साथ चलाई गई हैं। कांग्रेस 1991 में 232 सीटों के साथ और 2004 और 2009 में केवल 145 और 206 सीटों के साथ एक सफल अल्पसंख्यक सरकार चलाने में सक्षम कोशिश की थी। मैं मानता हूं कि मोदी जी जनता दल के नेता नीतीश कुमार और तेलुगू देशम पार्टी के नेता चंद्रबाबू नायडू जैसे तपे हुए नेताओं के सहयोग से देश को एक मेहनती और ईमानदार गठबंधन सरकार देने में सफल रहेंगे। उन्हें अपनी पार्टी के अनेक अनुभवी नेताओं का समर्थन और सहयोग तो मिलेगा ही। अब लोकसभ चुनाव के बाद केन्द्र में सरकार गठित हो गई है। अब इंडिया गठबंधन को रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभानी होगी। उन्हें हर बात पर सरकार को कोसना छोड़ना होगा।

अटल जी के प्रधानमंत्रित्व काल में भारत में विदेशी निवेश बढ़ा, एक्सप्रेसवे का निर्माण तेज हुआ, व्यापार बाधाओं को कम किया गया, और देश में आईटी क्रांति का जन्म हुआ। उनके ही दौर में देश ने पोखरण का परमाणु परीक्षण किया, पाकिस्तान के साथ तनाव को कम किया और अमेरिका के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	सप्तमी 21:33 तक
नक्षत्रः	पूर्वाफाल्गुनी 29:08
पक्षः	शुक्ल
वारः	गुरुवार
योगः	वज्र, 18:04
सूर्योदयः	05:24
सूर्यास्तः	19:18
चंद्रमाः	सिंह राशि में
राहुकालः	14:05-15:49
विक्रमी संवत्:	2081
शक सम्वतः	1945
मासः	ज्येष्ठ
शुभ मुहूर्तः	11:57-12:45

जन एक्सप्रेस

बंट गया विभाग !

मिली सबको कुर्सी ।
बंट गया विभाग ।।
करने को पुरुषार्थ कब से ।
लगी पड़ी थी आग ।।
मनमुताबिक शायद ।
है मिला मंत्रालय ।।
ऑफिस को ही सबने ।
बना डाला आलय ।।
शांतचित्त फिलहाल ।
है सबका व्यवहार ।।
बन जाए व्यवस्था ।
बढ़ जाए आधार ।।
आए थोड़ा देर ।
रहें भी दुरुस्त ।।
सक्रिय हैं विरोधी ।
नहीं हुए हैं सुस्त ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस कविता

छोटे छोटे पल खुशिया दे जाते है,
चाहत,कामना,मायुषी दे जाते है।
लालच हमेशा बुरी बला ही रही,
परोपकार के पल सुख दे जाते है।
ख्याति,धन बहुत कुछ हो सकते है,
शांति के दो पल जिन्दगी दे जाते है
अपनों का साथ ही जिंदगी है,
लिप्सा में हम क्यों दूर हो जाते है।
मेरी कामना रोटी चटनी ही तो है,
लालसा में क्यूँ खिंचे चले जाते है।
क्या तूने पाया,लेकर क्या जायेगा।
आये ख़ाली हाथ, खाली चले जाते हैं।
जर,जमी के पीछे मत गवां मीठे पल।
नन्हों की हंसी असीम सुख दे जातें हैं।

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

यह मायने नहीं रखता कि आप गिर गए हैं या नहीं, यह मायने रखता है कि आप उठे हैं या नहीं

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

वर्कआउट से पहले ब्लैक कॉफी और केला खाने के फायदे

आज कल एक्सरसाइज और बॉडी बिल्डिंग के लिए जिम में लोग घंटों तक प्रैक्टिस करते हैं। शरीर की फिटनेस को बनाये रखने के लिए लोग जिम में वर्कआउट करते हैं। जिस तरह से जिम में वर्कआउट करने से पहले प्री-वर्कआउट किया जाता है उसी तरह से आजकल प्री-वर्कआउट सप्लीमेंट भी चलन में है। लोग वर्कआउट करने से पहले प्री-वर्कआउट सप्लीमेंट्स लेते हैं जो शरीर में चुस्ती और वर्कआउट के दौरान शरीर को एनर्जी से भरपूर रखने का काम करता है। वर्कआउट से पहले ब्लैक कॉफी और केले का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है, कसरत (वर्कआउट) करने के शौकीन अक्सर कसरत से पहले सही खाने और पीने के विकल्पों को लेकर असमंजस में रहते हैं। कुछ लोग ऊर्जा बढ़ाने के लिए ब्लैक कॉफी का सेवन करते हैं, जबकि कुछ लोग मांसपेशियों को इनर्जी देने के लिए केले का सेवन करते हैं। आरोग्यं हेल्थ सेंटर के क्लीनिकल डाइटिशियन डॉ वीडी त्रिपाठी कहते हैं, ÷वर्कआउट से पहले केला और ब्लैक कॉफी का सेवन शरीर के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसका सेवन करने से शरीर चार्ज हो जाता है और मांसपेशियों को ताकत मिलती है।

ऊर्जा में वृद्धि: कैफीन केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को उत्तेजित करता है, जिससे आपको अधिक सतर्क और ऊर्जावान महसूस होता है. यह थकान को कम करने और कसरत की अवधि बढ़ाने में भी मदद करता है।

वसा जलन में वृद्धि: कैफीन फैटी एसिड के टूटने को बढ़ावा देता है, जिसका मतलब है कि आप कसरत के दौरान ऊर्जा के लिए वसा का अधिक उपयोग कर सकते हैं।

मांसपेशियों में दर्द कम करना: कैफीन मांसपेशियों के दर्द को कम करने में मदद कर सकता है, जो कसरत के बाद होने वाली मांसपेशियों की सूजन को कम कर सकता है।

तुरंत ऊर्जा: केले में प्राकृतिक रूप से मौजूद शर्करा शरीर को जल्दी ऊर्जा प्रदान करती है। यह कसरत की शुरुआत में ऊर्जा का एक अच्छा स्रोत होता है।

इलेक्ट्रोलाइट्स का भरपूर स्रोत: केले में पोटेशियम सहित महत्वपूर्ण इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं। ये इलेक्ट्रोलाइट्स मांसपेशियों के संकुचन और तंत्रिका को ठीक रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

लंबे समय के लिए एनर्जी¬ केले में प्राकृतिक शर्करा के अलावा फाइबर और स्टार्च भी होते हैं, जो धीरे-धीरे पचते हैं और लंबे समय तक चलने वाली ऊर्जा प्रदान करते हैं। पाउडर वाले प्री-वर्कआउट सप्लीमेंट जिम या ग्राउंड पर वर्कआउट करने से पहले सेवन किया जाने वाला आहार है। आमतौर पर ये पाउडर के रूप में होते हैं जिन्हें पानी में मिलाने के बाद इस्तेमाल किया जाता है। सीधे शब्दों में कहें तो प्री-वर्कआउट सप्लीमेंट में कई तरह के पोषक तत्व, विटामिन और अमिनो एसिड के साथ कुछ मात्रा में कैफीन और शुगर का मिश्रण होता है। यह वर्कआउट से पहले शरीर की एनर्जी को बढ़ाने का काम करता है। मसल्स बनाने के लिए भी लोग इनका इस्तेमाल करते हैं। प्री-वर्कआउट सप्लीमेंट में मौजूद कैफीन जैसे तत्व आपके शरीर को वर्कआउट के दौरान उर्जा देने का काम करते हैं।

एक्सप्रेस विशेष

निरंतरता, अनुभव और उन्साह का संगम है केंद्रीय मंत्रिमंडल

डॉ. संजय द्विवेदी

भाजपा के पास अनुभवी मंत्रियों की टीम सरकार के संकल्पों की वाहक बनेगी, इसमें दो राय नहीं। धर्मेंद्र प्रधान, पीयूष गोयल, प्रहलाद जोशी, किरण रिजिजू, गजेंद्र सिंह शेखावत, डा. वीरेंद्र कुमार, ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावी हस्ताक्षर बन चुके हैं।

अभी तक की स्थितियों को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि सुशासन को लेकर सरकार पर कोई दबाव नहीं है। लेकिन समान नागरिक संहिता, मुस्लिम आरक्षण, जातीय जनगणना, राज्यों को विशेष दर्जा जैसे मुद्दे मतभेद का कारण जरूर बनेंगे। प्रधानमंत्री के कद और उनकी छवि जरूर इन साधारण प्रश्नों से बड़ी है। सरकार के प्रबंधक इन मुद्दों से कैसे जूझते हैं,यह बड़ा सवाल है।

केंद्र सरकार का नया मंत्रिमंडल निरंतरता की गवाही देता है। यह बात बताती है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपनी टीम पर भरोसा कायम है। प्रमुख विभागों में अपनी आजमाई जा चुकी टीम को मौका देकर मोदी ने बहुत गंभीर संदेश दिए हैं। मंत्रिमंडल में अनुभव, उत्साह और नवाचारी विचारों के वाहक नायकों को जगह मिली है। यह मंत्रिमंडल गहरी राजनीतिक सूझबूझ वाले नायकों से संयुक्त है। लंबे समय तक राज्य सरकारों को चलाने वाले 7 पूर्व मुख्यमंत्री इस सरकार में शामिल हैं। कैबिनेट में नरेंद्र मोदी सहित सात पूर्व मुख्यमंत्री शामिल हैं। जिनमें मोदी खुद गुजरात के मुख्यमंत्री रहे हैं। इसके अलावा राजनाथ सिंह (उप्र), शिवराज सिंह चौहान (मप्र), जीतनराम मांझी (बिहार), एचडी कुमारस्वामी (कर्नाटक), मनोहरलाल खट्टर(हरियाणा), सर्वानंद सोनोवाल (असम) मुख्यमंत्री रहे हैं। भारत सरकार के विदेश सचिव और पिछली सरकार में विदेश मंत्री रह चुके एस.जयशंकर अपने क्षेत्र के दिग्गज हैं। आईएएस अधिकारी रहे अश्विनी वैष्णव अटलबिहारी वाजपेयी सरकार में उनके सचिव रहे,विविध अनुभव संपन्न वैष्णव सरकार में नवाचारों के वाहक हैं। पिछली सरकार उनके प्रदर्शन की गवाही है। इसी क्रम में नौकरशाह रहे हरदीप सिंह पुरी सरकार की शक्ति हैं। नितिन गडकरी का महाराष्ट्र सरकार से लेकर अब केंद्र में 10 साल का कार्यकाल सबकी नजर में है। देश में हुई परिवहन और सड़क क्रांति के वे वाहक हैं। वे केंद्र में सबसे लंबे समय तक परिवहन मंत्री रहने का रिकार्ड बना चुके हैं। भाजपा के पास अनुभवी मंत्रियों की टीम सरकार के संकल्पों की वाहक बनेगी, इसमें दो राय नहीं। धर्मेंद्र प्रधान, पीयूष गोयल, प्रहलाद जोशी, किरण रिजिजू, भूपेंद्र यादव, जोएल ओराम, गजेंद्र सिंह शेखावत, डा. वीरेंद्र कुमार, ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावी हस्ताक्षर बन चुके हैं। सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के प्रभावी संचालन का रिकार्ड इनके नाम है। केंद्रीय मंत्रिमंडल में राजनाथ सिंह और अमित शाह इस सरकार के संकटमोचक हैं। राजनाथ सिंह के साथ जहां सहयोगी दलों का शानदार संवाद है, वहीं अमित शाह अपने कुशल राजनीतिक प्रबंधन के लिए जाने जाते हैं। इस सरकार में सहयोगी दलों के 11 मंत्री हैं। जबकि 2014 में 5 और 2019 में सहयोगी दलों के 4 मंत्री शामिल थे। यह संख्या अभी और बढ़ सकती है। ऐसे में सरकार में कुशल प्रबंधन की जरूरत हमेशा बनी रहेगी। आने वाले समय में महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड के चुनाव भी होने हैं। यही इस सरकार का पहला सार्वजनिक टेस्ट भी है। मंत्रिमंडल में प्रतिबद्धता, निरंतरता और वरिष्ठता का ख्याल रखते हुए भी युवाओं को खास मौके दिए गए हैं। इसके साथ ही यह अखिल भारतीय चरित्र की सरकार भी है, केरल, तमिलनाडु से लेकर जम्मू कश्मीर तक का प्रतिनिधित्व इस सरकार में है। पांच अल्पसंख्यक समुदायों से भी सरकार में मंत्री बने हैं। साथ ही सामाजिक समरसता की दृष्टि से यह समावेशी सरकार कही जा सकती है। अभी तक की स्थितियों को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि सुशासन को लेकर सरकार पर कोई दबाव नहीं है। लेकिन समान नागरिक संहिता, मुस्लिम आरक्षण, जातीय जनगणना, राज्यों को विशेष दर्जा जैसे मुद्दे मतभेद का कारण जरूर बनेंगे। प्रधानमंत्री के कद और उनकी छवि जरूर इन साधारण प्रश्नों से बड़ी है। सरकार के प्रबंधक इन मुद्दों से कैसे जूझते हैं,यह बड़ा सवाल है। सहयोगी दलों के साथ संतुलन और उनकी महत्ता बनाए रखते हुए चलना सरकार की जरूरत हमेशा बनी रहेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह अपने अभिभावकत्व और नेतृत्व से एनडीए को संभालते हुए काम प्रारंभ किया है। वे आसानी से साधारण विवादों का हल भी निकाल ही लेंगे।

एएनएम व आशा वर्कर मिलकर लगा रही फर्जी आई.डी.

सीएचसी बिजुआ में हो रहा है भ्रष्टाचार का खेला

* सिर्फ कागजों में दौड़ रही है 102 सच्चाई के धरातल पर हकीकत कुछ और बयां कर रही

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

लखीमपुर खीरी। सीएचसी बिजुआ में भ्रष्टाचार चरम पर बताते चलें एम्बुलेंस मरीजों का कहीं कोई अता पता नहीं अधिकारियों की साठ गांठ से सरकार को लगाया जा रहा है लाखों का चूना बिजुआ सी एच सी में तैनात कई एएनएम और आशा वर्कर 102 एम्बुलेंस के लिये रोज़ाना दर्जनों फर्जी आई डी लगाकर कागजों में दौड़ाई जा रही है एम्बुलेंस अगर सूत्रों की मानें तो 102 एम्बुलेंस का संचालन कारण वाली एजेंसी का एम्बुलेंस चालकों पर क़रीब एक दर्जन से ज़्यादा आई डी लगाने का दबाव रहता है और ऐसे में चालक आशा वर्कर और एएनएम से मिलकर अलग अलग नम्बरों से फर्जी आई डी लगाते हैं और बाकायदा कॉल जाती है और एम्बुलेंस चालक की कॉल भी आई डी धारक के पास आती है लेकिन असली खेल यहीं पर शुरू होता है बस आगे न एम्बुलेंस कहीं जाती है और न ही कोई मरीज अगर इसकी जांच हो तो अधिकांश मरीज ढूंढने से नहीं मिलेंगे लेकिन अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहा है भ्रष्टाचार का एक बड़ा खेल लगातार खबरें प्रकाशित होने का नहीं हो रहा असर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर रहे हैं भ्रष्टाचार बेखबर।

नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सन्यार्थी के बचपन बचाओ आंदोलन के तहत चलाया जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस । गोला गोकरननाथ खीरी

कृषक समाज इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में एक जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं कालेज प्रबंधक रवि प्रकाश वर्मा ने कैलाश सत्यार्थी की भारत यात्रा के तहत कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला में संपन्न कार्यक्रम की यादें ताजा करते हुए बताया कि प्रतिवर्ष पूरे विश्व में करोड़ों बच्चे बाल श्रम के लिए बाध्य किए जाते हैं और उनका जीवन नारकीय बना दिया जाता है। इसके साथ-साथ बाल विवाह निषेध कानून और शिक्षा का मौलिक अधिकार हमें कैसे प्राप्त हुआ इसके बारे में बताया तथा इन कानून के बनने से किस प्रकार बच्चों को उनका मौलिक जीवन जीने का अधिकार मिल रहा है उन्होंने कहा हमारी मुहिम जनपद को चाइल्ड फ्रेंडली बनाना है इसके लिए हम विद्यालयों के साथ मिलकर पूरे जनपद में इस मुहिम को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए छात्रों से अपील की कि वह अपने अधिकार और कर्तव्य पहचाने और स्वयं के साथ-साथ दूसरों को आगे बढ़ने में मदद करें कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिल कुमार, ओम प्रकाश यादव, देवेंद्र सिंह, सारिका रानी सहित समर कैंप के तमाम प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

दिनदहाड़े सदर चौराहे से उचक्कों ने व्यापारी से 48000 पार कर दिए

* दिनदहाड़े हुई घटना को लेकर व्यापारियों में दहशत व्याप्त

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

गोला कोतवाली के सदर चौराहे पर दिनदहाड़े की घटना व्यापारियों में द व्याप्त कस्बा कुकुरा थाना मैलानी से दुकान का सामान लेने गोला आए एक व्यापारी को झांसा देकर मारुति वैन में रखा 48000 हजार रुपए का बैग लेकर रफू चक्कर हो गए। तहरीर पुलिस को दी गई है। दिन दहाड़े सरे राह हुई वारदात से सनसनी फैल गई।मैलानी थाना क्षेत्र के कस्बा कुकुरा निवासी जुबेर खान दुकान करते हैं। उनका कहना है कि वह बुधवार को सुबह 9:20 पर गोला में खुटार रोड स्थित गट्टानी की दुकान पर सामान खरीदने गए थे। जब वह दुकान से निकले इसी बीच किसी उचक्के ने उनकी शर्ट पर केमिकल फेंक दिया और फिर उन्हें बताया कि उनकी शर्त पर केमिकल लगा है। तो उन्होंने शर्ट निकालकर अपनी मारुति वैन में डाल ली। उनका कहना है कुछ दूर चलने के बाद उन्हें उलझन हुई। उल्टियां होने लगी। चक्कर आने लगा। तब बैन साइड में खड़ी कर जैसे ही उल्टी के लिए बाहर सिर निकाला इसी बीच दूसरी साइड से उचक्कों ने उनका बैग पार कर दिया। जिसमें 48 हजार रुपए रखे थे। सरेराह दिन दहाड़े हुई वारदात से सनसनी फैल गई है। व्यापारी चिंतित हैं कि ऐसे तो व्यापार करना मुश्किल हो जाएगा।सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।जुबेर ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

जम्मू कश्मीर में श्रद्धालुओं पर आतंकी घटना की निंदा करते कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

कस्बा के गणमान्य और वेलफेयर एसोसिएशन के लोगों द्वारा जम्मू कश्मीर में श्रद्धालुओं पर आतंकी घटना को लेकर कठोर निंदा करते हुए बापू वाटिका में कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया गया।

कस्बा में मंगलवार शाम बाबू वाटिका पर सामाजिक, गणमान्य लोगों के साथ वेलफेयर संगठन के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से जम्मू कश्मीर में तीर्थ यात्रियों की बस पर आतंकवादियों का कायराना हमले को लेकर लोगों ने विरोध जताया है। वहीं सरकार के उपक्रम बार-बार फेल होने पर शंका जताई है। तीर्थ यात्रा पर गए यात्रियों की जाने चली जाने पर उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि देते हुए याद कर कैंडल मार्च निकाला गया है।

वही लगातार तीसरी बार आतंकियों द्वारा हमला करने का दूस्साहस करने पर कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए घटना की निंदा की है।

इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

बजरंग दल ने फूंका आतंकवाद का पुतला

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

शहर में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बुधवार दोपहर आतंकवाद के विरोध में प्रदर्शन किया। उन्होंने जम्मू कश्मीर में कटरा से शिवखोड़ी जाते समय श्रद्धालुओं की बस पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की।हमले के विरोध में कलेक्ट्रेट गेट पर आतंकवाद का पुतला फूंका। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन दिया।जिसमें इस तरह के हमले रोकने और आतंक फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की गई।

चोरी गई मोटर साईकिल को पड़रिया तुला पुलिस ने किया बरामद

* चोर पुलिस की घेराबंदी देख कस्बे के बाहर खेतों में बाईक छोड़कर हो गए थे फरार

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

पडरिया तुला भीरा थाना क्षेत्र में चोरी हुई एक मोटर साईकिल को पड़रिया तुला पुलिस ने कस्बे के बाहर खेतों से बरामद कर ली है। चोरी की सूचना के बाद पुलिस ने तत्काल में आने जाने वाले मार्गों पर घेराबंदी करते हुए तलाश शुरू कर दी थी,जिसके चलते चोर बाईक को कस्बे के बाहर के खेतों में छोड़कर फरार हो गए थे।

सोमवार की शाम पड़रिया तुला कस्बा निवासी राम गोपाल राज की खाद की दुकान से ल्लोटिना मोटर साईकिल चोरी हो गई थी। जिसकी सूचना पड़रिया तुला पुलिस सहायता केंद्र पर दी गईं जहां पर तैनात आरक्षी चन्द्र मोहन त्यागी,अरविंद कुमार, सोहित कुमार ने तत्काल में कस्बे से बाहर जाने वाली सभी सड़कों पर पहुंचकर मोटर साईकिल की तलाश शुरू कर दी थी। जिसके चलते बुधवार की सुबह गोन्धिया रोड पर पुलिया के पास खेतों से मोटर साईकिल बरामद कर ली गई। बताते है कि पुलिस की मुस्तेदी को देखते हुए चोर मोटर साईकिल ले जाने में असफल रहे।चोरों को पकड़ने को लेकर भीरा पुलिस की तलाश जारी है।

फास्ट फॉरवर्ड

भीषण गर्मी और हीट वेव से बचने के लिये बग्चों को ओ आर एस के पैकेट वितरित

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। भीषण गर्मी और हीट वेव से बचने के लिये पूरनपुर की सामाजिक संस्था ने बच्चों को ओ आर एस के पैकेट वितरित किये सामाजिक संस्था के संस्थापक गुरुमेल सिंह ने बताया कि संस्था सदैव सामाजिक कार्यों में आगे आती है और लोगों की सम्भव मदद भी करती है अभी हम इस भीषण गर्मी में लोगों को हीट वेव से बचने के लिये ओ आर एस के पैकेट वितरित कर रहे हैं जल्द ही हम रिक्शा वालों और ठेलिया चालकों के लिये सूती गमछा भी वितरित करंगे जिससे लोगों को कुछ राहत मिल सकेगी इस मौके पर संस्था के सदस्य दीपक पंडित धीरेंद्र यादव सरताज अंसारी श्याम गुप्ता शिवा अर्कवंशी रंजीत पटवा समेत कई लोग मौजूद रहे।

लखनऊ वाया गोला बरेली रेल मार्ग पर आवश्यक रेलें चलाने की मांग

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। छोटी काशी विकास संघर्ष समिति ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को ज्ञापन भेजकर लखनऊ वाया गोला गोकर्णनाथ बरेली रेल मार्ग पर चार एक्सप्रेस ट्रेन तथा बरेली लखनऊ जाने के लिए दो एक्सप्रेस ट्रेन और वाया अयोध्या वाराणसी तक दो एक्सप्रेस ट्रेन,मथुरा के लिए दो एक्सप्रेस ट्रेन और जोधपुर के लिए दो एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की मांग की है।ज्ञापन में लिखा गया है कि 8 वर्ष पूर्व जब यहां छोटी लाइन थी तो बरेली लखनऊ आने जाने के लिए 16 ट्रेन चलती थी किंतु अब बड़ी रेल लाइन होने के बाद इस रेल मार्ग पर बहुत ही कम संख्या में पैसेंजर ट्रेन और सिर्फ एक एक्सप्रेस ट्रेन चल रही है जबकि गोला गोकर्णनाथ छोटी काशी के नाम से शिव जी का प्रसिद्ध धार्मिक नगर है यहां गोकर्ण कॉरिडोर का निर्माण शीघ्र प्रारंभ होना है।मैलानी रेलवे स्टेशन के आगे दुधवा नेशनल पार्क है, गोला गोकर्णनाथ में लाखों तीर्थयात्री और दुधवा नेशनल पार्क में लाखों सैलानी पहुंचते हैं किंतु रेलों की सुविधा न होने के कारण उन्हें कठिनाई होती है इस कारण लखीमपुर सीतापुर लखनऊ पीलीभीत और बरेली जाने वाले दैनिक यात्री भी परेशान है और रेलवे की आय भी काफी कम है। ज्ञापन में लिखा गया है कि छोटी लाइन होने पर लखनऊ से वाया गोला गोकर्णनाथ बरेली मथुरा और जोधपुर तक एक्सप्रेस ट्रेन चलती थी किंतु अब मात्र एक स्थाई एक्सप्रेस ट्रेन इस विद्युत चलित रेलवे ट्रैक पर मैलानी से गोरखपुर ट्रेन संख्या 15010 अप और 1509 डाउन नित्य चल रही है जो अपर्याप्त है। रेल मार्ग पर वाया अयोध्या वाराणसी तक मथुरा और जोधपुर तक दो दो एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की मांग की गई है ताकि तीर्थ यात्री वाराणसी गोला गोकर्णनाथ अयोध्या और मथुरा में एक साथ अपने आराध्य का दर्शन पूजन कर सकें।

छुट्टा पशु के हमले में बुजुर्ग की मौत

जन एक्सप्रेस । शाहजहाँपुर। बंडा। खेत में खड़ी फसल को देखने जाते समय थाना क्षेत्र के उदयपुर खखरा निवासी हेतराम (65) पर छुट्टा पशु ने हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल होने पर राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। सोमवार की शाम हेतराम खाना खाने के बाद खेत पर धान की पौध देखने के लिए निकले थे। खेत के नजदीक पहुंचने पर अचानक छुट्टा पशु ने पीछे से हमला कर दिया। पशु के टक्कर मारने से गंभीर रूप से घायल हो गए। तुरंत ही उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। रास्ते में बसंतापुर गांव के पास उनकी मौत हो गई। उनकी मौत से पत्नी फूलमती, पुत्र रंजीत का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजन ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने मामले की जानकारी होने से इन्कार किया है। छह जून को हेतराम का दूसरे नंबर का पुत्र सुरजीत हादसे में घायल हो गया था। मकसूदापुर गांव के पास बाइक किसी वाहन से टकरा गई थी। गंभीर रूप से घायल होने पर राजकीय मेडिकल कॉलेज में उनका उपचार चल रहा है।

बसपा नेता को हिरासत में लेने पर बवाल, पुलिस पर पथराव

जन एक्सप्रेस । हरदोई। बीती 30 मई को पाली थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर निवासी युवराज सिंह (17) की किशोरी को लेकर हुए विवाद में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में युवराज के ताऊ की तहरीर पर तीन किशोरों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज हुआ था। 30 मई की रात ही पुलिस ने मुठभेड़ के बाद हत्यारोपी तीन किशोरों और उनके दो साथियों को पकड़ लिया था।

जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में स्वयंसेवको की बैठक का हुआ आयोजन

* पी.एल.वी.गण को उपरोक्त तीनों नये कानून के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

मा0 जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर मनोज कुमार तृतीय के निर्देशानुसार, अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी की अध्यक्षता में आज एक बैठक का आयोजन समस्त पराविधिक स्वयं सेवकों के साथ आहूत की गयी। उक्त बैठक में 01 जुलाई 2024 से लागू होने वाले कानूनों, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, के विषय में व आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित-13.07.2024 को अधिकाधिक सफल बनाये जाने हेतु उपस्थित समस्त पराविधिक स्वयं सेवकों से वार्ता की गयी। उपस्थित समस्त पी.एल.वी.गण को उपरोक्त तीनों नये कानून के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी, जिससे कि आम जन मानस में उक्त कानूनों को लेकर किसी प्रकार के भ्रम की स्थिति उत्पन्न न होने पाये तथा समस्त पराविधिक स्वयं सेवकों को यह भी निर्देश दिये गये कि वह ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर आम जन मानस को उक्त नये कानूनों के बारें में जानकारी दी जाये तथा उक्त विषय के सम्बन्ध में रूप-रेखा तैयार किये जाने के विषय पर चर्चा की गयी।

संकट मोचन हनुमान मंदिर में हुआ जवाबी कीर्तन, क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्य ने प्रतिभागियों को किया सम्मानित

जवाबी कीर्तन का उद्देश आम जन मानस में भक्ति को जाग्रत करना है। संगीत किसी की भावनाओ को व्यक्त करने के माध्यम में विशेष रूप से शक्तिशाली है। ईश्वर के प्रति प्रेम भावनाओ को जाग्रत करने का प्रयास ही कीर्तन है। उक्त बातें रामकुंड चौराहे पर आयोजित जवाबी कीर्तन का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर श्री राम दरबार में पूजन अर्चन करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में विधायक आशा मौर्य ने यह बात कही। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन आर के बाजपेई विरल ने कहा कि ईश्वर के समक्ष अपने गुनाहों को मानना ही कीर्तन है। इससे पूर्व संकट मंचन हनुमान मंदिर प्रबंध समिति के मुरारी लाल रस्तोगी, राम कुमार जायसवाल, सतीश गुप्त ने दोनो अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण एवम स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। मुख्य अतिथि सहित विशिष्ट अतिथि ने दोनो कलाकारों का स्वागत माल्यार्पण एवम स्मृति चिन्ह देकर किया।

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

महमूदाबाद। रामकुंड चौराहा पर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पर शानदार जबाबी कीर्तन का आयोजन किया गया। जवाबी कीर्तन में प्रयागराज से आए रणजीत राज और मध्यप्रदेश के जे पी मनचला का स्वागत क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्या व सेता ग्रुप के चेयरमैन् आर के वाजपेयी भी स्वागत किया।

कीर्तन कलाकारों ने फिल्मी धुनों पर आधारित धार्मिक सामाजिक प्रसंगों एवम खंडगीतों को सुनकर आम जनमानस को पूरी रात आनंदित किया। निर्णायक मंडल ने कड़ी मशक्कत के पश्चात प्रयागराज से आए रणजीत राज को विजयी घोषित किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक नाग ने किया। संकट मोचन हनुमान मंदिर रामकुंडा चौराहा पर आयोजित जवाबी कीर्तन का शुभारंभ रणजीत राज द्वारा मां की वंदना कवियों की कल्पना में, याचक की याचना में आराधना तुम्हारी मां वंदना तुम्हारी से करने के साथ ही पहला सवालिया गीत के साथ ही जा तो रहे हो छैया भैया के साथ में, लगने न दाग पाए उनके उजले माथ में, तनमन रघुनाथ में लगाए रखना, सेवक हूं प्रभु राम का विश्वास कीजिए, मुंदरी भी साथ लाया हूं पहचान लीजिए, रघुकुल कमल है रघुनाथ, मारे हिलोरे गंगा तब देखो झूम के के साथ ही समाजित गीत तुम्हारे हाथ के पुतले जले दफनाए जाते हैं, हमारे हाथ के पुतले सदा अपनाए जाते हैं, फर्ज लाल का मां अदा हो गया सहित कई अन्य गीतों को संस्कार आम जनमानस की वाहवाही लूटी। सहयोगी कलाकार मध्य प्रदेश से आए जे पी मनचला ने भी अपनी ओर से जवाबी कीर्तन का शुभारंभ लघु वाद्य वादन के पश्चात मां शारदे की वंदना सब को दो सब कुछ पर मुझे चरण वंदना दो के साथ ही रणजीत राज के सवालिया गीतों का जवाब दिया। सवालिया गीत में जे पी मनचला ने तेरी वाणी में वो जादू है मुझे नींद नही आती है। पर राम नाम गाते हो तुम आवाज यहां आती है, जिनके लिए मरकर सभी आते धारणी छोड़कर, हम आज जा रहे हैं वही चरण छोड़ के, मंगल मूर्ति मंगलदायत मंगलमय महाराज बने, कनक भवन में मंगलभवन है मंगलभवन सा कहां, सहित कई अन्य सवालिया गीत सुनाकर जनमानस को मंत्र मुग्ध किया।

निर्णायक मंडल के विजय वाजपेई, बब्लू मिश्र, नवनीत पांडेय, अनूप कुमार सहित अन्य ने कड़ी मशक्कत के पश्चात रणजीत राज को विजई घोषित किया। इस अवसर पर हरिनाम राठौर, सतीश गुप्ता, मुरारी लाल रुद्र प्रताप सोनी, अमृतांशु मिश्र, राम खेलावन गौतम, आलोक वर्मा सहित अन्य लोगो ने देर रात तक जवाबी कीर्तन का आनंद लिया।

तेज रफ्तार बस ने बाइक को रौंदा, भाई-बहन और भांजी की मौत

जन एक्सप्रेस । बहराइच

बहराइच-नानपारा हाईवे पर रिसिया मोड़ के पास तेज रफ्तार निजी बस ने बाइक सवार भाई-बहन व भांजी को टक्कर मार दी। बाइक बस के अगले हिस्से में फंस कर 100 मीटर तक घिसटती चली गई। हादसे में बाइक चला रहा युवक बाइक समेत बस के पहिए की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक सवार बहन व भांजी ने मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। राहगीरों द्वारा पत्थर चलाने पर बस चालक बस रोक कर फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। राहगीरों के मुताबिक बाइक सवार ने हेलमेट नहीं लगा रखा था।रिसिया नगर के रविदास नगर मोहल्ला निवासी सुहेल (21) बुधवार की शाम बाइक से मटेरा थाना क्षेत्र के जोलाहनपुरवा निवासी फुफेरी बहन नसरुजहां (40) को उसके घर छोड़ने जा रहे था। उसके साथ भांजी नसीमुन (16) भी बाइक पर सवार थी। तीनों रिसिया मोड़ पर पहुंचे ही थे कि चौकी के पास बहराइच की ओर से आ रही तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि नसरुजहां व उनकी बेटी नसीमुन छिटककर दूर जा गिरे। वहीं बाइक चला रहा सुहेल बाइक समेत बस के अगले हिस्से में फंस गया। बस चालक भागने के चक्कर में बस दौड़ाता रहा, जिससे बस का टायर सुहेल के सिर पर चढ़ गया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। गंभीर रूप से चोटिल नसरुजहां व उनकी बेटी नसीमुन को स्थानीय लोगों ने पास स्थित निजी चिकित्सक के यहां पहुंचाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सक ने दोनों को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया। परिजन आननफानन में दोनों को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। तीन मौतों की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया।

बस के साथ 100 मीटर घिसटती रही बाइक, पत्थर चलाने पर रोका

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर के बाद सुहेल बाइक समेत बस के अगले हिस्से में फंस गया था। राहगीरों ने शोर मचाते हुए बस चालक से बस रुकवाने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने भागने के प्रयास में बस नहीं रोकी। इस दौरान सुहेल टायर की चपेट में आ गया। वहीं बाइक को बस चालक लगभग 100 मीटर तक घसीटता रहा। नाराज राहगीरों ने बस के शीशे पर पत्थरबाजी कर दी जिसके बाद चालक ने बस रोकी लेकिन बस सवार भीड़ में कहीं फरार हो गया।

फातिया में आई थी मां-बेटी, दो परिवारों पर टूटा दुखों का पहाड़

मृतक सुहेल के पिता बच्छन खां ने बताया कि उनके घर पर फातिया था जिसमें शामिल होने के लिए उनकी बहन की बेटी नसरुजहां व भांजी नसीमुन आई थी। फातिया होने के बाद उनका बेटा दोनों को उनके घर जोलाहनपुरवा छोड़ने के लिए जा रहा था। इस दौरान बस चालक की लापरवाही से दर्दनाक हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना से उनकी बहन के घर में भी कोहराम मच गया है।

पुलिस कर रही मामले की जांच

बहुत ही दुखद हादसा है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। हादसों में कमी लाने के लिए यातायात नियमों को लेकर जागरूकता अभियान के साथ अब कड़ाई भी शुरू की जाएगी।-वृंदा शुक्ला, एसपी

कस्टम अधिकारी बनकर 13 लाख रुपये ठगे

* माइक्रोसॉफ्ट के पूर्व कर्मचारी को किया डिजिटल अरेस्ट

जन एक्सप्रेस । बरेली

एक युवक को डिजिटल अरेस्ट कर लिया गया। कई घंटे अरेस्ट होने के बाद उसे अहसास हुआ कि साइबर ठगों ने उसे डिजिटल अरेस्ट किया है। मगर तब तक ठग उससे 13 लाख रुपये की ठगी कर चुके थे।

बरेली के ग्रीनपार्क निवासी एक शख्स को डिजिटल अरेस्ट कर 13 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। कई घंटे मोबाइल फोन पर निगरानी में रहने के बाद जब पीड़ित को अहसास हुआ कि वह साइबर ठगों के चंगुल में है तब तक देर हो चुकी थी। पीड़ित ने मामले में साइबर थाना व एसएसपी कार्यालय में पत्र दिया है।

ग्रीनपार्क निवासी युवक दिल्ली में रहकर माइक्रोसॉफ्ट कंपनी में काम करता था। युवक के मुताबिक, दिल्ली में काम के दौरान ब्रेन हेमरेज होने से उसने नौकरी छोड़ दी और बरेली आकर घर पर ही काम शुरू कर दिया। पीड़ित ने साइबर थाने जाकर बताया कि पिछले दिनों उसके पास एक कॉल आई। कहा कि कस्टम अधिकारी बोल रहे हैं। एक कोरियर कंपनी फैडेक्स से आपके नाम का कोरियर मिला है। इसमें ड्रग्स, नशे की दवा और कई पासपोर्ट हैं। कहा कि जांच पूरी होने तक वह कॉल नहीं काट सकते। ठगों ने युवक को तीन घंटे तक बातों में उलझाए रखा। इस दौरान उसके खाते की जांच की बात कहकर कई बार में पीड़ित से 13 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। अधिकांश रकम पीड़ित को बैंक भेजकर आरटीजीएस कराई गई। ठगी का अहसास होने पर जब तक पीड़ित ने कॉल कट की, तब तक 13 लाख रुपये खाते से निकाले जा चुके थे। साइबर थाना के इंस्पेक्टर नीरज सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मानव तस्करी एवं बाल विवाह रोकने हेतु आगे आए समाज-अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश

जन एक्सप्रेस/देवरिया। जनपद न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 107 के अन्तर्गत गठित विशेष किशोर पुलिस इकाई व ए.एच.टी.यू0 की मासिक बैठक रिजर्व पुलिस लाईन के प्रेक्षा गृह में कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा किया गया। प्रत्येक माह में होने वाले जनपद में किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 107 के अन्तर्गत गठित विशेष किशोर पुलिस इकाई व ए.एच.टी.यू0 की मासिक बैठक में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा कहा गया कि बालकों के हितों के लिए सर्वोत्तम दृष्टिकोण अपनाते हुये समुचित देखरेख, संरक्षा, विकास, उपचार तथा समाज से पुनः मिलाने के माध्यम से उनको प्रोत्साहित किया जायें। उन्होंने कहा कि आज मानव तस्करी एक व्यापार का भयावह रूप लेते जा रहा हैं, बच्चों को अपहरण कर उससे भीख मँगवाया जा रहा हैं तथा होटलों में कार्य करवाया जा रहा हैं जो बहुत ही निंदनीय हैं ऐसे घिनौने कार्यो के रोकथाम हेतु पुलिस विभाग को सख्ती से निपटने की जिम्मेदारियाँ दी गयी।

कच्ची शराब के अड्डे पर आबकारी की बड़ी कार्रवाई, कारोबारियों में हड़कंप

कई भट्ठियां तोड़कर कुंतलों लहन को टीम ने किया नष्ट

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

जिले के थाना कसया क्षेत्र के भैसहा हेतिमपुर छोटी गंडक नदी के किनारे वर्षों चल रहें अवैध कच्ची शराब के धंधे पर बुधवार को आबकारी टीम ने छपेमारी की कार्यवाही की गई। टीम ने मौके से कुंतलों लहन नष्ट किया तथा कच्ची बनाने की सैकड़ों भट्ठीया तोड़ दिया। आबकारी विभाग की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कम्प मचा हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार जिला आबकारी इंस्पेक्टर अरुण कुमार के नेतृत्व में आबकारी टीम ने क्षेत्र के भैसहा सदर टोला, दक्षिण टोला, भरटोली, पासीटोला, रेगवनिया घाट आदि जगहों पर हो रहें कच्ची कारोबार पर छापेमारी कर कई भट्ठीया तोड़ी गयी तो वहीं सैकड़ो किलो लहन भी नष्ट किया गया तथा मौके से 30 लीटर कच्ची शराब व भारी मात्रा में शराब बनाने के उपकरण भी बरामद किया गया। बताया जाता है कि कच्ची कारोबारी मुख्य सड़क से लेकर अपने दरवाजे पर बैठ कर बेधड़क शराब बेचते रहते हैं। यहां के कच्ची पीने से क्षेत्र के सैकड़ों घर बर्बाद हो चुके है। कच्ची पीकर शराबी समाज और परिवार में आए दिन मारपीट करते रहते हैं। यही नहीं शराब बनाने वाले परिवार के भी अधिकतर पुरुष कच्ची पीकर असमय ही काल के गाल में समा गए हैं। कच्ची बंद कराने के लिए प्रशासन के द्वारा बार बार प्रयास किया जाता है। किंतु कोई फर्क नहीं पड़ता है। इसको लेकर पुलिस व कारोबारियों के बीच कई बार आमना सामना भी हो चुका है। लाख प्रयास के बाद भी कच्ची कारोबार बंद होने का नाम नही ले रहा है। यह गांव नदी के किनारे बसा हुआ है। एक तरफ कुशीनगर तो दूसरे तरफ देवरिया जिले की सीमा को नदी बांटती है। दोनों जिले का फायदा उठाकर कच्ची शराब कारोबारी छापेमारी का भनक लगते ही इस पार से उस पार भाग जाते हैं। और पकड़ में नहीं आते हैं।

छापेमारी के दौरान आबकारी टीम के कां. विनय यादव, जीत नारायण पाल, रमाकांत, नागेंद्र आदि मौजूद रहे।

सौ हेक्टेयर में अरहर प्रदर्शन को पांच ब्लाकों का चयन

जन एक्सप्रेस। देवरिया

खरीफ सीजन में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत जिले में 100 हेक्टेयर मे अरहर की फसल का प्रदर्शन होगा। इसके लिए पांच विकास खण्डों का चयन किया गया है। दलहनी खेती को बढ़ावा देने की मंशा से योजना के तहत भागलपुर, सलेमपुर, रूद्रपुर, भटनी तथा लार ब्लाक का चयन किया गया है। इन सभी ब्लाकों में 20-20 हेक्टेयर में अरहर का प्रदर्शन किया जायेगा। इसके लिए किसानों का चयन लगभग पूरा हो गया है। अब उनमें बीज का वितरण किया जायेगा।

रोजगार मेले में 24 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

उ.प्र. कौशल विकास मिशन डीपीएमयू ने दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के माध्यम से एक दिवसीय रोजगार मेला बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पडरौना कुशीनगर के परिसर में उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, राजकीय आईटीआई एवं सेवायोजन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया।

रोजगार मेला में अधिक से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया चयनित अभ्यर्थियों ने नियुक्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त कर अपने आकांक्षाओं को एक नई पंख दिये। रोजगार मेला में कुल 3 नियोक्ता ने प्रतिभाग किया है।

रोजगार मेला में 47 अभ्यर्थियों ने विभिन्न नियोक्ता कम्पनीयों में साक्षात्कार दिये। साक्षात्कार के माध्यम से कुल 24 अभ्यर्थियों का रोजगार हेतु चयन किया गया। जिन्हे 16000 से 30000 तक सैलरी मिलेगी। इस रोजगार मेला में नोडल प्रधानाचार्य जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन दीपक कुमार यादव, पारस नाथ वर्मा, बीएन गुप्ता, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह जिला कौशल प्रबन्धक, अभय श्रीवास्तव, जिला कौशल प्रबन्धक, विनय पाण्डेय, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला सेवायोजन से अभिषेक मिश्रा, जितेन्द्र जायसवाल एवं समस्त अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

भाजपा की मोदी सरकार चली है और चलेगी: नितेश पाण्डेय

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

मोदी सरकार पार्ट 3 पर विपक्षी दलों द्वारा कमजोर सरकार बताने पर भगवा रक्षा परिषद् उत्तर के उपाध्यक्ष,भाजपा नेता नीतीश पाण्डेय ने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं, आकांक्षाओं की पूर्ति हेतु प्रतिबद्ध आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर समस्त भारतवासियों ने शुभकामनाएं दी हैं। भाजपा नेता ने कहा कि

माना कि अँधेरा घना है, लेकिन दिया जलाना कहाँ मना है

उन्होंने कहा कि ये सौभाग्य है कि देश को मोदी जैसे कर्मठ, ईमानदार और लोकप्रिय नेता का हमें तीसरी बार मार्गदर्शन मिलेगा। भाजपा नेता नीतीश पाण्डेय ने कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में पीएम मोदी विकसित भारत के संकल्प के लक्ष्य को पूरा करेंगे और देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे तथा एक सेवक के रूप में देश की 140 करोड़ जनता की सेवा करते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार **विकसित भारत** के संकल्प के साथ देश के विकास से जुड़े लक्ष्यों को पूरे समर्पण के साथ हासिल करेगी और समस्त देशवासियों की आशा-आकांक्षा पर खरी उतरेगी।

भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली ह्ष्ठ सरकार का पहला दिन किसानों के सम्मान के लिए समर्पित रहा **प्रधानमंत्री ने पहले दिन ही धान व मक्के सहित खरीफ की फसल के लिए पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त जारी की।**

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त के तहत रू. 20,000 करोड़ रुपए सीधे किसानों के खाते में भेजे। लगभग 9.3 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। केंद्र सरकार का ये फैसला दर्शाता है कि NDA सरकार के लिए अन्नदाताओं का सम्मान सर्वोपरि है। भाजपा नेता नितेश पाण्डेय ने कहा कि मैं इस कल्याणकारी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री का देश के सभी किसानों की ओर से आभार प्रकट करता हूँ।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में एक और ऐतिहासिक कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए की सरकार ने पहली कैबिनेट में हर भारतवासियों के जीवन को सुगम बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 'PM Awas Yojana' के अंतर्गत अतिरिक्त 3 करोड़ आवास को स्वीकृति दी।

इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मैं प्रधानमंत्री का हृदय से अभिनंदन करता हूँ।

पत्रकार के आकास्मिक निधन पर शोक

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज



पत्रकारिता जगत के जाबांज कलम के सिपाही के आकस्मिक निधन से हमने अपना एक लोक तंत्र के चौथे स्तंभ के सहयोगी साथी खो दिया। यह एक दैनिक आज समाचार पत्र में लम्बे अर्से से जुड़कर सेवा देने वाले स्व0 गुलाम मुस्तफा इद्रीशी अपनी बेवाक लेखनी से मजबूत एवं मिलनसार पत्रकार थे।उनकी भरपाई कर पाना संभव नहीं है। बीते दिन सोमवार की रात में उनका अचानक तबीयत बिगड़ी और निधन हो गई, जिससे पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ पड़ी। बुधवार को अन्तर्राष्ट्रीय पत्रकार यशोदा श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक शोक सभा आयोजित कर स्व0 गुलाम मुस्तफा इद्रीशी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया और दो मिनट मौन रहकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इसके पश्चात अन्तर्राष्ट्रीय यशोदा श्रीवास्तव ने कहा कि आज हम लोगों ने अपने बीच के एक मजबूत स्तम्भ को खो दिया। उन्होंने अपनी पत्रकारिता जगत में एक अलग पहचान बनाई थी।आयोजित शोक सभा में अशोक कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ पत्रकार विशुनदेव त्रिपाठी, सुधेश मोहन श्रीवास्तव,केशव कुमार मिश्र, रविन्द्र श्रीवास्तव, राकेश अग्रहरि, उमाकांत विश्वकर्मा, अंकुर मिश्र, विनय श्रीवास्तव, घनश्याम ,प्रदीप अग्रहरि, सुनील मणि, राकेश सहानी, विश्वामित्र मिश्र, सुनील पांडेय, बीएल मौर्य, राहुल पाण्डेय, देवानंद यादव, राहुल सिंह,रमेश कुमार यादव, हरिप्रकाश पाण्डेय, अभिषेक वर्मा, साधुशरण, वैभव सिंह, हरिनारायण यादव, दुर्गेश जायसवाल,अवधेश वर्मा, वेदप्रकाश पुरी, प्रमोद मौर्य,संजय श्रीवास्तव, अमरेन्द्र श्रीवास्तव, शैलेष श्रीवास्तव, गजेन्द्र पाण्डेय, डॉ नसीम खान, शैलेष श्रीवास्तव, शत्रुघ्न प्रजापति, उमेश गुप्ता, शैलेष पाण्डेय, बलराम अग्रहरि ,गौतम श्रीवास्तव वसीउल्लाह, शुभम् त्रिपाठी, रामरूप सांवरकर, कुलानंद, विनय पाठक, आशीष कुमार,उमेश यादव, उमाशंकर उपाध्याय, आशुतोष राणा, व संतोष जायसवाल सहित धानी, वृजमनगंज, पुरन्दरपुर, भैया फरेंदा व कोल्हुई के पत्रकार उपस्थित रहें।

बकरीद त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज।

बकरीद त्यौहार को लेकर फरेंदा कोतवाली क्षेत्र के मुस्लिम समाज के साथ मंगलवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। आयोजित बैठक में शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने की अपील की गई।आगामी बकरीद पर्व को लेकर फरेंदा कोतवाल अंकित सिंह की मौजदूगी में बैठक आयोजित हुई। बैठक में अंकित सिंह ने कहा कि बकरीद त्यौहार परम्परागत एव शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं किसी भी प्रकार के धर्म से जुड़े अनावश्यक बातें सोशल मीडिया व व्यक्तिगत को लेकर सांप्रदायिक बावल से बचें। अंत में उन्होंने अपील किया है कि मुस्लिम समाज के धर्मगुरुओं द्वारा सुबह नमाज के समय किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसका ध्यान रखेंगे। बकरीद त्यौहार पर खलल डालने वाले अराजक्ताओं के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।बकरीद के दौरान कुर्बानी को खुले स्थानों पर न करने की सख्त हिदायत दीं एव अवशेष को इधर उधर न फेंकने की अपील की गई। इस दौरान चौकी प्रभारी गंगाराम यादव, उपनिरीक्षक शंभू नाथ सिंह, हिमांशु सहित तमाम पुलिसकर्मियों के अलावा क्षेत्र के अगल -अलग समुदाय के संभ्रांत लोग मौजूद रहें।

नगर अध्यक्ष और ईओ के बीच पीसे जा रहे हैं सैकड़ो कर्मचारी

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज

आदर्श नगर पंचायत आनन्दनगर के सैकड़ो सफाई कर्मचारियों ने अपने बकाए वेतन को लेकर तीसरी बार धरने पर बैठे हुए हैं। इसके पूर्व में मार्च और अप्रैल में भी सैकड़ो कर्मचारियों ने बकाया भुगतान को लेकर धरना शुरू किये थें जिसमें फरेंदा एसडीएम के आश्वासन पर सैकड़ो कर्मचारियों ने धरना समाप्त कर दिए थे। अब तीसरी बार नगर के कर्मचारीयों ने फिर से 10 जून से धरने पर बैठ गए हैं, जिससे नगर में साफ सफाई न होने से वार्डो में गंदगी का अंबार बढ़ रहा हैं और नगर में बढ़ रही दुर्गंध से नगर के लोग काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। बुधवार को सफाई कर्मचारियों ने आक्रोशित होकर नगर की सड़कों पर दोपहर में चिलचिलाती धूप में अपनी वेतन की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए अध्यक्ष का विरोध प्रदर्शन किया। अध्यक्ष और ईओ की लापरवाही से नगर पंचायत के सैकड़ो कर्मचारी पीसें जा रहे हैं। जिससे नगर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। धरने पर बैठे हुए सफाई कर्मचारियों का दर्द व पीड़ा कोई उच्चधिकारी समझना वाला नहीं है, जिससे अब नगर पंचायत आनंद नगर के लिए सफाई कर्मचारी टेढ़ी खीर साबित होते दिख रहे हैं। सफाई कर्मचारी अध्यक्ष अमरजीत सहानी ने बताया कि बकाया वेतन जब तक भुगतान नहीं होगा तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

एनएचआरएम योजना में फ्रॉड कर अवैध वसूली करने वाले गैंग का पुलिस ने किया पर्दाफाश

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को 25 हजार नगद पुरस्कार देकर किया सम्मानित

* पीड़ितों द्वारा पुलिस टीम को किया गया धन्यवाद ज्ञापित

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

कुशीनगर पुलिस ने बुधवार को एनएचआरएम स्वास्थ्य योजनाओं के माध्यम से होने वाले इलाज में फ्राड कर लोगों से अवैध वसूली करने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए अभियुक्तो के पास से नकद 2 लाख दस हजार रुपया व अपराध में प्रयुक्त तीन अदद लैपटाप डेटा सहित , 21 कूटरचित सरकारी, गैरसरकारी मुहरें, 6 कूटरचित दस्तावेज हस्ताक्षर मूल मुहर लगे हुए, एक डायरी, जिसमें जनपद के 17 भिन्न- भिन्न हॉस्पिटलों के स्वास्थ्य योजना से सम्बन्धित आईडी, पासवर्ड, अपराध में प्रयुक्त 7 अदद मोबाईल फोन डेटा सहित,14 अदद एटीएम कार्ड भिन्न-भिन्न बैंको के, 21 अदद भिन्न-भिन्न कम्पनियो के फर्जी सिम, 17 अदद बंधक आरोग्य कार्ड भिन्न-भिन्न लाभार्थियों के, एक बण्डल फर्जीवाड़ा में प्रयुक्त दस्तावेज, अपराध में प्रयुक्त एक पीसी मय सीपीयू, मानिटर बोर्ड, माउस व अपराध में प्रयुक्त एक चार पहिया वैगनार वाहन सं. यूपी 57 ए एक्स 6001 बरामद करते हुए 4 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है।

इसी क्रम में पीड़ितों द्वारा पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल को पुलिस के इस सराहनीय कार्य हेतु पुष्प गुच्छ देकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा द्वारा 25 हजार रुपये का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन ने पुलिस प्रशासन पर लगाया लापरवाही का आरोप, आक्रोश

जन एक्सप्रेस/गोला गोरखपुर। गोला बार एशोसियेशन के अधिवक्ताओं ने साथी अधिवक्ता पर हुए जान लेवा हमले में पुलिस की कार्रवाई में लापरवाही पूर्ण रवैया को लेकर आक्रोश जताते हुए बैठक कर दो दिन न्यायिक कार्य से विरत रहने का लिया निर्णय। बार एशोसियेशन के अध्यक्ष गिरिजेश शाही व मंत्री शंकरानंद शुक्ल के अध्यक्षता में अधिवक्ता ने बैठक कर जिला एशोसियेशन के अधिवक्ता व वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय चंद के निवासी गोला थाना क्षेत्र के उपर उनके ही पट्टीदारों किये गये जान लेवा हमले में स्थानीय पुलिस प्रशासन व जिले के पुलिस विभाग के आलाकमान द्वारा ठोस कार्रवाई न होने से नाराज अधिवक्ताओं ने बुधवार को बार सभागार में बैठकर पुलिस प्रशासन पर नाराजगी जताते हुए दो दिन न्यायिक कार्य से विरक्त रहने का निर्णय लिया है।साथ ही चेतावनी भी दी है अगर समय रहते अधिवक्ता साथी के उपर हमला करने वाले दोषियों पर पुलिस प्रशासन ने यदि कोई ठोस कदम नही उठाया तो मामला मंत्रालय तक जायेगा।

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत परम्परागत कारीगरों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस। देवरिया

उपायुक्त उद्योग खुशबू सिंह ने बताया है कि उ0प्र0 सरकार द्वारा प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के स्थानीय दस्तकारों तथा पारम्परिक कारीगरों के विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जनपद के विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत ट्रेड बढई, नाई, दर्जी, लोहार राजमिस्त्री, हलवाई धोबी हेतु 775 का लक्ष्य प्राप्त हुआ हैं। योजनान्तर्गत परम्परागत कारीगर जैसे बढ़ई, नाई, दर्जी लोहार राजमिस्त्री, हलवाई धोबी के आजिविका के साधनो को सुदृढ़ीकरण करते हुए उनके जीवनस्तर को उन्नत किया जाना है। योजनान्तर्गत परम्परागत कारीगरों को उद्यम के आधार पर कौशल वृद्धि प्रशिक्षण प्रदान किया जाना हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र विभागीय बेबसाइट पर www.diupmsme.upsds.gov.in पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का चयन करते हुए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र आनलाइन करने की अन्तिम तिथि 10 जुलाई तक निर्धारित की जाती हैं। उक्त योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र देवरिया नगर से किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता हैं। आनलाइन आवेदन हेतु आवेदक जनपद का मूल निवासी होना चाहिए एवं न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना चाहिए तथा पूर्व में किसी योजना में लाभार्थी नही होना चाहिए। परिवार का एक ही सदस्य याजना में पात्र होगा (परिवार का आशय पति एवं पत्नी से है।)

आवश्यक दस्तावेज में पासपोर्ट आकार का फोटो, हस्ताक्षर / अगूठे का निशान, बैंक पासबुक परम्परागत कारीगरी से जुड़े होने का प्रमाण पत्र (ग्राम प्रधान / अध्यक्ष नगर पंचायत अथवा नगर पालिका के वार्ड द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

बाल श्रम उन्मूलन के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर श्रम आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में जनपद कुशीनगर में बुधवार को बाल श्रम उन्मूलन के प्रति जागरूकता लाने के लिए पडरौना और कठकुइया बाजार में व्यापारियों के साथ बैठक की गई व उन्हें अपने प्रतिष्ठान पर बाल श्रमिक नियोजित न करने की शपथ दिलाई गई ।

बैठक में उपस्थित व्यापारियों को बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2016 के प्रावधानों से अवगत कराते हुए अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों की कार्यस्थल पर एवं आवश्यक अभिलेख हेतु जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम सहायक श्रम आयुक्त कुशीनगर के मार्गदर्शन में श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय द्वारा आयोजित किया गया जिसमें चाइल्ड लाइन कुशीनगर से मोहन लाल गुप्ता पडरौना व्यापार मंडल पदाधिकारी जगदंबा प्रसाद अग्रवाल एवं दीप नारायण अग्रवाल कठकुईया बाजार से रितेश अग्रवाल शशि शेखर मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

डीएम ने किया गौ संरक्षण केंद्र का निरीक्षण, दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

कोप जंगल खड्डा स्थित गो संरक्षण केंद्र का बुधवार को जिलाधिकरी उमेश मिश्रा ने निरीक्षण किया निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी ने गो वंशो की उपलब्धता, भूसा, हरा चारा, छाए की व्यवस्था,पेय जल की उपलब्धता तथा पशुओं के चिकित्सा संबंधित सुविधाओं का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण दौरान विगत दिवसों में आए आंधी तूफान में उखड़े,टूटे टीन शेड को मरम्मत किए जाने सहित 4 - 5 शेड अलग से बनवाए जाने हेतु खण्ड विकास अधिकारी खड्डा को निर्देशित किए, साथ ही उन्होंने बजट मांग पत्र शासन को प्रेषित किए जाने का भी निर्देश दिया।

गो वंशो हेतु भूसे की पर्याप्त उपलब्धता हेतु ग्राम प्रधान व जन प्रतिनिधियों से भूसा दान करने के लिए अपील किया तथा ग्रामवासियों के द्वारा भी गो संरक्षण केंद्रों में भूसा दान तथा गो संरक्षण केंद्रों से लोगो के आत्मीय जुड़ाव हेतु लोगों को प्रेरित किए जाने हेतु ग्राम प्रधान को निर्देशित किया गया।

उन्होंने ने भीषण गर्मी में गो वंशो की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर किया ।इस संबंध में पशु आश्रय स्थल के चारो तरफ पौधे लगवाने व छायादार वृक्ष जैसे पाकड़, पीपल, नीम के पौधे बीच में लगाने हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त आने वाले वर्षा मौसम के दृष्टिगत सभी सुविधाएं शीघ्र पूर्ण कर लिए जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। मौके पर उपस्थित पशु चिकित्साधिकारी को अपने कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही संज्ञान में आने पर रोष व्यक्त करते हुए कड़ी फटकार लगाई तथा अपने कार्यों में सुधार लाने का कड़ा निर्देश दिया। डीएम ने सभी संबंधित को आगाह करते हुए कहा की बेजुबान पशुओं के खाने पीने में कभी भी कोई कमी न होने पाए। उन्होंने मौके पर उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि गर्मी से पशुओं को तत्काल राहत दिलाने सहित 4- 5 शेड का निर्माण कार्य व मरम्मत का कार्य अपनी देख रेख में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा पूर्व में हुए निर्माण कार्यों के संबंध में कार्यदायी संस्था से भी जवाब तलब किया जाय। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी गुंजन दिवेदी, उप जिलाधिकारी खड्डा ऋषभ पुंडीर, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित खण्ड विकास अधिकारी खड्डा के साथ अन्य सभी संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई-ऑक्शन सूचना
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना।

एडमिन यूनिट/जोन	लखनऊ-उ०रे०-मण्डल-वाणिज्य/उ०रे०
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	Pnu-LKO-LKO-WRL-61-23-1 (Pay and Use-Lounges/Waiting/ Retiring/Cloak Rooms)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	11.06.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	28.06.2024 at 12:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	28.06.2024 at 12:30 hrs.
नीलामी का प्रकार	Close Ended
वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है	E-Auction Module of www.ireps.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1754/2024

पांच दिवसीय विशाल अयोध्या यात्रा का शुक्रवार को आगरा में होगा भव्य स्वागत, तैयारियों को दिया गया अंतिम स्वरूप

जन एक्सप्रेस। आगरा

शुक्रवार 14 जून 2024 को ताजनगरी में जय श्रीराम के जयघोष से गूंजेगा। रामभक्तों की 108 वातानुकूलित बसों के साथ शिवगंज, सुमेरपुर राजस्थान से अयोध्या जा रही विशाल अयोध्या यात्रा का आगरा में पड़ाव होगा। बुधवार को होटल भावना क्लार्क्स इन में आयोजित पत्रकार वार्ता में यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए आगरा में यात्रा के स्वागताध्यक्ष पूरन डावर ने बताया कि श्रीजी सनातन सेवा संस्थान, शिवगंज सिरोही राजस्थान से आचार्य दीदी डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़ के नेतृत्व में यात्रा के श्री राम रथ में विराजमान पंचधातु से निर्मित 1100 किलो के विशाल राम धनुष एवं 1600 किलो हनुमान गदा के यहाँ पावन दर्शन होंगें, जिसकी पूजा अर्चना एवं स्वागत कार्यक्रम राम भक्तों द्वारा किया जाएगा।

श्री राम रथ का बाबा मनकामेश्वर मंदिर के महंत श्री योगेश पुरी के द्वारा विधिविधान से पूजा अर्चना और भव्य आरती होगी। गुरुद्वारा गुरु का ताल के निकट हनुमान जी के मंदिर पर यात्रा का भव्य स्वागत होगा।

स्वागत समिति के स्क्वाड्रन लीडर एके सिंह ने बताया कि पंचधातु से निर्मित 1100 किलो का भव्य राम धनुष व 1600 किलो की भव्य हनुमान गदा के दो रामरथ प्रभु श्रीराम जी के चरणों में अर्पण करने की मनोकामना के साथ रामभक्तों की अयोध्या यात्रा हो रही है। रामभक्तों की ये यात्रा आज 12 जून को श्रीगोपालजी मंदिर, शिवगंज, सिरोही (राजस्थान) से प्रारंभ होकर 16 जून रविवार को श्रीराम मंदिर अयोध्या पहुंचेगी। 14 जून को ताजनगरी में यात्रा का भव्य स्वागत होगा।

अप्सा अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने बताया कि राम मंदिर निर्माण के बाद 1600 किलो वजन की हनुमान गदा और 1100 किलो वजनी रामधनुष रथ से आयोध्या पहुंचेगी जोकि भगवान श्री राम के चरणों में समर्पित होगी यह आपने आप में आध्यात्म की दृष्टि से अनुपम अहसास होगा।

पांच पड़ाव पार कर अयोध्या पहुंचेगी यात्रा

यात्रा के आगरा स्वागत प्रभारी बंटी ग्रोवर ने कहा कि संभवतः ये पहले ऐसे धनुष व हनुमान गदा होंगे जो राम मंदिर परिसर में स्थापित होंगे।

उन्होंने बताया आज रामरथ यात्रा शिवगंज से रवाना होगी यात्रा के पाली पहुंचने पर अहमदाबाद जयपुर हाईवे पर यात्रा का स्वागत किया जाएगा इसके बाद सोजत में यात्रा का स्वागत होगा। एकता बिल्डर्स के चेयरमैन मुरारी प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि 13 जून को श्री श्री माधव धाम कानोता में यात्रा का स्वागत दर्शन व पूजन कार्यक्रम होगा। 14 जून को यात्रा आगरा पहुंचेगी यहाँ स्वागत, पूजन आरती होगी। 15 जून को यह यात्रा उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुँचेगी। यहाँ से 16 जून को यात्रा के अयोध्या पहुँचने का कार्यक्रम है। 17 जून को राम धनुष व हनुमान गदा का राममंदिर में अर्पण व पूजन कार्यक्रम होगा।

इस मौके पर प्रकाश ग्रुप के एमडी राजेश गर्ग, डॉ नरेंद्र मल्होत्रा, चेंबर के पूर्व अध्यक्ष अनिल वर्मा, इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन संस्कृति के महासचिव अजय शर्मा, कन्वीनर ब्रजेश शर्मा, मोहित जैन, संजय गोयल, कंवलदीप सिंह, नंद नंदन गर्ग, शकुन बंसल, अविनाश वर्मा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

बिजली चोरी करते 18 लोगों को पकड़ा, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

भीषण गर्मी में रात के समय बढ़ रही ओवरलोडिंग को रोकने के लिए ऊर्जा निगम ने बिजली चोरी के खिलाफ अभियान शुरू किया है। इसके तहत मंगलवार को जोन-तीन के चार इलाकों में पुलिस बल समेत टीम ने तड़के सुबह पांच बजे छापा मारा। जिसमें बिजली चोरी कर एसी, पंखा, कूलर, बल्ब सहित अन्य विद्युत उपकरण चला रहे 18 लोगों को पकड़ा। टीम ने एंटी थेफ्ट थाना में मुकदमा दर्ज कराया है।

ऊर्जा निगम जोन-तीन के मुख्य अभियंता अजय ओझा ने बताया कि मंगलवार को खोड़ा, पसौंडा, कनावनी, कैला भट्ठा में बिजली चोरी के विरुद्ध अभियान चलाया गया। 18 लोग कटिया लगाकर बिजली चोरी करते हुए पकड़े गए। मौके पर मौजूद टीम ने बिजली काटकर एफआईआर दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि रात के समय बिजली चोरी अधिक हो रही है। सभी अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता और एसडीओ को निर्देश दिया गया है कि अपने-अपने जोन में अवर अभियंता सहित टीम को भेजकर देर रात और तड़के सुबह गश्त कर बिजली चोरी करने वालों पर कार्रवाई करें। जिससे रात के समय हो रहे ओवरलोडिंग और बिजली कटौती से निजात मिल सके।मुख्य अभियंता अजय ओझा ने बताया कि जोन तीन में बृहस्पतिवार से एक सप्ताह तक केबल और विद्युत पोल बदलने का काम शुरू किया जाएगा। इस दौरान होने वाली बिजली कटौती की सूचना उपभोक्ताओं को दी जा रही है। जिससे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

भाजपा नेताओं ने किया मिष्ठान वितरण

जन एक्सप्रेस/आगरा। महानगर अध्यक्ष भानु महाजन के निदेर्शानुसार भाजपा रावली मंडल में बिजली घर चौराहे पर पुन्न तीसरी बार मोदी की सरकार बनने पर एवं आगरा के लोकप्रिय सांसद प्रो एस पी सिंह बघेल को पुन्न राज्य मंत्री बनाए जाने के शुभ अवसर पर भाजपा रावली मंडल (अध्यक्ष) ओम शर्मा के नेतृत्व में बड़े ही धूमधाम से भारी संख्या में जुलूस निकाला व मिष्ठान वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से मौजूद रहे छावनी विधायक डॉ जी एस धर्मेश, आगरा महानगर उपाध्यक्ष महेश शर्मा, बूज क्षेत्र मंत्री अशोक पिप्पल, भाजपा वरिष्ठ नेता हरिओम ओझा, रिंकू शर्मा, सुनील माहौर, दीपक ठाकुर, पार्षद जयदीप सोनकर, अमित कुलश्रेष्ठ, अदिल अब्बास, अनिल खंडेलवाल, प्रवीन कटारा, शोभा जैन, बंटी कुमार, दीपक जादौन, सोनू शाक्यवार, जुगनू कुमार, सुधा चौरसिया, विजेंद्र सविता, अनूप शर्मा, दीपक सागर, पिंकी शर्मा, अनिल पिप्पल, सचिन चौधरी, मनीष पंडित, सुमित कुमार, रोहित कुमार, कार्तिक, हर्ष कोटिया एवं सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शर्मनाकः फूफा ने 14 साल की किशोरी के साथ किया दुष्कर्म

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

बॉर्डर थाना क्षेत्र की कॉलोनी में 14 साल की किशोरी के साथ उसके फूफा द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। किशोरी की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। बॉर्डर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में महिला परिवार के साथ रहती हैं। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी बेटी 14 साल की है। उनके पति मजदूरी करते हैं। उनके ननदोई बॉर्डर थाना क्षेत्र की कॉलोनी में रहते हैं। उनकी बेटी को फूफा अनिल कुमार ने अपने घर में रोटी बनवाने के लिए बुलाया था। घर बुलाकर आरोपी फूफा ने बेटी के साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर किशोरी को जान से मारने की धमकी दी थी। फूफा के डर के चलते उसने किसी को कुछ नहीं बताया। किशोरी जब घर में गुमसुम रहने लगी, तो परिजनों को शक हुआ। पहले तो किशोरी ने कुछ नहीं बताया। बाद में किशोरी ने अपने फूफा की करतूत बता दी।

इसके बाद परिजनों ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर अनिल कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। किशोरी का मेडिकल और बयान दर्ज कराए जाएंगे।

प्राथमिक शिक्षक संघ का होगा डिजिटलाइजेशन

जन एक्सप्रेस। आगरा

अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, स्वीडन टीचर्स फेडरेशन, एजुकेशनल इंटरनेशनल के सहयोग से उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का डिजिटिलाइजेशन किया जाएगा, प्रदेश के 75 जनपद में से 5 जनपद का चयन किया गया है । डिजिटिलाइज की प्रक्रिया से संगठन के पदाधिकारीयों का समय बचेगा एवं संगठन के सदस्य शिक्षकों को भी उक्त व्यवस्था से काफी लाभ मिलेगा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में कैफी आजमी सभागार लखनऊ में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के सी0ई0ओ0 एवं एजुकेशनल इंटरनेशनल के रीजनल डायरेक्टर श्री आनंद सिंह जी, स्वीडन टीचर्स फेडरेशन के सहयोग से डीजिटिलाजेशन पर चर्चा हुई, जिसमें प्रदेश में 5 जनपदों का चयन किया गया, जिसमें जनपद पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक मात्र जिला रहा। संघ के डिजिटाइजेशन करने के प्रथम चरण में जनपद आगरा का चयन करने के लिए अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता पांडेय जी, राष्ट्रीय महासचिव कमला कांत त्रिपाठी जी, स्वीडन टीचर्स फेडरेशन के अध्यक्ष राबर्ट जी, एशिया पैसिफिक के रीजनल डायरेक्टर आनंद जी,राष्ट्रीय सचिव संजय मिश्रा जी, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील पांडेय जी, प्रदेश महामंत्री उमाशंकर सिंह जी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह जी , संयुक्त मंत्री आलोक मिश्रा सहित सभी पदाधिकारीयों का जनपद आगरा का चयन करने के लिए जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कंसाना जी एवं जिलामंत्री ब्रजेश दीक्षित ने जनपद आगरा के शिक्षकों की ओर से शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

चलती ट्रेन के नीचे आया यात्री

प्लेटफॉर्म नंबर-1 यात्री का पैर फिसला, पैर और पीठ में आई चोट

जन एक्सप्रेस। आगरा

कैंट रेलवे स्टेशन पर बुधवार दोपहर को हैरान करने वाली घटना हुई। स्टेशन के प्लेटफॉर्म-1 एक पर यात्री ने चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया। ट्रेन में चढ़ते समय उसका पैर फिसल गया। यात्री ट्रेन के नीचे आ गया। आनन-फानन में ट्रेन की चेन खींची गई। जब लोगों ने ट्रेन के नीचे देखा तो यात्री सही सलामत था, जिसने भी ये नजारा देखा, वो अचंभित था। यात्री को हल्की चोटें आई हैं। दोपहर को आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर 3.45 बजे दिल्ली से भोपाल की ओर जाने वाली सचखंड एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर एक पर पहुंची। ट्रेन प्लेटफॉर्म पर पहुंची ही थी कि इंजन के पीछे वाली जनरल बोगी में बैठने के लिए यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने के लिए दौड़ लगाने लगे। एक युवक ने चलती ट्रेन में बोगी में चढ़ने का प्रयास किया। ट्रेन में चढ़ते समय उसका संतुलन बिगड़ गया। वो प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच के गैप में फंस गया। ट्रेन के साथ घिसटने लगा। युवक को देखकर लोगों ने शोर मचाया। कुछ यात्री उसे बचाने के लिए दौड़े, लेकिन इतनी देर में वो गैप में होते हुए ट्रेन के नीचे गिर गया। ट्रेन युवक के ऊपर से निकल गई। शोर सुनकर यात्रियों ने चेन खींची। प्लेटफार्म पर यात्रियों की भीड़ लग गई। ट्रेन रुकने पर लोगों ने झांक कर नीचे देखा तो सब हैरान रह गए। युवक पटरियों के बीच में गिरा हुआ था। उसकी सांस चल रही थीं। यात्रियों ने जीआरपी और आरपीएफ को सूचना दी। मौके पर कैंट स्टेशन मैनेजर राजेंद्र सिंह भी आ गए। तत्काल युवक को रेस्क्यू किया गया।

नजारा देख लोग हुए हैरान

युवक को सही सलामत देखकर लोगों को यकीन नहीं हो रहा था। यात्रियों को कहना था कि उन्हें लगा कि युवक के कई टुकड़े हो गए होंगे। लगभग पूरी ट्रेन ऊपर से गुजर गई। मगर, उसके हल्की खरोंच आई थीं। युवक घबरा गया था। रेलवे स्टाफ ने उसे प्राथमिक उपचार दिया। युवक ने बताया कि उसका नाम विजय सालमे है। वो मध्यप्रदेश के बैतुल का रहने वाला है। वो खंडवा जा रहा था।

जिला अस्पताल में 14 जून को लगेगा रक्तदान शिविर, रक्तदाता लेंगे बढ़-चढ़ कर भाग

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

सीएमओ डॉ.नीरज त्यागी ने अपील की है कि इस आयोजन में सामाजिक संगठन सहयोग करें और जरूरतमंदों की जान बचाने के लिए रक्तदान करें। बता दें कि यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। जिसे लेकर लोगों में खासी उत्सुकता व इंतजार रहता है।

विश्व रक्तदाता दिवस पर 14 जून को अमर उजाला फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। लोग इस आयोजन की सफलता के लिए लगातार आह्वान कर रहे हैं। अपील की जा रही है कि 14 जून को आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और महादान में शामिल हों। शहर के सामाजिक संगठन भी आगे आ रहे हैं। मलखान सिंह जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ.जगवीर सिंह का कहना है कि रक्तकोष में रक्त की कमी इस तरह के आयोजनों से पूरी होती है। इस आयोजन में 18 से 65 वर्ष की आयु तक के लोग रक्तदान कर सकते हैं। सीएमओ डॉ.नीरज त्यागी का कहना है कि इस आयोजन में सामाजिक संगठन सहयोग करें और जरूरतमंदों की जान बचाने के लिए रक्तदान करें। बता दें कि यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। जिसे लेकर लोगों में खासी उत्सुकता व इंतजार रहता है।

जिला अस्पताल में कर्मचारी ने महिला को मारी लात

जन एक्सप्रेस/आगरा। जिला अस्पताल में बुधवार को बाइक हटाने को लेकर एक कर्मचारी ने महिला के पेट में लात मार दी। कर्मचारी और महिला के परिवार के बीच मारपीट हुई। लात पड़ने के बाद महिला गिर गई। उसे इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। सीएमएस का कहना है कि वे इस मामले की जांच कराएंगे। हींग की मंडी निवासी ममता देवी अपनी बहू और बेटे के साथ अपने नाती को दिखाने पहुंची थी। एंट्री गेट के पास बने विद्युत कार्यालय के पास एक्टिवा खड़ी कर दी। बच्चों को दिखाने और चिकित्सा से परामर्श लेने के बाद जब पीड़िता घर वापस जा रही थी तो उसकी एक्टिवा गाड़ियों के बीच में फंस गई। महिला के परिजनों ने आगे से एक बाइक को हटाकर गाड़ी निकालने की कोशिश की। इतने में एक विद्युत कर्मचारी ने उन्हें बाइक हटाने को मना किया। विवाद बढ़ा और मारपीट शुरू हो गई। पीड़िता का आरोप है कि कर्मचारी ने उसके पेट में लात मारी। वह बेहोश होकर गिर गई। परिजनों ने तुरंत महिला को इमरजेंसी में भर्ती कराया। जहां उसे प्राथमिक उपचार दिया गया।

विहिप ने इस्लामिक आतंकवाद का पुतला फूंका

आतंकवादियों पर कार्यवाही के लिए राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। आगरा

जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में 9 जून को शिव खोड़ी से कटड़ा जाते समय श्रद्धालुओं की बस पर हुए आतंकवादी हमले में 10 श्रद्दालुओं की मौत हो गई थी। हमले से आक्रोशित हिंदूवादी संगठन विहिप और बजरंग दल ने किरावली तहसील मुख्यालय पर गुरुवार को इस्लामिक आतंकवाद का पुतला फूँककर रोष जताया। इसके बाद राष्ट्रपति के नाम उपजिलाधिकारी सचिन राजपूत को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में राष्ट्रपति से आतंकवादी गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाने का केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग रखी। तथा आतंकवाद को संरक्षण देने वाले आंतरिक व वाह्य तत्वों का कठोरता से दमन करने की मांग की।

विरोध प्रदर्शन में विहिप जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, उपाध्यक्ष अचल रावत, बजरंग दल जिला संयोजक आर के इंदौलिया, विभाग संयोजक यदुवीर माहुरा, सतेंद्र भारद्वाज, भूदेव शर्मा, यदुवीर चाहर, मनोज शर्मा, अशोक, अजय चौधरी, रिंकू शर्मा, सोनू पहलवान, लाखन इंदौलिया, सतीश गर्ग, अशोक खंडेलवाल, राजेश चित्तोड़िया, अवधेश शर्मा, अशोक चौधरी, कन्हैया इंदौलिया, अशोक इंदौलिया, राहुल चौधरी, अमन चौधरी, प्रयाग वर्मा, हरेंद्र पहलवान, गौरव इंदौलिया, मनोज शर्मा, रवि शर्मा, हरिओम मंगल, डा आर पी परमार, दंगल पहलवान, समय सिंह, दिनेश दीक्षित, मोनू चाहर, सोनू चाहर, चोब सिंह चाहर आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इलेक्ट्रोनिक व्हीकल के लिए लगेंगे 10 चार्जिंग स्टेशन

जन एक्सप्रेस। आगरा

स्मार्ट सिटी की बैठक मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में इलेक्ट्रोनिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन जल्द लगाने के निर्देश दिए गए। स्मार्ट सिटी के तहत सभी 19 प्रोजेक्टस की स्थिति पर चर्चा की गई। बैठक में सबसे पहले शहर में स्थापित किए जाने वाले 10 ईवी चार्जिंग स्टेशन को लेकर चर्चा हुई। कमिश्नर ने कहाकि न्हित जगह का अवलोकन कर लिया जाए कि उक्त स्थान पर ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाए जाने की आवश्यकता अथवा लाभ है या नहीं। ऑटोमेटेड सेल्फ क्लीनिंग टॉयलेट के बारे में बताया गया कि 9 स्थान पर संचालित शौचालय का काम पूरा हो गया है और नगर निगम को हैंडओवर कर दिया गया है। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर बताया गया कि अब तक चार लाख आरएफआईडी लग चुकी है, लेकिन 56000 घरों से ही स्कैनिंग डाटा मिल रहा है। एटीसीएस मोड पर चलने वाले तीन और जंक्शन को इंप्रूव कर दिया गया है। सभी 63 जंक्शन को एटीसीएस मोड पर ही चलाने को कहा गया। आईटीएमएस में 43 जंक्शन से कम चालान जनरेट होने पर कंट्रोल रूम में बढ़ाने को कहा गया। मेरा आगरा सिटी एप पर इवेंट प्रमोशन और अन्य प्रचार प्रसार से जुड़े प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। सदर स्थित क्वीन एम्प्रैस मैरी लाइब्रेरी के जीर्णोद्धार से जुड़े प्रस्ताव पर चर्चा की गयी। 2.58 करोड़ की लागत से लाइब्रेरी बिल्डिंग का जीर्णोद्धार, विद्युत, बाउंड्री, मुख्य द्वार इत्यादि कार्य किए जाएंगे। उसमें रीडिंग रूम, एग्जीबिशन, कैफे, आउटडोर इवेंट की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। वहीं इंडोर स्टेडियम के प्रस्ताव में स्टेडियम के ऑपरेशन मॉडल, मैंटेनेंस एवं फैसिलिटी पर चर्चा की गयी। इस प्रोजेक्ट की विस्तृत डीपीआर और आरएफपी अगली बोर्ड बैठक में रखने के निर्देश दिये गए।

राजस्व वसूली में शिथिलता बरतने पर कार्यवाही

जन एक्सप्रेस। आगरा

गुरुवार को किरावली में साप्ताहिक राजस्व संग्रह दाखिला में पहुंचे अमीनों को मानकों के अनुसार बसूली ना होने पर प्रभारी राजस्व संग्रह नायव तहसीलदार हरिलाल चौधरी ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए चेतावनी दी। चेतावनी से आक्रोशित अमीनों ने एकत्रित होकर संग्रह अमीन संघ के मंडल सचिव किलोक सिंह और तहसील अध्यक्ष रामवीर सिंह के नेतृत्व में नायव तहसीलदार से मुलाकात कर मानक शिथिल करने की मांग की। जिस पर नायव तहसीलदार ने कहा कि प्रत्येक अमीन द्वारा मासिक मांग का 70 प्रतिशत या 16 लाख रुपये बसूली के मानक के अनुसार कार्य करना पड़ेगा। जिस पर नाराज होकर अमीनों ने विरोध किया। नायब तहसीलदार ने अमीनों से कहा कि यदि में गलत हूँ तो आप उच्चाधिकारियों से शिकायत कर सकते हो किन्तु लक्ष्य संग्रह का कार्य सभी को मानकों के अनुसार पूरा करना पड़ेगा।

नोटिस नमूना आम

न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, जनपद रायबरेली
प्रकीर्णवाद सं. 1028/2020
तारीख पेशी-18.06.2024
श्रीमती रीतू आयु लगभग 32 वर्ष पुत्री शिवचरन पत्नी अनिल कुमार निवासी -मो. तिलक नगर गोरा बाजार थाना कोतवाली, सदर व परगना तहसील सदर, जिला-रायबरेली।
.....प्रार्थिनी
बनाम
अनिल कुमार आयु 37 वर्ष पुत्र श्री लाला प्रसाद निवासी मं.नं. एफ.40 गरिमा गार्डन साहिबाबाद थाना साहिबाबाद जनपद गाजियाबाद।
.....प्रतिवादी
चूंकि उपरोक्त वाद में श्रीमती रीतू ने दावा इस न्यायालय में अ0धा0-125 (3) CRPC के अन्तर्गत आपके खिलाफ वाद दायर किया है जिसमें आपको सम्मन किया जाता है कि आप दिनाक 18/06/2024 08 बजे सुबह कोर्ट में आप स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा जो आपके द्वारा दिये गये जवाब दे सकने में सक्षम हो-कोर्ट मे उपस्थित हो।
अतः आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि यदि आप नियत पेशी पर उपस्थित होने में असफल होते है तो, उक्त आवेदन की सुनवाई एकपक्षीय करके वाद निस्तारित कर दिया जायेगा।
जारी करने की तिथि 11.06.2024
हस्ताक्षर
श्रीमान प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय
जनपद-रायबरेली।

सैकड़ों की संख्या में पानी में बहकर आये मृत मुर्ग

जन एक्सप्रेस/आगरा। किरावली से अछनेरा मार्ग पर स्थित गांव पुरामना में गोपऊ रजवाह गुजारता है। इस समय उसमें पानी चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रातः जब रजवाह नहर में देखा तो सैकड़ों की संख्या में मृत मुर्गे पानी के साथ बहकर आये है और जो पुरामना गांव पर बनी पानी पुलिया के पाइपों में कूड़ा फंस जाने से पानी के ऊपर तैर रहे हैं।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई-निविदा सूचना
उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण, उत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर खुली **ई-निविदाएं दो पैकेट** में आमंत्रित की जाती हैं।

1	**कार्य का नाम व स्थानः** उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल पर वाराणसी अयोध्या सेक्शन पर जलालगंज स्टेशन के निकट लेवल क्रॉसिंग संख्या 30-सी पर बो स्ट्रिंग स्टील गर्डर (स्पैन 1x54.00M) के साथ 2 लेन उपरिगामी सेतु के रेलवे हिस्से का निर्माण।	
2	**कार्य पूरा करने की अवधि**	**10 (दस) माह**
3	**कार्य की अनुमानित लागत**	**रु 1214.35 लाख**
4	**धरोहर राशि**	**रू 7,57,200/-**
5	**ई निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीखः** निविदाएं दिनांक **06.07.2024** को 11.30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनांक **06.07.2024** को समय 11:30 बजे खोली जाएगी।	
6	**विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र :** विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनांक **15.06.2024 से** आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगे व दिनांक **22.06.2024 से 06.07.2024** तक ई-निविदा अपलोड की जा सकती है।	

संख्या 26-टेण्डर/उपमुइंजी/नि0/वाराणसी दिनांक 11.06.2024 1802/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

ताजमहल में बंदरों के आतंक से पर्यटक परेशान

जन एक्सप्रेस/आगरा। ताजमहल के पश्चिमी गेट पर लगे बैरियर को एक बंदर ने कूद-कूद कर तोड़ दिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल हुए वीडियो में साफ दिख रहा है कि ताज के पश्चिमी गेट पर लगे बैरियर पर एक बंदर आकर बैठता है। उस पर कूदता है। जिससे बैरियर एक तरफ से निकल जाता है। एएसआई के अधिकारी बैरियर को ठीक कराने की बात कर रहे हैं। ताजमहल के रेड जोन में सोमवार दोपहर सोनभद्र से आई गोल्डी शर्मा को कुत्ते ने काट लिया था। गोल्डी पूर्वी गेट पर रेवती के बाड़े में लगे टर्न स्टाइल गेट पर टोकन स्कैन करने के बाद सिक्योरिटी चेक कराने को डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी) की तरफ जा रही थीं। यहां पहले से बैठे कुत्ते ने अचानक उनके पैर में काट लिया। उन्हें डिस्पेंसरी में एआरवी नहीं मिली थी। ताजमहल परिसर के अंदर और बाहर बंदरों का बहुत आतंक है।

फैक्ट्री मजदूरों की समस्याओं को लेकर मंडलायुक्त कार्यालय पर धरना

जन एक्सप्रेस। आगरा

फैक्ट्री मजदूर की मांगों व समस्याओं के समाधान को मजदूरों का मंडलायुक्त कार्यालय पर वेमियादी धरना प्रदर्शन कल 11 जून दिन मंगलवार से धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया गया, पूरे दिन में जिला प्रशासन के अधिकारी धरनारत मजदूरों की समस्याओं का समाधान नहीं निकाल सके,पुलिस प्रशासन ने रात्रि 9 बजे मजदूरों को शहीद स्मारक संजय प्लेस पर पंहुचा दिया गया धरना प्रदर्शन कर रहे मजदूरों से सिटी मजिस्ट्रेट वेद सिंह चौहान, सहायक उप श्रमायुक्त राम आशीष व फंड कमिश्नर कुमार अभिषेक सहित अन्य अधिकारियो ने मजदूरों को फैक्ट्री मालिकों पर कार्यवाही व समस्याओं का समाधान आश्वासन दिया। लेकिन मजदूर तत्काल कार्यवाही व समाधान पर अडे रहे और मजदूरों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा।

किसान मजदूर नेता चौधरी दिलीप सिंह ने बताया कि बैनारा बैरिंग एंड पिस्टन लिमिटेड यूनिट प्रथम सिकंदरा, बैनारा ऑटो लिमिटेड अरतोनी, बैनारा ऑटोमोटिव्स सिकंदरा, बैनारा बैरिंग एंड पिस्टन लिमिटेड यूनिट द्वितीय अरतोनी , विनय आयरन फाउंड्री अरतोनी व मैसर्स जगदीश मेटल वर्क्स नुनिहाई आदि फैक्ट्री के कार्यरत मजदूरों की सेवानिवृति, ग्रेच्युटी, वेतनमान, प्रोवीडेंट फंड, बोनस, ईएसआई व अन्य मूलभूत अधिकार व सुविधा की समस्या शामिल हैं धरने में मुख्य रूप से दाता राम लोधी,सत्यपाल सिंह जूरैल, चौधरी पुष्पेंद्र सिंह, पिंकी कुशवाह, बाबूलाल बाल्मीकि, मुकेश सविता, कृष्णपाल सिकवार, किशन शर्मा, रामखिलाड़ी कुशवाह, कन्हैया शर्मा, खरग सिंह, विष्णु शर्मा, रोहन सिंह, विजेंद्र कुशवाह, विष्णु छौंकर, भीक चंद्र उपाध्याय, ओमप्रकाश बघेल, राजकुमार, ज्ञानेश, मुरारी लाल, सीताराम, सुरेश, शिवराम, जगदीश बघेल, देवी सिंह, संजय सिंह, चंद्रवनी, वीरपाल, दामोदर झा, हरिओम, अरविंद सिंह, भूरा, किशन लाल,जयवीर, अंकित, रमेश, सुभाष, चोव सिंह,शिव कुमार, मुन्नालाल, जुगेंद्र, मोहन आदि मजदूर शामिल रहे।

चैनेलाइजेशन कार्य के विरोध में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, डीएम से शिकायत

- भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने कार्य को रुकवाने की उठाई मांग
- बाढ़ से क्षेत्र के दर्जनों गांवों को कटान का खतरा

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

चंदिया हजारा में चल रहे चैनेलाइजेशन कार्य से ट्रांस शारदा क्षेत्र के दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने काटन की आशंका जताते हुए विरोध में प्रदर्शन किया। भीम आर्मी संगठन की ओर से जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर चैनेलाइजेशन का कार्य रुकवाने की मांग की गई है। चंदिया हजारा को बाढ़ की विभीषिका से बचाने के लिए ग्रामीणों की मांग पर इन दोनों जिओ बैग,जिओ ट्यूब, और चैनेलाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। ट्रांस शारदा पार के ग्रामीणों ने चंदिया हजारा में चल रहे चैनेलाइजेशन के कार्य से बाढ़ के दौरान दर्जनों गांव में कटान की आशंका जताई है। भीम आर्मी भारत एकता मिशन संगठन की ओर से जिलाधिकारी को भेजे गए शिकायती पत्र में बताया कि ट्रांस शारदा क्षेत्र के ग्रामीण दशकों से बाढ़ की विभीषिका का दंश झेल रहे हैं। विगत वर्ष चंदिया हजारा (बंगाली कॉलोनी) बाढ़ की विभीषिका से जूझती रही। ग्रामीणों की मांग पर प्रशासन की ओर से चंदिया हजारा को बचाने के लिए ड्रेजिंग द्वारा चैनेलाइजेशन का कार्य शुरू कराया गया है। विभागीय अनदेखी से शारदा पार क्षेत्र में चैनेलाइजेशन का कार्य नहीं कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि चंदिया हजारा में चैनेलाइजेशन का कार्य होने से बाढ़ का पानी ट्रांस शारदा क्षेत्र के दर्जनों गांवों को प्रभावित करेगा। बाढ़ से एक दर्जन से अधिक गांव में कटान की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों ने चैनेलाइजेशन का कार्य रुकवाने की मांग की है। प्रदर्शन कर शिकायत करने वालों में अमित राणा विधानसभा अध्यक्ष भीम आर्मी, रणजीत सिंह, अजय शर्मा, श्रवण यादव, रंजीत, प्रदीप कुमार, धनंजय, संतोष कुमार, मनोज, कालीचरण, बॉबी गौतम, मनीष, किशन, घनश्याम, मनोज कुमार, सकटूराम, रामपाल, राजेश, दिनेश, सुबेदार, राधेश्याम, आदि लोग शामिल रहे।

बाढ़ से इन गांवों के ग्रामीणों को खतरा

- नहरोसा
- राणाप्रताप नगर
- चिरैया टोला
- राजीवनगर
- गौतम नगर
- सिक्ख फार्म एरिया
- कबीरगं
- मुरैना गांधीनगर
- अशोकनगर
- भुर्जुनिया फार्म
- शास्त्री नगर
- सिध्दनगर
- धर्मपुरी

राघवपुरी सहित अन्य गांव प्रभावित हो सकते हैं।

एसपी ने घुंघचाई थाना का किया वार्षिक निरीक्षण, गंदगी देख जताई नाराजगी

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को थाना का वार्षिक निरीक्षण किया।भवन में गंदगी देख कडी नाराजगी जताई। तत्काल सफाई व्यवस्था दूर करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कार्यालय कंप्यूटर कछ, महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। कुछदिन पूर्व सिपाहियों में विवाद को लेकर दो पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया था।उन्हें बुलवाकर पूरे मामले की जानकारी ली है।

एसपी अविनाश पांडे ने बुधवार को घुंघचाई मॉडल थाने में पहुंचकर वार्षिक निरीक्षण किया। वार्षिक निरीक्षण के दौरान गार्द की सलामी ली। एसपी अविनाश पांडे दोपहर ढाई बजे थाना पहुंचे। एसपी के थाना पहुंचने पर पुलिस कर्मियोंमें खलबली मच गई। एसपी सबसे पहले चौकी भवन में पहुंचे। भवन के पीछे भीषण गंदगी फैली देख कड़ी नाराजगी जताई। तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके बाद थाने में कंडम वाहनों को देखकर एक एक तरफ लगाने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना के विभिन्न मामलों की जांच के बाद पुलिस के समक्ष उत्पन्न समस्याओं से भी अवगत हुए। एसपी ने थाने के कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क ,मालखाना, पुरुष हवालात व थाना परिसर व बैरिक का निरीक्षण किया। कम्प्यूटर बंद मिलने पर तत्काल कंप्यूटर को चालू कराने के निर्देश दिए। थाना भवन का निरीक्षण किया। इसके बाद ड्यूटी रजिस्टर देखा। असलह रुम में पहुंचकर असलहो को चेक किया।सभी पुलिसकर्मियों को बुलाकर असलहा चेक कराए। निलंबित किए गए दोनों सिपाहियों को बुलाया गया। निलंबित सिपाहियों से एसपी ने पूरी घटनाक्रम की जानकारी ली। शाम पांच बजे तक एसपी ने थाना का निरीक्षण किया। ढाई घंटे तक लगातार निरीक्षण और पुलिसकर्मियों से अलग-अलग जानकारी करने को लेकर पुलिस कर्मियों की सांस ढाई घंटे तक थमी रही। नवगत थाना अध्यक्ष विशेष कुमार को क्षेत्र में रात्रि बढ़ाने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि सभी पुलिसकर्मी अपनी जिम्मेदारियां पूरी तरह करे।निभाएं कहीं भी कोई चोरी या कोई घटना न होने पाए ।दिन और रात गस्त को बढ़ाया जाए ।ड्यूटी में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा क्षेत्र में अवैध शराब पर पूर्ण तरीके से अंकुश लगाने के निर्देश दिए हैं। एसपी ने कहा कि पुलिस जनता के बीच अच्छा व्यवहार रखें ।थाने में आने वाले फरियादियों को ठंडा पानी की व्यवस्था की जाए।महिला फरियादियों का विशेष ध्यान रखा जाए ।थाने से कोई भी निराश होकर न लौटे ।सभी को न्याय मिलना चाहिए। अगर लापरवाही की शिकायत मिलती है तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ढाई घंटे से अधिक समय तक वार्षिक निरीक्षण एसपी पुलिस कर्मियों में खलबली मची रही।

पीस कमेटी की बैठक में शांतिपूर्ण न्यौहार मनाने की अपील

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

आगामी ईद उल अजहा के संबंध बुधवार थाना हजारा पर पीस कमेटी की बैठक बुलाई गई। थाना अध्यक्ष रविंद्र पाल सिंह ने ईद पर्व को शांतिपूर्ण ढंग व भाईचारे से मनाने के निर्देश दिए। बताया कि कुर्बानी के बाद पशुओं के बचे अवशेष को दफन किया जाए। किसी भी दशा में विवाद की स्थिति न बने। किसी भी प्रकार की अफवाह में न फंसे। कुर्बानी की सूचना थाने पर दी जाए। अफवाह फैलाने वालों की जानकारी पुलिस को दी जाए जिससे समय रहते कार्रवाई की जाए।

इस बैठक में क्षेत्र के मस्जिद के इमाम, धर्मगुरु ग्राम प्रधान सहित अन्य ग्रामीणों ने मौजूद रहकर बैठक में प्रतिभाग किया। बैठक में इमाम मोहम्मद सलीम रजा बरकाती, मौलाना शकील रजा बरकाती, मुस्तफा अंसारी, मोहम्मद सैफ, प्रधान राधेश्याम राव, शमशेर आलम, मुकेश कुमार, सुखविंदर सिंह, अश्विनी कुमार, विश्वेश्वर सिंह सहित अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहानाबाद में मीठे शरबत का किया वितरण

- प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कमलेश गंगवार के नेतृत्व में लगाया गया मीठे शरबत का पियाऊ

जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार

पीलीभीत। बुधवार जनपद के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र (जहानाबाद) पीलीभीत में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कमलेश गंगवार की अध्यक्षता में मीठे शरबत का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम दोपहर 12:00 से शुरू हुआ और लगभग 3:00 बजे तक चलता रहा। जिसमें सैकड़ो राहगीरों ने मीठे शरबत का आनंद लिया। बताते चले कि लगातार पड़ रही भीषण गर्मी एवं चिलचिलाती धूप से जहां लोग अपने-अपने घरों से निकलकर कार्य करने जा रहे हैं। ऐसे में पूरे जनपद भर में तमाम सेवक लोगों की सेवा करने हेतु जगह-जगह मीठे शरवत, ठंडे पानी, हलवे चने का वितरण कर रहे हैं। इसी क्रम में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहानाबाद में मीठे शरबत का वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ो राहगीरों को मीठे शरबत का स्टॉल लगाकर गर्मी से राहत दिलाने हेतु वितरित किया गया। वहीं इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी जहानाबाद कमलेश गंगवार ने बताया कि ज्येष्ठ के महीने में भीषण गर्मी पड़ती हैं। और इस महीने में लोग पहले प्याऊ लगवाते थें। राहगीरों के लिए जल की व्यवस्था करते थें। जिससे कि गर्मी में पीने के पानी के लिए किसी को इधर-उधर भटकना न पड़े। इसी को लेकर हम लोगों ने गर्मी को देखते हुए राहगीरों को शरबत पिलाने का कार्य किया। उन्होंने बताया कि जल दान ही महादान होता हैं। और इस समय लगातार पड़ रही भीषण गर्मी के महीने में किया हुआ जल दान सबसे बड़ा दान हैं। इसीलिए हमने व हमारे सभी स्टाफ के डॉक्टर एवं कर्मचारियों ने आज ठंड़े एवं मीठे शरबत वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया।

यह कार्यक्रम दोपहर 12:00 से लगभग 3:00 तक चलता रहा। इस अवसर पर जहानाबाद प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश गंगवार, जितेंद्र सिंह राठौर रामऔतार शर्मा, रतनाकर रवि (रवि कुमार)ब्रज मोहन गंगवार, अकरम रज़ा, संदीप जयसवाल, अनिल कुमार, रियासत अली, स्टाफ नर्स शोभा वी लाल, नाजनीन हसन, मुस्तफा, प्रदीप गंगवार, हरिओम सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

जगह के विवाद को लेकर घर में घुसे दबंगों ने महिलाओं को पीटा

- दबंगों पर कार्रवाई के लिए पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर
- मारपीट में पीड़ित महिला व उसकी सास घायल

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

रास्ते के विवाद को लेकर पति की गैर मौजूदगी में घर में घुसे दबंगों ने महिलाओं के साथ गाली गलौज किया। विरोध पर लाठी डंडों से जमकर मारपीट की। पीड़ित की ओर से कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई।

पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलडहा निवासी पूनम देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह बुधवार सुबह सास व देवरानी के साथ घर पर थी। इसी दौरान रास्ते के विवाद को लेकर पड़ोस के ही पांच दबंग लाठी डंडे व धारदार हथियार लेकर जबरन घर में घुस आए। गाली गलौज शुरू कर दिया। जबरन रास्ता देने का दबाव बनाने लगे। रास्ता न देने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के विरोध करने पर दबंग ने लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। एक दबंग ने पीड़ित को जान से मारने की नीयत से बांका से हमला कर दिया।हमले में महिला बाल बाल बच गई। लाठी लगने से पीड़ित व उसकी सास घायल हो गई।शोर शराबा होने पर आस-पड़ोस के दर्जनों लोग एकत्र हो गए। मारपीट के दौरान दबंगों ने महिला के कान के कुंडल नोच लिए। ग्रामीणों को आता देख दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर दबंगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

ब्यूटी पार्लर संचालिका ने अपने दोस्त पर बलान्कार का मुकदमा दर्ज कराया

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

कोतवाली पुलिस ने जफराबाद थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला की तहरीर पर उसके साथी दोस्त पर नाटकीय ढंग से बलात्कार का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। जिस आरोपी के विरुद्ध महिला ने यह एफआईआर दर्ज करायी है उसके ऊपर एक महीने पहले जानलेवा हमला किया गया था जिसमें महिला के परिजनों के विरुद्ध जफराबाद थाने में मुकदमा दर्ज है।

महिला ने आरोप है कि मैं एक लेडीज ब्यूटी पार्लर चलाती हूं। मेरे ब्यूटी पार्लर पर मल्हनी के ग्राम खजुरा निवासी सुमित कुमार सिंह आते जाते थें। महिला का उसके पति से विवाद होने के कारण सुमित ने पूरी मदद करने का आश्वासन दिया और अपना विश्वास धीरे-धीरे जमाने लगा। इसी बीच इस व्यक्ति ने अपने को कुंवारा बताकर शादी का प्रलोभन देने लगा। महिला उसके बहकावे में आ गई और उसे पर विश्वास करके उसे सोने की चेन, आईफोन समेत कई सामान उपहार में दिया। इसी बीच उस व्यक्ति ने नईगज तिराहे पर स्थित एक होटल में ले जाकर उसके साथ संबंध बनाया। महिला ने जब शादी का दबाव बनाया तो व्यक्ति ने भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया और शादी से इंकार कर दिया। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर धारा 504, 506 और 376 आईपीसी के तहत सुमित कुमार सिंह के खिलाफ मामला पंजीकृत कर लिया है। इस घटना में चौंकाने वाली बात तो यह है कि आरोपी के भाई अमित कुमार सिंह ने बताया कि उनके भाई सुमित कुमार सिंह का कुछ रुपया महिला के भाई ने उधार लिया था। जब वह अपना बकाया पैसा मांगने गया तो छह लोगों ने मिलकर उसे धारदार लोहे के रॉड से मारपीट कर मरणासन कर दिया जिसका इलाज वाराणसी में कराया जा रहा है। अमित कुमार सिंह की तहरीर के आधार पर जफराबाद पुलिस ने महिला के परिजनों के 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 85/2024 धारा 147, 149, 504, 506, 427, 307 आईपीसी में मामला पंजीकृत किया गया था।

आशंका है कि महिला ने उसे मुकदमे में सुलह करने का दबाव बनाने के लिए घायल के खिलाफ बलात्कार का मुकदमा कोतवाली में दर्ज कराया गया है, अब चर्चा का विषय बना हुआ है। दूसरी तरफ महिला द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट की जांच करने में भी पुलिस जुट गई है। सत्यता क्या है या पुलिस की विवेचना से बाद में स्पष्ट हो पाएगा।

चीनी मिल क्षेत्र में किया औचक निरीक्षण : गन्ना विकास निरीक्षक

जन एक्सप्रेस । बरखेडा

ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मनोज कुमार साहू ने बरखेडा चीनी मिल क्षेत्र के ग्राम ज्योहरा कल्याणपुर में गन्ना सर्वेक्षण कार्य का औचक निरीक्षण यूनिट हेड मोहम्मद रिजवान खान व वरिष्ठ महाप्रबंधक(गन्ना) सुबोध गुप्ता की उपस्थिति में किया। जिसमें पेड़ी, पौधा एवं प्रजातिवार रकवा सही पाया गया।

उपस्थित किसानों से वार्ता कर सर्वे एस.एम.एस. एवं किये जा रहे सर्वे कार्य के बारे में पूछताछ की और पाया कि चीनी मिल द्वारा कृषकों के सूचनार्थ एस.एम.एस. सर्वे पूर्व भेजे जा रहे हैं। तथा चीनी मिल एवं सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड के सर्वेकर्ता संयुक्त रूप से सर्वे का कार्य ठीक प्रकार से कर रहे हैं। हम सभी कृषक सन्तुष्ट हैं। यूनिट हेड मोहम्मद रिजवान खान ने कृषकों को बताया कि तापमान अधिक हैं।

इसलिये समय-समय पर सिंचाई एवं गुड़ाई का विशेष ध्यान रखें, ताकि नमी संचित रहें।

गन्ना फसल की अच्छी पैदावार लेने हेतु कीट एवं रोग आदि का समय से समुचित उपचार करें।

चीनी मिल द्वारा दी जा रही फफूंदनाशक एवं कीटनाशक दवाईयां, अपने क्षेत्र के अधिकारी से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृति के विरुद्ध चलाया अभियान, तीन बालकिशोरों को कराया मुक्त

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

बुधवार को जहानाबाद कस्वां में श्रम विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन, एवं एएचटीयू की अन्तर्राती बाल श्रम निषेध दिवस पर संयुक्त टीम द्वारा बालश्रम एवं बाल भिक्षावृति के विरुद्ध अभियान चलाया गया। जिसके अन्तर्गत शहर में दुकानों, ढाबों, रेस्टोरेंट, सार्वजानिक आदि स्थानों से कुल 03 बाल/ किशोर श्रमिक चिन्हित कर प्रतिष्ठानों से मुक्त कराकर सेवायोजकों के विरूद्ध निरीक्षण टिप्पणी जारी कर सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति पीलीभीत के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

कस्बे में दुकानदारों को बालश्रम निषेध दिवस की जानकारी देते हुए बाल श्रम न करने को कहा गया चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक निर्माण सिंह द्वारा बताया गया कि बच्चे देश के भविष्य इन सबके भविष्य के बारे में हम सबको चिंता करनी पड़ेगी बाल श्रम करना दंडनीय अपराध है यदि कोई व्यक्ति बाल श्रम कराता है तो इसकी सूचना तत्काल 1098 पर दें कस्बे में बाल भिक्षावृत्ति के बारे में भी जागरूक किया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रियंका वर्मा ने बताया कि बालश्रम के अंतर्गत खतरनाक प्रक्रिया के अंतर्गत दोषी पाए जाने वाले सेवायोजकों के विरूद्ध दो वर्ष तक की सजा या 50000/ रूपए तक का जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता हैं। तथा गैर खतरनाक प्रक्रिया के अंतर्गत दोषी पाए जाने पर सेवायोजक को एक माह तक की सजा या 10000/ रूपए तक जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है। यदि कोई माता पिता भी अपने बच्चों को व्यवसायिक कार्य में संलग्न करेगा तो उनके विरूद्ध भी दंडात्मक कार्यवाही अपनाई जायेगी।

रेस्क्यू अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रियंका वर्मा, नदीम चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह, एएचटीयू थाना उपनिरीक्षक अमित शर्मा, रमा कांति, कान्सटेबल भानुप्रताप आदि मौजूद रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दबंगों का बोलबाला

- प्रभारी अधीक्षक ने थानाध्यक्ष को पत्र देकर की शिकायत
- बाहर की दवाएं लेने को मजबूर हैं मरीज

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुजानगंज पर इलाज हेतु आए मरीजों को दबंगों द्वारा अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक के मना करने के बावजूद दबंगों द्वारा मरीजों को अस्पताल की दवाई न लेकर जबरन बहार से दवाएं दिलाई जा रही है और जांच भी बाहर से ही कराई जा रही है। ये बातें कोई और नहीं चिकित्साधीक्षक डा देवेंद्र पाल ने खुद थानाध्यक्ष को दिए शिकायती पत्र में कही।

अधीक्षक ने बताया कि अस्पताल परिसर में कुछ अराजक तत्व घूमते रहते हैं जैसे ही मरीज को देखते हैं उनकी पर्ची लेकर उनको बाहर की दवा और जांच के लिए तुरंत लेकर बाहर चले जाते हैं।

इस प्रकार के कृत्यों से चिकित्सीय कार्यों में दिक्कत आ रही। इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष सुजानगंज महेश पाल सिंह ने बताया कि मैंने अधीक्षक को कहा है कि ऐसे लोगो को चिन्हित कर हमे बताए हम तुरंत कार्रवाई करेंगे। हमने पुलिस को सक्रिय रहने का निर्देश दिया है जैसे ही ऐसी शिकायत आयेगी तुरंत अराजक तत्व को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल ने संयुक्त रूप से डीएम को दिया ज्ञापन

- जम्मू काश्मीर में श्रद्धालुओं पर हुए आतंकी हमले को कायराना हमला बताया

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल ने जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले को लेकर महामहिम राष्ट्रपति को संदर्भित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि जम्मू कश्मीर में वैष्णो देवी कटरा से शिवखोडी जाते समय बीते 9 जून को हिन्दू श्रद्धालुओं की बस पर क्रूर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों का कायराना हमला किया जिसमें 10 निर्दोष हिन्दू तीर्थयात्री मारे गये। यह संपूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली घटना है। इस क्रूरतम एवं दुष्कृत्य से पूरा देश आहत है जिसको लेकर आक्रोश भी है। इस मौके पर विहिप जिलाध्यक्ष विमल जी ने बताया कि जम्मू काश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है। धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी है लेकिन लगता है कि उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है। हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं। इन सबके पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है जिसके विरुद्ध कठोर कदम उठाया जाना अत्यंत आवश्यक है। इसी क्रम में बजरंग दल जिला संयोजक गणेश मोदनवाल ने कहा कि देश के नई सरकार के शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसिक कृत्य करके इस्लामी आतंकवादियों ने देश के संप्रभुता को चुनौती दी है। हम इस कायराना कृत्य की तीव्र निंदा करते हैं और विश्वास करते हैं कि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाया जाय तथा केंद्र सरकार इस प्रकार के तत्वों को सरंक्षण देने वाले आंतरिक व विदेशी तत्वों का भी कठोरता से समुचित कार्यवाही करे। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद् के विभागाध्यक्ष उदयराज सिंह, जिलाध्यक्ष विमल सिंह, जिला संयोजक बजरंग दल गणेश मोदनवाल, सह संयोजक आनन्द उपाध्याय, कार्यसमिति सदस्य आशीष मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी सुनील शर्मा, नगर संयोजक रामेश्वर सोनी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

नहीं रूकेगा जौनपुर के विकास का पहिया : कृपाशंकर

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

भाजपा के जौनपुर लोकसभा के प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह चुनाव हारने के बाद बुधवार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात किया और कहा कि जौनपुर के विकास का पहिया नहीं रुकेगा प्रदेश सरकार विकास की योजनाओं को पूर्व की तरह ही चलती रहेगी। गौरतलब हो कि लोकसभा परिणाम आने के बाद कृपाशंकर सिंह ने आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात कर लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने पर बधाई दी। बतौर कृपाशंकर सिंह के मुताबिक चुनाव परिणाम के साथ जौनपुर के विकास के संबंध में मुख्यमंत्री से विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने उन्हे जौनपुर के विकास का पहिया नहीं रूकने का भरोसा दिया। श्री योगी ने कहा कि चुनाव में हार जीत तो लगी रहती है। ऐसे में निराश होने की आवश्यकता नहीं है।

सर्राफा कारोबारी ने फांसी लगाकर जीवन लीला कर ली समाप्त

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

थाना कलेक्टर गंज स्थित बिरहाना रोड में उस समय हड़कंप मच गया जब घरेलू कलह के चलते सर्राफा कारोबारी ने घर में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। आत्महत्या का पूरा वीडियो घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है । घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक बिरहाना रोड स्थित गोकुल ज्वैलर्स और दीप ज्वैलर्स के सर्राफा कारोबारी मलिक आनंद सिंह ने देर रात अपने घर पर पंखे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आनंद सिंह द्वारा कमरे में फांसी लगाने का पूरा वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। वीडियो में दिख रहा है कि आनंद सिंह फांसी के फंदे में लटकने से पहले किसी कारणवश रोते हुए दिखाई दे रहे हैं फिर फंदा गले में डालकर झूल गए सुबह जब 15 वर्षीय बेटा राजवीर सो कर उठा तो पिता का शव फांसी पर लटका हुआ दिखाई दिया। आनन फानन में बेटे ने परिजनों को जगाया और जानकारी दी। घटना की सूचना पर पहुंची कलेक्टर गंज पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की छानबीन शुरू कर दी है। वही परिजनों ने बताया कि मृतक आनंद सिंह के एक बेटा एक बेटी है और गोकुल ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। पत्नी बेटी मायके गए हुए थे पति की मौत के बाद पत्नी दहाड़ मार कर रोते हुए ससुराल पहुंची सर्राफा कारोबारी की मौत की सूचना जैसे ही बाजार में पहुंची तो सैकड़ो लोग मृतक के घर के नीचे एकत्र हो गए साथ ही मेयर प्रमिला पांडे भी युवक की मौत पर परिजनों को ढाढस बंधाते हुए दिखाई दी। वही जब पति की मौत की सूचना पर पहुंची पत्नी रोते हुए परिजनों से संपत्ति विवाद को लेकर कुछ बातें बोलते हुए दिखाई दी।

एनएचआई 34 उधौनिवादा ओवर ब्रिज के ऊपर से निकले एचटी लाइन ऊंचा करने में मजदूर लगे रात-दिन

* आईआईटी गेट से लेकर गंगवापुर के बीच रास्ता अवरूद्ध।
* गुरुवार को सुबह लगभग 6:00 से लेकर 7:00 बजे तक जीटी रोड उधौनिवादा के सामने पूर्णतया बंद रहेगा।

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह



बिल्हौर ब्यूरो। बिल्हौर तहसील क्षेत्र से एनएचआई 34 विगत 3 वर्षों से पीएनसी कंपनी द्वारा अनवरत काम चल रहा है जिसका लगभग काम पूरा हो चुका है। दो जगह पर ओवर ब्रिज पर एचटी लाइन मंधना और ऊधौनिवादा, उत्तरीपूरा के पास थी जिनका दुरस्त करने और ऊंचाई बढ़ाने का काम मंधना में तो हो चुका है लेकिन उधौ निवादा का किसी कारणवश रुका हुआ था पिछले एक माह से पीएनसी कंपनी व बिजली विभाग रात दिन मजदूर और ठेकेदार काम करके हाईवे के दोनों ओर बने पुराने एचटी लाइन के खंभों को नए खंभे ऊंचाई के लगाए जा रहे थे। जिनका बुधवार शाम को आखिरी दौर में काम चल रहा था प्रशासनिक अधिकारी निखिल कुमार शर्मा ने बताया कि देर शाम तक खंभों का काम पूरा हो चुका एक खंभे का काम पहले ही पूरा हो चुका है तार खींचने का काम 13 जून गुरुवार को सुबह 7:00 बजे से शुरू होगा लगभग 1 घंटे में हो जाएगा उस समय हाईवे व सर्विस रोड दोनों बंद रहेंगे जिसकी जगह-जगह सूचना चस्पा करवा दी गई है इसके बाद गंगवापुर से लेकर आईआईटी तक के सारे काम पूरे हो चुके हैं अब गाड़ियां फर्राटे भरते हुए निकलेंगे केवल टोल प्लाजा पर ही उनको एक दो मिनट का समय लगेगा बाकी कहीं पर रुकना नहीं होगा उन्होंने बताया पीएनसी कंपनी समय से ही सारे कर समाप्त कर चुकी है जगह जो भी छुटपुट काम थे वह भी पूरे कर दिए गए हैं। दैनिक यात्री बिल्हौर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक उर्फ टुंन्नू मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष रामकिशोर पाल, कमल मिश्रा, नितिन कटियार, आदि ने बताया कि काम अभी तक पूरा नहीं हो पा रहा है लेकिन टोल प्लाजा पर पैसा पहले से ही पूरा लिया जा रहा है कहीं पर कोई अधिकारी सुनने वाला नहीं है आखिरकार जनता को सुविधाओं के नाम पर क्या मिला।

ज़ेरे एहतमाम मस्जिद आयशा के.डी.ए. जाजमऊ में जलसे का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

मदरसा जामे उल उलूम जामा मस्जिद पटकापुर के ज़ेरे एहतमाम मोहतमिम मुहीउद्दीन खुसरू ताज की ज़ेरे सरपरस्ती जारी 9 दिवसीय प्रोग्राम फज़ायल व मसायल व तारीखे कुर्बानी के तहत मस्जिद आयशा के.डी.ए. जाजमऊ में जलसा आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में तशरीफ लाये मदरसा जामे उल उलूम जामा मस्जिद पटकापुर के उस्ताद मुफ्ती मुहम्मद आक़िब शाहिद क़ासमी ने सम्बोधित करते हुए अल्लाह ने माहे ज़िलहिज्जा में दो अहम इबादतें करने का हुक्म दिया है, पहला कुर्बानी, दूसरा हज। कुर्बानी हज़रत इब्राहीम अलै0 की सुन्नत है, यह उन हज़रात पर वाजिब है जिन पर ज़कात वाजिब है। ज़कात के लिये निसाब के बराबर माल पर साल गुज़रना शर्त, लेकिन कुर्बानी वाजिब होने के लिये साल का गुज़रना ज़रूरी नहीं। अर्थात अगर आपके पास 10 ज़िलहिज्जा से 12 ज़िलहिज्जा की मग़रिब से पहले-पहले निसाब के बराबर माल आ जाता है तो आप पर कुर्बानी वाजिब हो जायेगी। कुर्बानी अल्लाह का हुक्म है, यहां अपनी अक़्ल का दख़ल देने से काम नहीं चलेगा। ज़रूरत इस बात की है कि अगर कहीं कोई भ्रांति पैदा करे तो अपने उलेमा से सम्पर्क करें। इस अवसर पर हाफिज़ मुहम्मद जमील, मौलाना फैज़ानुल्लाह क़ासमी, हाफिज़ हिफ्ज़ुर्रहमान, मुहम्मद नौशाद के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय अवाम मौजूद थे।

महापौर ने अधिकारियों को लगाई फटकार कहा सुधर जाओ

* निगम के कर्मचारी काम में लापरवाही कर रहे हैं बैठक करो तो एक दूसरे के ऊपर आरोप लगाते हैं

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

नगर निगम के अधिकारियों की लापरवाही के चलते जोन के एक्सईएन पर भड़क उठी इतना ही नहीं महापौर ने कार्य में लापरवाही व झूठी रिपोर्ट प्रेषित करने पर नगर निगम जोन 4 एक्सईएन नानक चन्द्र को जम कर फटकार लगा दी और बैठक में फाईल को भी फेक दिया इस दौरान बैठक में उपस्थित अधिकारी भी सीरियस नहीं दिखे और इस कृत्य से हंसते नजर आए। दरअसल महापौर प्रमिला पाण्डेय साफ सफाई की व्यवस्थाओं को लेकर लगातार नगर निगम, जल निगम के सभी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर दिशानिर्देश दे रही है इसी क्रम में बुधवार को उन्होंने शहर के नालों की सफाई को लेकर नगर निगम मुख्यालय में इंजीनियरिंग विभाग की बैठक बुलाई है इस बैठक में इंजीनियरिंग विभाग, सभी नगर स्वास्थ्य अधिकारी और सभी जोन के जेडएसओ शामिल रहे मीडिया से बातचीत के दौरान महापौर प्रमिला पाण्डेय ने कहा कि नगर निगम के कर्मचारी काम में लापरवाही कर रहे हैं बैठक करो तो एक दूसरे के ऊपर आरोप लगाते हैं इसीलिए इंजीनियरिंग और स्वास्थ्य विभाग के लोगों को आमने-सामने बैठालकर खामियां कहां आ रही थी उसकी जानकारी की और सभी को दिशा निर्देश दिए हैं ताकि बरसात के पहले शहर में कहीं भी नाला ना भरने पे और शहर में साफ सफाई बनी रहे।

गंगा में कब रुकेगा मछलियों का अवैध आखेट

* लेकिन इनके सरगना पर पुलिस हाथ नहीं डालती है। पुलिस को स्पष्ट करना चाहिए कि किसके संरक्षण मछली का शिकार फल फूल रहा है।

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर के गंगा बैराज का गेट कब और कितनी देर के लिए खुलेगा इसका ठेका सरकारी मशीनरी के पास नहीं है बल्कि मछली माफिया के पास है। गंगा बैराज पर गंगा नदी में अवैध मछली का शिकार पुलिस की मिलीभगत से चल रहा है। जिसे रोकने वाला कोई नहीं है। जब मीडिया के माध्यम से मछली के शिकार पर खबर चलती है तब पुलिस नींद से जागती है और छिटपुट कार्यवाही कर छोटे मोटे शिकारियों पर कार्यवाही करती है। लेकिन इनके सरगना पर पुलिस हाथ नहीं डालती है। पुलिस को स्पष्ट करना चाहिए कि किसके संरक्षण मछली का शिकार फल फूल रहा है।

जहां एक ओर हर वर्ष सरकार गंगा में लाखों मछलियों को छोड़ती है ताकि नदी के जलीय जीवों का संतुलन बना रहे वहीं अवैध शिकारी टनों मछली का शिकार कर गंगा का संतुलन बिगाड़ रहे हैं। फोटो में देखा जा सकता है कि कैसे कई नाव में सवार दर्जनों युवक जाल लेकर मछलियों को पकड़ रहे हैं कुंतलो के हिसाब से अवैध रूप से पकड़ी मछलियों को बेचा जा रहे हैं। आखिर कब मछलियों के अवैध शिकार पर पूर्ण रूप से रोक लगेगी।

आप अगर गंगा बैराज पर घूमने जाएं तो मछली पकड़ने की कई नव बिना किसी डर हुआ भाई से गंगा में शिकार करते नजर आ जाएंगे यह खेल को सीधे-साधे लोग नहीं कर सकेंगे सूत्र बताते हैं कि पूरी रात गंगा में नाव से डाल डाल कर मछलियों का शिकार करते हैं और सुबह तक कई कुंतलों की मछलियों की तसकरी की जाती है।

संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरी महिला, उपचार के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मिर्जापुर बस्ती में संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरकर महिला घायल हो गई आनंन फानन में महिला को परिजन में पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे हैलट हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया गया हालत में डॉक्टरों ने उपचार के दौरान उसे मृत्यु घोषित कर दिया वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

नई बस्ती मिर्जापुर निवासी विजय तिवारी प्राइवेट नौकरी करते हैं परिवार में पत्नी रानी तिवारी 35 वर्ष 3 बच्चे विष्णु अंश और श्याम जी हैं। विजय के मुताबिक अभी दो महीने पहले ही दूसरी मंजिल का निर्माण कराया था छत में रैली नहीं लगी थी मंगलवार देर रात को सभी लोगों ने एक साथ बैठकर खाना खाया इसके बाद रानी खाना खाने के बाद छत पर टहलने चली गई अचानक से वह छत से नीचे आखिरी बेटा विष्णु और श्याम दौड़कर बाहर पहुंचे तो देखा की मां नीचे गिरी हुई है सर और हाथ में चोट लगी थी परिवार के लोग तुरंत ही रानी को लेकर अस्पताल भेज निजी अस्पताल में डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखी तो उन्हें हैलट हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया हैलट में डॉक्टरों ने बताया कि सिर और कमर में गंभीर चोट है जहां पर उन्हें आईसीयू में रखा गया आईसीयू में बुधवार सुबह उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कल्याणपुर थाना प्रभारी कुशल प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथम दृश्य मामला छत से गिरने का प्रतीत हो रहा है घर के सभी सदस्यों की मौजूदगी को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में पूरी कराई गई है अंतिम संस्कार होने के बाद घर वालों से बातचीत की जाएगी फिलहाल किसी तरह की कोई आरोपी तहरीर नहीं है।

14 जून तक 12 ट्रेनें रद्द, 24 का रूट और 15 का समय बदला

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

मानक नगर, लखनऊ और ऐशबाग के बीच ट्रैक की मरम्मत (नान इंटरलॉकिंग) का काम चल रहा है। इससे 14 जून तक छह जोड़ी ट्रेनें रद्द की गई हैं। दो मेमू सहित 15 ट्रेनों का समय और 24 ट्रेनों का रूट बदला गया है।

उन्नाव जंक्शन से रोजाना नौकरी, पेशा, पढ़ाई, व्यापार आदि के लिए औसतन दो हजार लोगों का लखनऊ और कानपुर आना-जाना होता है। अब उन्हें 14 जून तक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। मानक नगर में ट्रैक मरम्मत का काम चलने के कारण रेलवे ने 12 ट्रेनें रद्द की कर दी गई हैं। इसमें ट्रेन नंबर 2245 और 22453 झांसी- लखनऊ एक्सप्रेस, 11110 व 11109 आगरा फोर्ट सहित छह जोड़ी ट्रेनें शामिल हैं। इसके अलावा कानपुर से लखनऊ जाने वाली मेमू ट्रेन 04216 अब सुबह 7:50 बजे के स्थान पर 10:50 बजे जाएगी। मेमू ट्रेन नंबर 04218 दोपहर 12:20 के स्थान पर अब डेढ़ घंटे देर से उन्नाव जंक्शन पहुंचेगी। ब्लॉक लेकर मरम्मत कार्य होने से 14 ट्रेनें भी देरी से चलेंगी। वहीं 24 ट्रेनों का रूट भी बदल दिया गया है। लखनऊ मंडल कार्यालय के जनसंपर्क अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि लखनऊ में ट्रैक पर मरम्मत कार्य चल रहा है। इससे ट्रेनें निरस्त और समय व रूट में बदलाव किया गया है।

काम पूरा कर 15 जून से ट्रेनों का पूर्व निर्धारित समय और रूट पर संचालन शुरू हो जाएगा।

इससे पहले रद्द हुई थी झांसी और कासगंज पैसेंजर

इसके पहले ट्रेन नंबर 01823 झांसी से चलकर वाया उन्नाव जंक्शन होते हुए लखनऊ जाने वाली और 01824 लखनऊ से झांसी जाने वाली पैसेंजर ट्रेन को नौ से 14 को तक निरस्त कर दिया गया है। वहीं, ट्रेन नंबर 05380 और 05379 कासगंज पैसेंजर भी चार दिन निरस्त रहेगी। इस दौरान दैनिक यात्रियों को अन्य वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है।

हजारों यात्रियों को हो रही दिक्कत

ट्रेनें निरस्त व समय और रूट में बदलाव होने से 2000 दैनिक यात्रियों के साथ अन्य लोगों को भी सफर के लिए दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। खासकर झांसी और कासगंज, जबलपुर निरस्त होने से मेमू का समय बदलने से रोज आवागमन करने वालों को लखनऊ के लिए बस या अन्य साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है।

तार टूट कर छप्पर पर गिरा, नौ गृहस्थियां जलीं

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

असोहा। धन्नीपुर गांव में एलटी लाइन का तार टूटकर छप्पर पर गिरने से आग लग गई। आग ने नौ घरों की गृहस्थियों को चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने जैसे-तैसे आग पर काबू पाया।

थानाक्षेत्र के धन्नीपुर गांव में मंगलवार शाम करीब चार बजे एलटी लाइन के तार में शार्ट सर्किट हुआ और तार टूट कर गुरुप्रसाद के छप्पर पर गिर गया। इससे छप्पर में आग लग गई। तेज हवा होने से आग बढ़ती गई और राजकुमार, कमलेश, ज्ञानी, जगदेई, सुखलाल, हुबलाल, महावीर और सर्वेश के घर को चपेट में ले लिया। बिजली की सप्लाई बंद कराई गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया। ग्राम प्रधान दिनेश कनौजिया की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। आग बुझने में करीब दो घंटे का समय लगा। आग की सूचना पर कोतवाल मौके पर पहुंचे और जांच की। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि जिन घरों में आग लगी थी, वहां गैस सिलिंडर रखे थे। अगर आग बढ़ती और सिलिंडर तक पहुंच जाती तो बड़ी घटना हो सकती थी। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है।

वकीलों व तहसीलदार के बीच हुई नोकझोंक

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

पाटन। बीघापुर तहसील मुख्यालय में मंगलवार को एक बार फिर वकीलों और तहसीलदार में नोकझोक हुई। अधिवक्ता इस बात को लेकर नाराज थे कि उन्नाव या अन्य तहसीलों से आने वाले वकीलों के वादों में मुकदमा तारीख उनके निर्धारित दिवस पर नहीं लगाई जा रही है। दूसरी तहसीलों में नियमित और बीघापुर तहसील में साप्ताहिक दिवस में आकर प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ताओं की संख्या अधिक है। उनके वादों की तारीख अन्य दिवस में लगाए जाने पर तहसील की सभी बार एसोसिएशन के अधिवक्ता एक साथ आ गए। स्थानीय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष केपी सिंह, विनय कुमार शुक्ला व अरविंद सिंह की अगुवाई में काफी अधिवक्ता तहसीलदार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए पहले तहसीलदार कोर्ट पहुंचे। तहसीलदार अरसला नाज के बुलाने पर जब अधिवक्ता उनके कार्यालय पहुंचे तो नारेबाजी को लेकर उन्होंने नाराजगी जताई, इस पर वकीलों और उनके बीच करीब 15 मिनट तक बहस हुई। बाद में तहसीलदार ने दूसरी तहसील से आने वाले अधिवक्ताओं की सूची देने के लिए कहा, तब मामला शांत हुआ। बार एसोसिएशन अध्यक्ष केपी सिंह ने बताया कि पिछले काफी समय से तहसील में एक नई परिपाटी प्रचलित कर दी गई है। इसमें विभिन्न प्रकार के मुकदमों की पैरवी किए जाने के बावजूद निर्णय व निर्णय पर अमल किए जाने के लिए अधिवक्ताओं को वसूली का माध्यम बनने के लिए बाध्य किया जा रहा है।

जबकि वकालतनामा लगने के बाद निर्णीत होने वाले कई प्रकार के मामले तहसील कर्मी ठेके पर निपटाकर अधिवक्ताओं का नुकसान कर रहे हैं।

आवारा गोवंश की तस्करी करने वाले आठ गिरफ्तार, गिरोह में दो महिलाएं भी शामिल

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

कन्नौज जिले में तालग्राम थाना क्षेत्र के बिसमा गांव के पास से पुलिस ने डेरा जमाए घुमंतू जाति के आठ गोवंश तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके डेरे से 34 गोवंश बरामद किए हैं। इन्हें गोशाला भेजा गया है। वहीं, दो मृत मिले गोवंशों को दफना दिया गया। थाना प्रभारी पारुल चौधरी ने बताया कि राजस्थान के झुंझनू के थाना चिड़वा निवासी हीरा सिंह, उसकी पत्नी रेखा, दीवान के बूंदी थाना डाबी गांव सुतड़ा निवासी मोहर सिंह, राजस्थान के भीलवाड़ा थाना परौली गांव भगवानपुरा निवासी बिरमा, मैनपुरी शिकंदरपुर लक्खी, थाना तालग्राम नीरज कोल्ड स्टोरेज के सामने रहने वाजे यूनिस और सुलेमान को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार तस्करों के बिसमा गांव के पास के डेरे से गोवंश बरामद किए गए हैं। पकड़े गए तस्करों में हीरा सिंह, मोहर सिंह, यूनिस, सुलेमान शातिर अपराधी हैं। आरोपियों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि कई बार किसान खेतों में घुसे आवारा गोवंशों को खुद ही पकड़कर उनके हवाले कर देते हैं और इसके बदले में उन्हें कुछ देना भी नहीं पड़ता। इसके अलावा वे लोग खुद भी क्षेत्र में घूमकर आवारा गोवंशों को पकड़कर अपने डेरे में एकत्र करते हैं। जब बड़ी संख्या में आवारा गोवंश उनके पास हो जाते हैं तो व्यापारियों को बुलवाकर इन्हें उनके सुपुर्द कर दिया जाता है। तस्करों ने बताया कि गोवंश लेने आने वाला व्यापारी मवेशियों को ले जाने के लिए कंटेनर या डीसीएम की खुद ही व्यवस्था करता है। एक कंटेनर या डीसीएम भरकर मवेशियों को ले जाने पर गिरोह के प्रत्येक सदस्य को पांच-पांच हजार रुपये मिलते हैं।

वार्डबॉय के निलंबन से नाराज अस्पतालकर्मियों ने की हड़ताल

जन एक्सप्रेस । मैनपुरी। ड्यूटी के दौरान सोते हुए वार्डबॉय का वीडियो वायरल होने पर सीएमएस डॉ. मदनलाल ने उसे निलंबित कर दिया था। इससे नाराज अस्पताल के वार्डबॉय, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और संविदाकर्मियों ने हड़ताल कर दी। जिला अस्पताल के गेट पर धरना देते हुए प्रदर्शन किया। दोपहर बाद सीएमएस द्वारा मामले की जांच की बात कही गई। जांच रिपोर्ट आने के बाद वार्डबॉय को बहाल करने के आश्वासन पर हड़ताल खत्म हो गई।

दो ट्रेलरों में टक्कर के बाद पांच घंटे जाम

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

उन्नाव/असोहा। उन्नाव-मोहनलालगंज मार्ग पर जबरेला सई नदी पुल के पास दो ट्रेलरों की टक्कर के बाद आठ किलोमीटर लंबा जाम लग गया। राहगीर पांच घंटे तक परेशान रहे।

मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे मौरावां से लखनऊ जा रहे ट्रेलर में खराबी आ गई। चालक ने ट्रेलर को जबरेला स्थित सई नदी पुल के पास खड़ा कर दिया। इसी दौरान एक दूसरा ट्रेलर लखनऊ जाते समय खराब खड़े ट्रेलर से भिड़ गया। दोनोंट ट्रेलरों के सड़क पर फंस खड़े हो जाने से यातायात बाधित हो गया। कुछ ही देर में आठ किलोमीटर लंबी वाहनों की कतारें लग गईं।

जाम लंबा देख मोहनलालगंज व असोहा थानों की पुलिस पहुंची और हाइड्रा की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया। इसके बाद यातायात रेंगना शुरू हुआ। सुबह करीब 10:30 बजे यातायात सामान्य हो सका और लोगों ने राहत की सांस ली। एसओ रामऔतार ने बताया कि दो ट्रेलरों में टक्कर के बाद जाम लग गया था। ट्रेलरों को हटवाकर जाम खुलवा दिया गया।

24 घंटे व्यस्त रहता मार्ग, कई बार लगता जाम

लखनऊ-कानपुर हाईवे से भारी वाहनों के लखनऊ जाने पर रोक है। भारी वाहनों को सात महीने से उन्नाव-पुरवा-मोहनलालगंज मार्ग से ही लखनऊ भेजा जा रहा है। इससे इस मार्ग पर यातायात 24 घंटे व्यस्त रहता है। अत्यधिक वाहन बढ़ने और वाहनों के आपस में टकराने से अक्सर जाम लगता है। इसके बाद भी यातायात संचालन के लिए पर्याप्त पुलिस बल नहीं लगाया गया है।

अनशन पर बैठे बुजुर्ग की मौत, भ्रष्टाचार के खिलाफ छेड़ी थी मुहिम; 13 वर्षों से कर रहे थे पैरवी

जन एक्सप्रेस । मथुरा। नौहझील क्षेत्र में अनशन पर बैठे बुजुर्ग की मौत हो गई। उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम छेड़ी थी। 13 वर्षों से पैरवी कर रहे थे। लेकिन किसी अधिकारी ने सुध नहीं ली। तीर्थनगरी मथुरा के नौहझील थाना क्षेत्र में चार माह से भ्रष्टाचार के खिलाफ अनशन पर बैठे बुजुर्ग की मौत हो गई। मंगलवार देर शाम उनकी तबियत खराब हुई थी। परिजन उन्हें सीएचसी ले गए। जहां हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया। देवकीनंदन शर्मा (66) अपने आवास में बने मंदिर नगरकोट धाम पर 12 फरवरी 2024 से भ्रष्टाचार के खिलाफ आमरण अनशन पर बैठे थे। उनकी प्रमुख मांगों में जिला पंचायत राज अधिकारियों द्वारा किए गए कार्यों में भ्रष्टाचार, गांव में शौचालय, सामुदायिक शौचालय, मिनी सचिवालय, मनरेगा आदि कार्यों में भ्रष्टाचार की जांच करना था। वह पिछले 13 वर्षों से लगातार शिकायतें भेज रहे थे। दर्जनों बार धरना, अनशन, पद यात्रा की, मगर अधिकारियों ने कोई सुनवाई नहीं की। इसके उल्टा अधिकारियों ने शिकायतों पर गलत आख्या लगाकर रफा दफा कर दिया। समस्याओं को लेकर वह आमरण अनशन पर बैठे थे। सोमवार शाम एसडीएम मांट आदेश कुमार धरना स्थल पहुंचे। अनशन खत्म कर शरीर का चेकअप कराने को कहा। देवकीनंदन ने लिखित में समस्याओं का समाधान मांगा। इस पर बात नहीं बनी। मंगलवार देर शाम उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन सीएचसी नौहझील ले गए। जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

चंद्रबाबू नायडू चौथी बार आंध्र प्रदेश के सीएम बने

पवन कल्याण डिप्टी सीएम, टीडीपी से 20, जनसेना से 3 और भाजपा से 1 मंत्री ने शपथ ली

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अमरावती

आंध्र प्रदेश में भी एनडीए की सरकार बन गई है। तेलगु देशम पार्टी सुप्रीमो चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को राज्य के 24वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। वे राज्य की चौथी बार कमान संभालेंगे। इसके साथ ही उन्होंने आंध्र में सबसे ज्यादा बार मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। नायडू के अलावा जनसेना प्रमुख और एक्टर पवन कल्याण ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली। उन्होंने शपथ लेने के बाद नायडू के पैर छुए। तीसरे नंबर पर नायडू के बेटे नारा लोकेश ने शपथ ली। नई सरकार में सीएम और डिप्टी सीएम समेत 25 सदस्य होंगे। इसमें टीडीपी के 20, जनसेना के 3 और भाजपा के एक मंत्री शामिल हैं। एक पद खाली रखा गया है। राज्यपाल अब्दुल नजीर ने विजयवाड़ा में केसरपल्ली आईटी पार्क में सीएम और मंत्रियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह समेत एनडीए के मंत्री और अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हुए। शपथ के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने नायडू को गले लगाकर बधाई दी।

विधानसभा में एनडीए ने 175 में से 164 सीटें जीतीं

आंध्र प्रदेश में 4 जून को लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव के रिजल्ट आए थे। राज्य में टीडीपी, भाजपा और जन सेना पार्टी मिलकर चुनाव लड़ी थी। गठबंधन में सीट शेयरिंग के तहत विधानसभा की 175 सीटों में से टीडीपी ने 144, जन सेना पार्टी ने 21 और भाजपा ने 10 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे। इसमें नायडू की टीडीपी को 135, पवन कल्याण की जनसेना को 21 और भाजपा को 8 सीटें, यानी कुल 164 सीटें मिलीं। जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआरसीपी को केवल 11 सीटों मिलीं। कांग्रेस राज्य में अपना खाता भी नहीं खोल सकी। राज्य की 25 लोकसभा सीटों में से एनडीए ने 21 सीटों पर जीत दर्ज की है। इनमें टीडीपी ने 16, भाजपा ने 3 और जनसेना पार्टी ने 2 सीटें जीती हैं। वाईएसआरसीपी को 4 सीटें मिली हैं।

शपथ लेने वालों की पूरी सूची

- कोलू रविंद्र
- नाडेंडला मनोहर
- पी नारायण
- वंगलापुडी अनिता
- सत्यकुमार यादव
- निर्मला रामनायडू
- एनएमडी फारूक
- अनाम रामनारायण
- पय्यवुला केशव
- अनज्ञानी सत्यप्रसाद
- कोलुसु पार्थसारधि
- बलवीरंजनेयस्वामी
- गोत्तीपति रवि
- कांडला दुर्गेश
- गुम्मदी संध्यारानी
- जनार्दन रेड्डी
- टीजी भरत
- एस सविथा
- वासमशेट्टी सुभाष
- कोंडापल्ली श्रीनिवास
- मंदीपल्ली राम प्रसाद रेड्डी
- नारा लोकेश
- के. अत्चन्नायडू
- पवन कल्याण

इन लोगों ने मंत्री पद की ली शपथ

- नारा लोकेश
- पवन कल्याण
- केए नायडू

नई कैबिनेट में किस पार्टी के कितने विधायक

जन सेना पार्टी के अध्यक्ष पवन कल्याण एनडीए के नेतृत्व वाली सरकार में एकमात्र उपमुख्यमंत्री होंगे। बुधवार की सुबह जारी की गई 24 मंत्रियों की सूची में जन सेना पार्टी के तीन और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक मंत्री शामिल हैं। बाकी सभी तेलुगु देशम पार्टी के हैं। चंद्रबाबू नायडू ने मंत्रियों की सूची राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर को भेज दी थी। नजीर विजयवाड़ा के गन्नावरम हवाई अड्डे के पास केसरपल्ली आईटी पार्क में आयोजित एक सार्वजनिक समारोह में नायडू और उनके मंत्रिपरिषद ने शपथ ली। मंत्रिपरिषद में चंद्रबाबू नायडू के बेटे और टीडीपी महासचिव नारा लोकेश, टीडीपी की आंध्र प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के. अत्चन्नायडू और जन सेना पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति के अध्यक्ष नाडेंडला मनोहर शामिल हैं।

कैबिनेट में नायडू के बेटे को भी जगह

नायडू के कैबिनेट में उनके बेटे और टीडीपी महासचिव नारा लोकेश, प्रदेश अध्यक्ष के. अत्चन्नायडू और जनसेना पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति के अध्यक्ष नादेंडला मनोहर शामिल हैं। टीडीपी के मंत्रियों में 17 नए चेहरे हैं। बाकी 3 पहले भी मंत्री रह चुके हैं। जनसेना पार्टी के तीन मंत्री पवन कल्याण, नादेंडला मनोहर और कंडुला दुर्गेश हैं। सत्य कुमार यादव एकमात्र भाजपा विधायक हैं जो मंत्री पद की शपथ लेंगे। मंत्रिमंडल में तीन महिलाएं हैं। सीनियर नेता एन मोहम्मद फारूक एकमात्र मुस्लिम चेहरा हैं।

शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद रहे यह लोग

बुधवार सुबह राज्यपाल ने 74 वर्षीय चंद्रबाबू नायडू को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा समेत कई दिग्गज मौजूद रहे।

समारोह में शामिल हुए ये दिग्गज

समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की भी उपस्थिति की उम्मीद है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के भी मौजूद रहने की संभावना है।

देर रात तैयार हुई थी कैबिनेट की रूपरेखा

मंगलवार देर रात अमरावती में अमित शाह और जे.पी. नड्डा के साथ बैठक के बाद चंद्रबाबू नायडू ने अपने मंत्रिपरिषद को अंतिम रूप दिया। सत्य कुमार यादव एकमात्र भाजपा विधायक हैं, जिन्हें मंत्री के रूप में शपथ दिलाई जाएगी। जन सेना पार्टी के तीन मंत्री पवन कल्याण, नाडेंडला मनोहर और कंदुला दुर्गेश हैं।

कैबिनेट में हर वर्ग को मिली भागीदारी

आंध्र प्रदेश सरकार की नई कैबिनेट में तीन महिलाएं शामिल हैं। वरिष्ठ नेता एन. मोहम्मद फारूक एकमात्र मुस्लिम चेहरा हैं। मंत्रियों की सूची में पिछड़ा वर्ग से आठ, अनुसूचित जाति से तीन और अनुसूचित जनजाति से एक व्यक्ति शामिल है। नायडू ने कम्मा और कापू समुदायों से चार-चार मंत्रियों को शामिल किया है। रेड्डी से तीन और वैश्य समुदाय से एक को भी कैबिनेट में जगह मिली है। नायडू सामाजिक और राजनीतिक रूप से शक्तिशाली कम्मा समुदाय से आते हैं, जबकि पवन कल्याण कापू समुदाय से आते हैं।

टीडीपी को मिला जबरदस्त समर्थन

आंध्र प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में राज्य की 175 में से 135 सीटें जीतकर चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली तेलुगु देशम पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनी। चुनाव में पवन कल्याण की जनसेना पार्टी ने 21 सीटें जीती हैं और भाजपा को भी आठ सीटों पर जीत हासिल हुई है। वहीं जगनमोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआरसीपी महज 11 सीटों पर सिमट गई है। आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में टीडीपी, जनसेना और भाजपा गठबंधन बनाकर चुनाव मैदान में उतरीं थीं।

चंद्रबाबू नायडू के बारे में

नारा चंद्रबाबू नायडू का जन्म 20 अप्रैल 1950 को वर्तमान आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले के नरवरिपल्ले में एक किसान परिवार में हुआ था। नायडू ने पांचवीं कक्षा तक शेषपुरम के प्राथमिक विद्यालय और 10वीं कक्षा तक चंद्रगिरी सरकारी हाई स्कूल में शिक्षा हासिल की। उन्होंने 1972 में श्री वेंकटेश्वर आर्ट्स कॉलेज, तिरुपति से बीए की डिग्री पूरी की। नायडू ने श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री प्राप्त की। 1974 में पीएचडी पर काम करना शुरू किया, लेकिन अपनी पीएचडी पूरी नहीं की।

राजनीतिक करियर

चंद्रबाबू नायडू का सियासी सफर देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के साथ शुरू हुआ था। उन्होंने 1978 में 28 साल की उम्र में अपना पहला चुनाव लड़ा। वह चंद्रगिरी विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक चुने गए। दिलचस्प है कि उन्हें कांग्रेस का टिकट पार्टी में युवाओं के लिए 20त्न कोटे वाले नियम के तहत मिला था। इसके बाद उन्हें टी. अंजैया की सरकार में सिनेमेटोग्राफी मंत्री बनाया गया। वह उस समय आंध्र प्रदेश में 28 साल की उम्र में सबसे कम उम्र के विधायक और 30 साल की उम्र में सबसे कम उम्र के मंत्री बने।

आंध्र को विशेष श्रेणी का दर्जा न मिलने पर एनडीए से नाता तोड़ा

मार्च 2018 में आंध्र प्रदेश को विशेष श्रेणी का दर्जा (एसपीएस) दिए जाने के मुद्दे पर टीडीपी ने पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार से अपने दो मंत्रियों को वापस बुला लिया था। एससीएस का वादा पिछली कांग्रेस सरकार ने एपी पुनर्गठन विधेयक पारित करने के दौरान संसद में किया था। इसके बाद नायडू ने एसपीएस न दिए जाने के कारण आंध्र प्रदेश के साथ कथित अन्याय के कारण टीडीपी के एनडीए से अलग होने की घोषणा की।

आंध्र को विशेष श्रेणी का दर्जा न मिलने पर एनडीए से नाता तोड़ा

मार्च 2018 में आंध्र प्रदेश को विशेष श्रेणी का दर्जा (एसपीएस) दिए जाने के मुद्दे पर टीडीपी ने पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार से अपने दो मंत्रियों को वापस बुला लिया था। एससीएस का वादा पिछली कांग्रेस सरकार ने एपी पुनर्गठन विधेयक पारित करने के दौरान संसद में किया था। इसके बाद नायडू ने एसपीएस न दिए जाने के कारण आंध्र प्रदेश के साथ कथित अन्याय के कारण टीडीपी के एनडीए से अलग होने की घोषणा की।

दिल्ली में जल संकट को लेकर सुप्रीम सुनवाई, टैंकर माफिया को लेकर केजरीवाल सरकार को फटकार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में मौजूदा जल संकट को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली सरकार को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने पूछा कि शहर में टैंकर माफिया के खिलाफ उसने क्या कदम उठाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लोग परेशान हैं। हम हर समाचार चैनल पर इसकी तस्वीरें देख रहे हैं। अगर गर्मियों में पानी की कमी एक बार-बार होने वाली समस्या है, तो पानी की बर्बादी को रोकने के लिए आपने क्या कदम उठाए हैं। शीर्ष कोर्ट ने टिप्पणी की कि अगर आप टैंकर माफिया के खिलाफ कोई

कार्रवाई नहीं कर रहे हैं तो हम दिल्ली पुलिस से उनके खिलाफ कार्रवाई करने को कहेंगे। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने दिल्ली सरकार से कहा कि इस न्यायालय के सामने झूठे बयान क्यों दिए गए? हिमाचल प्रदेश से पानी आ रहा है तो दिल्ली में पानी कहां जा रहा है? यहां इतनी बर्बादी हो रही है, टैंकर माफिया आदि हैं.. इस संबंध में आपने क्या कदम उठाए हैं। दिल्ली सरकार के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वे अपने समस्या के निपटने के उपायों के बारे में हलफनामा दाखिल करेंगे, क्योंकि सरकार की ओर से बड़े पैमाने पर पानी की बर्बादी करने वालों के कनेक्शन काटने और इसे रोकने सहित कई कदम उठाए हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से उठाए गए कदमों पर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया और कहा कि सुनवाई से पहले आज या कल हलफनामा दाखिल किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई कल के लिए टाल दी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट दिल्ली सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें हरियाणा को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह हिमाचल प्रदेश द्वारा राष्ट्रीय राजधानी को दिए गए अतिरिक्त पानी को छोड़ दे, ताकि जल संकट को दूर किया जा सके।

कठुआ में मुठभेड़, दूसरा आतंकी भी मार गिराया सीआरपीएफ जवान का बलिदान, हथियार बरामद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

जम्मू संभाग के जिला कठुआ की तहसील हीरानगर के गांव सैडा सोहल में बुधवार दूसरे दिन फिर आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने दूसरे आतंकी को भी ढेर कर दिया है। पुलिस, एसओजी, सीआरपीएफ, सेना के जवानों ने इलाके की घेराबंदी की हुई है। तलाशी अभियान चल रहा है। एडीजीपी जम्मू आनंद जैन ने यह जानकारी दी है। बताया जा रहा है कि ड्रोन से भी घटनास्थल पर नजर रखी जा रही थी। इसी दौरान आतंकी की मौजदूगी का पता चला। इसके बाद शुरू हुई गोलीबारी में आतंकवादी को मार गिराया गया। सुरक्षाकर्मी धीरे-धीरे घेरा और छोटा करते गए। खुद को घिरता हुए देख आतंकी ने सुबह दस बजे के करीब फिर गोलीबारी की। इसके जवाब में मुठभेड़ शुरू हुई। इस मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए हैं। इससे पहले मंगलवार रात कठुआ की तहसील हीरानगर की गांव सोहले सैडा में आतंकियों ने एक घर में दबिश दी। आतंकियों की फायरिंग में एक व्यक्ति घायल हो गया।

आतंकियों ने एसएसपी-डीआईजी की गाड़ी पर बरसाईं गोलियां

रात में मौके पर पहुंचे डीआईजी और एसएसपी की गाड़ी पर भी आतंकियों ने गोलियां बरसाईं। हालांकि इस हमले में दोनों अधिकारी किसी तरह जान बचाने में सफल रहे।

ऑपरेशन में लाई गई तेजी

सुबह होते ही एक बार फिर यहां ऑपरेशन में तेजी लाई गई। आतंकियों की तलाश के लिए ड्रोन की भी मदद ली गई। एडीजीपी जम्मू मौके पर पहुंचे। वह ऑपरेशन पर करीब से निगरानी बनाए हुए हैं।

भारी मात्रा में हथियार और एक लाख की नकदी बरामद

सुरक्षा बलों ने चल रही मुठभेड़ स्थल के आसपास हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। अधिकारी के अनुसार, बरामद हथियारों और गोला-बारूद में 30 राउंड वाली तीन मैगजीन, 24 राउंड वाली एक अन्य मैगजीन, अलग-अलग पॉलीथीन में 75 राउंड, तीन ग्रेनेड, एक लाख रुपये की करेंसी (500 रुपये के 200 नोट), खाने-पीने का सामान (पाकिस्तान में बनी चॉकलेट, सूखे चने और बासी रोटियां), पाकिस्तान में बनी दवाइयां और इंजेक्शन (दर्द निवारक), एक सिरिंज, ए4 बैटरी के 2 पैक और टेप में लिपटा एक हैंडसेट जिसमें एंटीना और हैंडसेट से लटके दो तार शामिल हैं।

सीआरपीएफ जवान हुआ बलिदान

अन्य आतंकियों की तलाश में ऑपरेशन शुरू हुआ। मौके पर पुलिस, सेना, एसओजी, सीआरपीएफ की टीमें पहुंच गई। इलाके की घेराबंदी कर ली गई। अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। अलसुबह करीब तीन बजे यहां आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक सीआरपीएफ का जवान घायल हो गया, जिसे तुरंत इलाज के लिए हीरानगर उपजिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन जवान कबीर दास को बचाया नहीं जा सका।

वायनाड छोड़ूं या रायबरेली, धर्मसंकट है

राहुल बोले, मोदी की तरह भगवान से गाइडेंस नहीं मिली, मेरे लिए जनता ही भगवान है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वायनाड

कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार 12 जून को केरल के दौरे पर हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद राहुल का यह पहला केरल दौरा है। मलप्पुरम में जनसभा के दौरान राहुल ने कहा- वायनाड सीट छोड़ूं या रायबरेली, यह मेरे लिए धर्मसकंट है। मोदी की तरह मुझे भगवान से गाइडेंस नहीं मिल रही है। मैं साधारण मनुष्य हूं। वायनाड या रायबरेली का फैसला मुझे खुद ही करना होगा। मेरे लिए देश की गरीब जनता ही मेरी भगवान है। मैं जनता से बात करूंगा और फैसला लूंगा। राहुल ने कहा कि केरल और उत्तर प्रदेश के लोगों ने पीएम मोदी को बताया है कि संविधान हमारी आवाज है और वे इसको छू नहीं सकते हैं। देश की जनता ने पीएम को बताया कि वे तानाशाही नहीं कर सकते हैं। चुनाव से पहले भाजपा के नेता कहते थे कि वो संविधान को फाड़ देंगे। अब चुनाव के बाद मोदी संविधान को सिर से लगाते हैं। मोदी वाराणसी में मुश्किल से जीत पाए हैं। भाजपा अयोध्या में भी हार गई है। नफरत को मुहब्बत ने हरा दिया है।

मोदी के बायोलॉजिकल वाले बयान पर

मोदी ने कहा था कि वो बायोलॉजिकल नहीं हैं। उन्हें परमात्मा ने भेजा है। मोदी जी के परमात्मा अडाणी-अंबानी के लिए फैसला लेते हैं। मोदी के परमात्मा कहते है कि मोदी जी बॉम्बे एयरपोर्ट अडानी को दे दीजिए, तो वो दे देते हैं। फिर कहते हैं कि लखनऊ एयरपोर्ट दे दीजिए तो मोदी दे देते हैं। फिर पावर प्लांट अडाणी-अंबानी के नाम कर दिए जाते हैं। इसके बाद पीएम मोदी अडाणी कि मदद के लिए अग्निवीर योजना बनाई।

मोदी-शाह संविधान बदलना चाहते हैं

देश के हर राज्य में अलग-अलग भाषाएं हैं। हर राज्य के ट्रेडिशन सिर्फ संविधान की वजह से सुरक्षित है। अगर संविधान चले जाए तो कल कोई केरल आएगा और बोलेगा कि आप मलयालम बोले। यह चुनाव संविधान के लिए था। एक तरफ लाखों लोग कह रहे थे कि हम अपना ट्रेडिशन वापस चाहते हैं। हम अपने कल्चर में विश्वास रखते हैं। हम खुद अपना भविष्य का फैसला कर लेंगे। वहीं, दूसरी ओर पीएम मोदी और अमित शाह थे, जो चाहते थे कि केरल के लोग हिंदी बोले।

मोदी-शाह तानाशही नहीं कर सकेंगे

मोदी-शाह को लगा कि सिर्फ ईडी- सीबाई उनके पास है तो वे तानाशाही कर सकेंगे। उत्तर प्रदेश और केरल के लोगों ने उन्हें बताया कि वो लोग तानाशाही नहीं कर सकते हैं। इस चुनाव में नफरत और हिंसा को मुहब्बत ने हरा दिया है। अहंकार को मानवता ने हरा दिया है।

हम विपक्ष की भूमिका निभाते रहेंगे

दिल्ली में जो सरकार बनी है वह अपंग सरकार है। विपक्ष ने भाजपा को गहरी चोट पहुंचाई है। मोदी जी का एटीट्यूड भी बदल गया है। विपक्ष का कर्तव्य हम निभाते रहेंगे। हम गरीबों की बात संसद में उठाते रहेंगे। मोदी ने कहा था कि 400 पार होगा। फिर बोला की 300 पार होगा। लेकिन 300 पार भी नहीं हो पाए।

इलाज के लिए अभिषेक बनर्जी ले रहे हैं राजनीति से छोटा ब्रेक, सोशल मीडिया पर की घोषणा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी चिकित्सा उपचार के लिए राजनीति से छोटा ब्रेक ले रहे हैं। अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को खुद सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट करके इसकी जानकारी दी। इसके साथ ही अभिषेक ने लिखा, केंद्र-राज्य संघर्ष में बंगाल के लोग आवास अधिकार से वंचित हैं। तृणमूल ने वादा किया है कि दिसंबर तक इसे पूरा किया जाएगा। अभिषेक ने पोस्ट में बताया कि इसे सुनिश्चित करने का अनुरोध उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से किया है। अभिषेक ने लिखा, मैं इलाज के लिए संगठन से एक छोटा सा ब्रेक लूंगा। इस दौरान मुझे आम लोगों की जरूरतों को बेहतर ढंग से समझने का अवसर मिलेगा। मुझे विश्वास है कि राज्य सरकार लोगों की समस्याओं का शीघ्र और अच्छे से समाधान करेगी और यह भी सुनिश्चित करेगी कि लोगों को न्याय मिले।÷ अभिषेक ने एक्स हैंडल पर यह भी लिखा कि वे इस छोटे से ब्रेक में क्या-क्या करेंगे। अभिषेक ने लिखा कि वह इस छुट्टी का इस्तेमाल लोगों के की जरूरतों को बेहतर ढंग से समझने के लिए लगाएंगे। अभिषेक ने यह भी उम्मीद जताई कि राज्य सरकार बंगाल के आम लोगों के लिए अपना काम जारी रखेगी और लोगों की जरूरतों को पूरा करेगी।

18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 और राज्यसभा की कार्यवाही 27 जून से

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा। इसके अलावा 264वीं राज्यसभा का सत्र 27 जून से प्रारंभ होगा। इस दौरान नव निर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण, लोकसभा के अध्यक्ष का चुनाव, राष्ट्रपति का अभिभाषण और उस पर चर्चा की जाएगी। दोनों सदनों के सत्र तीन जुलाई तक चलेंगे। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इसकी जानकारी दी।

राष्ट्रपति 27 जून को संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी

संसदीय कार्य मंत्री ने बुधवार को बताया कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून को शुरू होगा, जिसमें नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे। सत्र के पहले तीन दिन नवनिर्वाचित नेताओं को शपथ दिलाई जाएगी। इसके साथ ही सदन के अध्यक्ष का चुनाव भी कराया जाएगा। सत्र का समापन 3 जुलाई को होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी और अगले पांच वर्षों के लिए नई सरकार के रोडमैप की रूपरेखा पेश करेंगी।

रिजिजू ने एक्स क्या कहा?

रिजिजू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24.6.24 से 3.7.24 तक नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ/प्रतिज्ञान, अध्यक्ष के चुनाव, राष्ट्रपति के अभिभाषण और उस पर चर्चा के लिए बुलाया जा रहा है। राज्यसभा का 264वां सत्र भी 27 जून को शुरू होगा और 3 जुलाई को समाप्त होगा। 27 जून को राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद प्रधानमंत्री मोदी की ओर से संसद में अपने मंत्रिपरिषद का परिचय कराए जाने की उम्मीद है।

विपक्ष रह सकता है आक्रामक, पीएम मोदी देंगे जवाब

लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन के शानदार प्रदर्शन के बाद उम्मीद है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस में इंडी गठबंधन आक्रामक रह सकता है। वे एनडीए सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने की कोशिश कर सकते हैं। प्रधानमंत्री संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब भी देंगे।

नीतीश सरकार का बड़ा फैसला, सभी जिलों में प्रभारी मंत्री नियुक्त, सम्राट को पटना की जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने बिहार में प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति कर दी है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पटना और विजय कुमार सिन्हा को मुजफ्फरपुर, भोजपुर का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। वहीं सीएम नीतीश कुमार के करीबी मंत्री विजय कुमार चौधरी को पूर्णिया, नालंदा और मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव को वैशाली का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के बेटे संतोष कुमार सुमन को औरंगाबाद और मंत्री सुमित कुमार संह सारण का मंत्री बनाया गया है। वहीं बिहार सरकार के मंत्री प्रेम कुमार को नवादा, श्रवण कुमार को समस्तीपुर और मधेपुरा, पूर्व उपमुख्यंत्री रेणु देवी को सीवान, मंत्री मंगल पांडेय को दरभंगा और बेगूसराय, नीरज कुमार सिंह को कटिहार, मंत्री अशोक चौधरी को सीतामढ़ी और जहानाबाद, लेशी सिंह को मधबुनी, मदन सहनी को सुपौल, मंत्री नीतीश मिश्रा को अररिया और गया का प्रभारी मंत्री बनाया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)